सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 03 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 56, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 374 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। वैश्विक बाजारों में नरमी से सेंसेक्स 374 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 141 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## फरक्का संधि पर उपयुक्त निर्णय लेंगे : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि फरक्का (गंगा) जल संधि के संदर्भ में केंद्र सरकार बिहार की पेयजल और औद्योगिक जल जरूरतों सहित अन्य चिंताओं से अवगत है और उन्हें ध्यान में रखते हुए वह उपयुक्त निर्णय लेगी। } 12

# पाकिस्तान ने भारत के आगे घुटने टेके

## भारत ने सिंधु जल समझौते पर अपनाया सख्त रुख

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने सोमवार को सिंधु जल संधि पर हेग स्थित इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल के फैसले को मानने से इनकार किया था। साथ ही ट्रिब्यूनल की वैधता को भी सिरे से नकार दिया था। भारत के इस कड़े रुख के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को भारत से 1960 के जल-बंटवारे समझौते के दायरे में 'रचनात्मक' ढंग से बातचीत करने की अपील की है।



पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फिर से पुष्टि की है कि संधि पूरी तरह से लागू है और बाध्यकारी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करेगा कि फैसला लागू हो। अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान संधि की भाषा और प्रावधानों के अनुसार, उसे पूरी तरह और सही भावना के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान भारत से भी इसी तरह का रवैया अपनाने की अपील करता रहेगा, ताकि संधि का पालन उसकी भाषा, भावना और कानूनी प्रावधानों के अनुसार पूरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा

## गोविंद देव गिरि महासचिव और महेश भागचंदका बने कोषाध्यक्ष, निर्मला यादव बनीं नयी ट्रस्टी

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी वायुसेना कमान का नेतृत्व संभालने वाले एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्रा को बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी।

पदाधिकारी ने बताया कि गोविंद देव गिरि को ट्रस्ट का महासचिव और नवनियुक्त ट्रस्टी महेश भागचंदका को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले को लेकर उठे विवाद के बाद हुई ट्रस्ट की तीसरी बैठक में इन नामों पर मुहर लगायी गयी। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि सीईओ पद के लिये 5,585 आवेदनों में से चयनित किए गए तीन उम्मीदवारों



सीईओ जितेंद्र मिश्रा,



महासचिव गोविंद देव गिरि



नयी ट्रस्टी निर्मला यादव

में से मिश्रा को इस पद के लिये चुना गया। छह जुलाई को ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव बनाये गये मोहन ने बताया कि अब नियमित महासचिव के पद पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रहे गोविंद देव गिरि को नियुक्त करने का फैसला किया गया है।

उन्होंने कहा कि अब कोषाध्यक्ष का दायित्व नवनियुक्त न्यासी महेश भागचंदका संभालेंगे। नवनियुक्त महासचिव गिरि ने बताया कि सीईओ के कामकाज के लिये मानक संचालन प्रक्रियाएं आने वाले दिनों में तैयार की जाएंगी, जिनमें उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का विवरण होगा। मोहन ने बताया कि बैठक में अयोध्या के मदन मोहन पांडेय, दिल्ली के महेश भागचंदका और शिकोहाबाद की डॉक्टर निर्मला यादव को ट्रस्ट में नए ट्रस्टी के तौर पर शामिल करने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में आंतरिक अंकेक्षण के लेखे पेश किये गये, जिनके अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में 237 करोड़ की आय हुई और खर्च 91 करोड़ रुपये हुए, निर्माण कार्यों पर 425 करोड़ का पूंजीगत व्यय हुआ है तथा 31 मार्च 2026 को ट्रस्ट के पास कुल उपलब्ध धनराशि 1882 करोड़ रुपये थी।

मोहन ने बताया कि न्यासी मंडल ने इन लेखों को अनुमोदित किया है। सूत्रों के मुताबिक सीईओ की नियुक्ति का फैसला एक सर्च कमेटी की सिफारिशों पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया, जिसने इस पद के लिए तीन उम्मीदवारों के नाम तय किये थे। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी तथा पूर्व वैज्ञानिक सुरेश हवारे शामिल थे और इस समिति ने मंगलवार को ट्रस्ट के तत्कालीन कोषाध्यक्ष गोविंद देव ...शेष पृष्ठ 10 पर

# स्वाइन फ्लू को लेकर सरकार अलर्ट, अस्पतालों में जांच फ्री

## मुख्यमंत्री योगी ने दवा, जांच और आइसोलेशन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) की जांच सभी जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, मेडिकल कॉलेजों सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अधिक मामलों वाले जिलों में निगरानी और उपचार व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा अस्पतालों में दवा, जांच और आइसोलेशन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे। गंभीर मरीजों के लिए अलग आईसीयू वार्ड तैयार किए जाएं। मुख्यमंत्री ने एच1एन1 की रोकथाम और उपचार के संबंध में विस्तृत गाइडलाइन जारी करने तथा टेलिकन्सल्टेशन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए। बुधवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की उपस्थिति में प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) एवं सीजनल इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों की समय से पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाए। जहां भी मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, वहां निगरानी बढ़ाने के साथ तत्काल आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं की जाएं। निजी चिकित्सा संस्थानों की ओर से जांच के लिए पूर्व में निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क न लिया जाए, यह भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1), इन्फ्लुएंजा-ए वायरस की एक प्रजाति है और यह सीजनल इन्फ्लुएंजा की श्रेणी में आता है। इसका संक्रमण मुख्य रूप से खांसी और छींक से निकलने वाली सूक्ष्म बूंदों के माध्यम से फैलता है। बुखार, नाक बहना, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, ठंड लगना और आंखों में लालिमा इसके प्रमुख लक्षण हैं। बताया गया कि 2 सितंबर तक प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) के 685 प्रयोगशाला-पुष्ट मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य लक्षण वाले मरीजों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार घर पर आराम और सेल्फ आइसोलेशन की सलाह दी जाए, जबकि गंभीर मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बच्चों, गर्भवती महिलाओं, 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एएनएम, आशा एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से सघन जांच अभियान चलाकर संभावित मरीजों की पहचान करने तथा जरूरत के अनुसार ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आउटसोर्स कर्मियों को योगी सरकार का बड़ा तोहफा



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को बुधवार को बड़ा उपहार दिया। इन कर्मियों से जुड़ी सभी समस्याओं को सुनने व सुलझाने के लिए सीएम ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ करने के साथ ही यूपीकॉस के पोर्टल व वेबसाइट की लॉन्चिंग और इसके लोगो का अनावरण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों को बढ़ाए गए पारिश्रमिक के चेक सौंपे तथा 40 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम बनने से 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मियों को ही नहीं, बल्कि उनके पारिवारिक सदस्यों समेत 17-20 लाख व्यक्तियों को इसका लाभ ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी में स्वाइन फ्लू के 557 मामलों में पुष्टि

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। यूपी में स्वाइन फ्लू ने बढ़ाई चिंता, 57 जिलों में 557 मरीजों में पुष्टि की जा चुकी है। लखनऊ से नोएडा तक स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। उन्नाव और नोएडा सहित कई जिलों में संक्रमितों मरीजों की संख्या बढ़ी है। उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह स्वाइन फ्लू की चपेट में आ गए हैं। जांच में उनकी रिपोर्ट एन1एच1 पॉजिटिव आई है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्री को पिछले चार-पांच दिन से बुखार था। इसके बाद उनकी जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। डाक्टरों के मुताबिक, जयवीर सिंह में बीमारी के लक्षण हल्के हैं। उनकी हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है। उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया है। मंत्री का इलाज घर पर ही चल रहा है। डाक्टर उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए हैं। राजधानी लखनऊ में छह नये मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि की गयी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह के अनुसार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### राहुल गांधी की नागरिकता संबंधी याचिका खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को चुनौती देने वाली रिट याचिका खारिज कर दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के आरोप को साबित करने के लिए कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर पाये। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश पारित किया, जिसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध करायी गयी। अशोक पांडेय और रजनीश कुमार सिंह द्वारा दायर की गयी याचिका में को वारंटो (अधिकार-पृच्छा) रिट की मांग की गई थी जिसमें रायबरेली के सांसद के तौर पर राहुल गांधी के पदस्थ रहने के अधिकार को इस दावे के आधार पर चुनौती दी गई थी कि वह भारतीय नहीं, बल्कि ब्रिटिश नागरिक हैं। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय को बताया गया कि याचिकाकर्ताओं ने 2015 और 2019 में भी इसी तरह के मुद्दे उठाए थे।

### दीवार गिरने से मासूम समेत तीन की मौत

बांदा। जिले में हो रही भीषण वर्षा के बीच मकान और दीवार गिरने का सिलसिला जारी है। बुधवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मकान और दीवार गिरने की घटनाओं में एक मासूम समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि मलबे में दबकर एक भैंस ने भी दम तोड़ दिया। हादसों में दो महिलाएं घायल हुई हैं। पुलिस ने बताया कि बबेरू थाना क्षेत्र के सिमौनी गांव में बुधवार तड़के करीब तीन बजे पड़ोसी की दीवार गिरने से रामरतन का मकान भी ढह गया। उस समय रामरतन की पत्नी प्यारी (67) कमरे में चारपाई पर सो रही थीं। मलबे में दबने से उसकी मौत हो गयी। इसी तरह मरका थाना क्षेत्र के कस्बा मरका के कन्हैया डेरा मजरे में बुधवार तड़के करीब तीन बजे कच्चा मकान गिर गया।

# लखनऊ : आईटी चौराहे के पास सड़क धंसी, दो घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ/कानपुर। पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा के लखनऊस्थित आवास के बाहर बुधवार को सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से दो लोग घायल हो गए।

ऐसी ही एक घटना मंगलवार को कानपुर में भी हुई थी, जहां भारी बारिश के बीच एक ढका हुआ नाला धंस गया था। यह घटना लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग पर हुई, जहां सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया और कई फुट गहरा गड्ढा बन गया। दोपहिया वाहन पर सवार दो राहगीर गड्ढे में गिर गए और घायल हो गए। घायलों के भाई अभय प्रजापति ने बताया, मेरे भाई कैसरबाग की ओर से आ रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल सड़क के धंसे हुए हिस्से में गिर गई। वे दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा किसी और दुर्घटना को रोकने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, सड़क धंसने की वजह भूमिगत पाइपलाइन या जल निकासी व्यवस्था में रिसाव हो सकता है। धंसी हुई सड़क की मरम्मत का काम जारी है। एक अधिकारी ने कहा कि कानपुर में, हर्ष नगर इलाके में मंगलवार को भारी बारिश के बीच एक ढके हुए नाले की दीवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ज्ञान के साथ कौशल व तकनीकी दक्षता भी जरूरी

## सीएम धामी ने 26 अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को दिया मान्यता प्रमाण पत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। देहरादून के आईआरडीटी सभागार में आयोजित 'नई पहचान, नया सम्मान-आधुनिक शिक्षा से उज्ज्वल भविष्य' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्रदेश के 26 अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को मान्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज शिक्षा का दायरा तेजी से बदल रहा है। तकनीक ने सीखने और काम करने के तरीकों में व्यापक परिवर्तन किया है। ऐसे में विद्यार्थियों को केवल निर्धारित पाठ्यक्रम तक सीमित रखने के बजाय उन्हें विज्ञान, तकनीकी ज्ञान, शोध, नवाचार व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं से परिचित कराना



जरूरी है। उन्होंने कहा कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान के साथ कौशल और तकनीकी दक्षता भी आवश्यक होगी।

उन्होंने शिक्षण संस्थानों से कहा कि पढ़ाई को कक्षा की चारदीवारी तक सीमित न रखा जाए। विद्यार्थियों को प्रयोग और गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर दिए जाएं, ताकि उनमें तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और समस्याओं का समाधान खोजने की आदत ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी में नजूल संपत्तियों का होगा सर्वे

## अवैध अतिक्रमण पर करेंगे कार्रवाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्तियों का नए सिरे से विस्तृत सर्वे कराया जाएगा। सरकार अब प्रदेशभर में नजूल संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का तथ्यात्मक ब्योरा जुटाएगी। इसमें जिलेवार यह जानकारी एकत्र की जाएगी कि कितनी नजूल संपत्तियां हैं, कितनी संपत्तियां फ्रीहोल्ड हो चुकी हैं, कितनी जमीन पर अवैध कब्जे हैं उन पर कार्रवाई की जायेगी और कितने मामले न्यायालयों में लंबित हैं। अगले महीने विधान परिषद की प्रवर समिति की बैठक में इसकी विस्तृत रिपोर्ट रखी जाएगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई विधान परिषद की प्रवर समिति की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नजूल संपत्तियों का विस्तृत और सही विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। बैठक में उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह विधेयक वर्ष 2024 में विधानसभा से पारित हो चुका है, लेकिन विधान परिषद में इसे प्रवर समिति के समक्ष भेजने का निर्णय लिया गया था। अब समिति इसके ...शेष पृष्ठ 10 पर

> ❍ विधान परिषद की प्रवर समिति की बैठक में रखी जायेगी विस्तृत रिपोर्ट



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- कस्तूरबा विद्यालयों के लिए 101.49 करोड़ (पृष्ठ-02)
- यूपी व जर्मन इंडियन बिजनेस अलायंस में एमओयू (पृष्ठ-02)
- जापान ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर ए की (पृष्ठ-10)
- रुपया दो पैसे की गिरावट से 94.97 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- देश के ऊर्जा स्रोतों में बिजली की हिस्सेदारी 50% होगी (पृष्ठ-10)


विशेष खबर | चित्रकूट बाढ़ में फंसे 150 समेत प्रदेश में 1,528 लोगों का रेस्क्यू

# प्रदेश में भारी बारिश के चलते 32 जिलों में बाढ़

विशेष संवाददाता

लखनऊ/वाराणसी। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच प्रशासन और पीएसी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। दूसरी ओर वाराणसी में आधुनिक तकनीक के जरिए बाढ़ के संभावित प्रभाव का पहले से आकलन कर राहत-बचाव की रणनीति तैयार की जा रही है।

चित्रकूट के पहाड़ी थाना क्षेत्र के चौरा गांव में मंगलवार को मंदाकिनी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से कई लोग बाढ़ के पानी में फंस गए। सूचना मिलते ही बाढ़ राहत दल मौके पर



पहुंचा और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी, प्रयागराज की बी कंपनी की बाढ़ राहत ड्यूटी में तैनात प्लाटून ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मोटरबोट के जरिए प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाला। उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, लेखपाल और जनप्रतिनिधियों की मदद से प्रभावित परिवारों तक भोजन और आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई गई। जरूरतमंद लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के साथ आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार तक प्रदेश के 32 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि 22 जिलों में फिलहाल बाढ़ का प्रभाव दर्ज किया गया है। राहत एवं बचाव अभियान के तहत अब तक 1,528 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रदेश में 742 बाढ़ चौकियां, 452 नाव एवं मोटरबोट और 225 मेडिकल टीमें सक्रिय हैं। 105 शरणालयों में 2,460 लोगों ने शरण ली है। बाढ़ प्रभावित परिवारों तक भोजन और जरूरी सामग्री पहुंचाने का अभियान भी जारी है। मंगलवार को 1,640 बाढ़ राहत खाद्यान्न पैकेट और 16,190 लंच पैकेट वितरित किए गए। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 18 हजार से अधिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अमेरिका ने ईरान पर फिर किया हमला, 19 की मौत

एजेंसी

वॉशिंगटन/तेहरान। अमेरिका ने 2 दिन बाद फिर ईरान पर हमला किया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात सिरिक, खुजस्तान, केश्म द्वीप और बंदर अब्बास में मिसाइल और ड्रोन स्ट्राइक की। ईरान के अनुसार इन मिसाइल हमलों में 19 लोगों की मौत हुई है, जबकि 68 लोग घायल हुए हैं।

ईरान का दावा है कि सिरिक में एक शादी समारोह के दौरान मिसाइल गिरने से 5 लोगों की जान गई, जिनमें 4 साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं खुजस्तान प्रांत में हुए हमले में 7 लोगों की मौत और 8 लोग घायल हुए। अमेरिका का कहना है कि उसने केवल ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमलों के जवाब में ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर स्ट्राइक करने का दावा किया है। इससे पहले 30 अगस्त को अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित लारक द्वीप पर दो ईरानी रॉकेट लॉन्चरों पर हवाई हमला किया था। दरअसल, ईरान ने दावा किया था कि अमेरिका ने सिरिक में एक शादी समारोह पर हमला किया, जिसमें 2 बच्चों समेत कम से कम 4 लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, कुहेस्तक में 4 लोगों की मौत हुई।

> ❍ ईरान ने जॉर्डन व बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक


# अब आउटसोर्स कर्मियों का नहीं होगा शोषण

## यूपी कॉस पोर्टल से एक जगह मिलेगी सरकारी लाभ सबंधी व अन्य जानकारियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के लगभग लगभग पांच लाख आउटसोर्स कार्मिकों को बड़ी सौगात दी है। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के बाद अब नियोक्ता द्वारा न आउटसोर्स कर्मियों का शोषण हो पाएगा और न ही उनके साथ अन्याय हो पाएगा। पहली बार सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित हुआ। इसके साथ ही इससे सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। पांच साल में रिवीजन होगा। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया में नियोक्ता का मनमानापन भी नहीं चल पाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी कॉस पोर्टल व वेबसाइट की लॉन्चिंग की। यूपी कॉस पोर्टल से आउटसोर्स निगमकर्मियों को बड़ी सुविधाएं भी मिलेंगी। इसके जरिए ऑनलाइन माध्यम से भर्ती व जॉइनिंग प्रक्रिया की जानकारी मिलेगी। समय पर मानदेय व सरकारी लाभ के साथ ही आउटसोर्स कर्मियों की पूरी जानकारी एक जगह मिलेगी। इससे उपस्थिति की सटीक जानकारी व छुट्टी का प्रबंधन भी सुनिश्चित होगा। यहां शिकायत और समाधान की भी सुविधा होगी। समय पर ईपीएफ अंशदान व ईएसआईसी का लाभ सुनिश्चित होगा। पोर्टल पर विभाग, एजेंसी और आउटसोर्सकर्मियों के लिए एक ही मंच होगा। भारतीय स्टेट बैंक के साथ आउटसोर्स कर्मियों को मिलने वाले लाभ व सामाजिक सुरक्षा के लिए एसबीआई के साथ एमओयू का हस्तांतरण भी किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में आउटसोर्स कर्मियों को चेक भी वितरित किये। इस दौरान लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।



- नियोक्ता नहीं कर पायेंगे शोषण व अन्याय
- योगी आदित्यनाथ ने आउटसोर्स कर्मियों को वितरित किए चेक

**आउटसोर्स कर्मियों को योगी सरकार का सुरक्षा कवच :** उत्तर प्रदेश में आउटसोर्सिंग के जरिए सरकारी विभागों में काम कर रहे कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ के साथ ही आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती, तैनाती, उपस्थिति, वेतन, सामाजिक सुरक्षा और शिकायत निस्तारण की व्यवस्था को संस्थागत और डिजिटल ढांचे में लाने की शुरूआत हो गई है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 3.50 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

नई व्यवस्था का उद्देश्य आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनकी नौकरी, समय पर पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा को भी अधिक व्यवस्थित बनाना है। इसके तहत कर्मचारी, आउटसोर्सिंग एजेंसी और संबंधित विभाग के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट की जाएंगी। कर्मचारियों को हर महीने एक से पांच तारीख के बीच सीधे उनके बैंक खाते में पारिश्रमिक भेजना कराने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कर्मचारियों के खाते खुलवाने तथा नियमित अंशदान जमा कराने की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। संबंधित एजेंसियों को इसका प्रमाण निगम को उपलब्ध कराना होगा। आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा को लेकर भी नई व्यवस्था में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। आउटसोर्सिंग एजेंसी अपने स्तर से किसी कर्मचारी को मनमाने ढंग से सेवा से नहीं हटा सकेगी। अनुशासनहीनता या दंडनीय अपराध जैसी परिस्थितियों में भी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग या संस्था और निगम की सहमति आवश्यक होगी। इससे कर्मचारियों को अचानक नौकरी चले जाने की चिंता से राहत मिलने की उम्मीद है। आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को भी डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा। सेवायोजन विभाग के पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। भर्ती में योग्यता, दक्षता और निर्धारित मानकों को आधार बनाया जाएगा। राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाओं, ईडब्ल्यूएस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। श्रेणी-3 और श्रेणी-4 के पदों पर साक्षात्कार नहीं होगा। विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को चयन में वरीयता देने का भी प्रावधान किया गया है।

नई व्यवस्था में कर्मचारी अपने सर्विस डिटेल, बैंक खाते, उपस्थिति, भुगतान और अन्य सेवा संबंधी जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। शिकायत दर्ज करने के साथ उसकी स्थिति को भी ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा। भर्ती से लेकर पोस्टिंग, उपस्थिति, पारिश्रमिक, ग्रेच्युटी, बीमा और अन्य सेवा सुविधाओं की डिजिटल निगरानी की जाएगी। इससे विभाग, निगम और एजेंसी के बीच जवाबदेही तय करने में मदद मिलेगी।



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिष्टाचार भेंट की।

## राज्यमंत्री असीम अरुण आज हाथरस में करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण गुरुवार को हाथरस में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम शामिल होंगे। राज्यमंत्री दोपहर 1:00 बजे ग्राम नगला अहीर, बरवाना में राधा-कृष्ण और शनिदेव महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे पंचायत घर, नगला अहीर में आयोजित स्वागत समारोह और जनसभा में सहभागिता करेंगे। इस दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद राज्यमंत्री शाम 4:00 बजे नगला मोती, बरवाना में सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंग।

# कस्तूरबा विद्यालयों के कायाकल्प के लिए 101.49 करोड़ जारी

- छह प्रमुख निर्माण कार्यों से छात्राओं के आवास, स्वच्छता और सुरक्षा सुविधाओं का होगा विस्तार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बेटियों की शिक्षा को मजबूत आधार देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 101.49 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इस धनराशि से विद्यालयों में अतिरिक्त डॉरमेट्री, जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक, गार्ड रूम, सेप्टिक टैंक और बाउंड्री वॉल सहित छह प्रमुख निर्माण कार्य कराए जाएंगे। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और सुविधायुक्त विद्यालयी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इसी संकल्प की महत्वपूर्ण कड़ी है। इन निर्माण कार्यों से छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। स्वीकृत लागत के सापेक्ष धनराशि अवमुक्त कर निर्माण कार्यों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं की आवासीय, स्वच्छता और सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कार्य कराए जा रहे हैं। अतिरिक्त डॉरमेट्री से आवासीय क्षमता बढ़ेगी, जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण से सुरक्षित भवन उपलब्ध होंगे, टॉयलेट ब्लॉक और सेप्टिक टैंक से स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी, वहीं गार्ड रूम और बाउंड्री वॉल से परिसर की सुरक्षा मजबूत होगी। इससे विद्यालय अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त आवासीय शिक्षा केंद्रों के रूप में विकसित होंगे।

राज्य स्तर से स्वीकृत निर्माण कार्यों को तेजी से शुरू कराने के लिए संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यालयवार कार्यों की प्रगति में तेजी आए और निर्माण समय से पूरे हों।

## भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की संस्कृति बन गयी है : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर पहुंचे। सहारनपुर में सपा के बड़ी संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया। दौरे में अखिलेश यादव सर्वप्रथम सहारनपुर में सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ऐलान किया कि समाजवादी सरकार में सहारनपुर के शैखुल हिन्द मेडिकल कालेज में कैंसर का सेंटर खोला जाएगा। इसके साथ ही सपा विधानसभा चुनाव में सहारनपुर और अन्य जिलों के लिए जरूरत के हिसाब से घोषणा पत्र बनाएगी। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की संस्कृति बन गयी है। अयोध्या में राम धन की लूट को भगवान और देश की जनता माफ नहीं करेगी। भाजपा के लोगों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा की चोरी की। मंदिर के बाहर बैठे भिखारी भी मंदिर में चोरी नहीं करते हैं। लेकिन भाजपा के लोगों ने राम धन लूटने का महापाप किया है। चोरी में शामिल बड़े लोगों को क्लीन चिट दे दी गयी है। भाजपा ने अयोध्या में श्रद्धा और आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण से लेकर हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग में 400 करोड़ की फर्जी दवाएं मिली थी।

# अंकित बालियान हत्याकांड पर सीएम योगी का सख्त रुख

## मंत्री ने परिजनों से मिलकर जतायी संवेदना, अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/शामली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत शामली के अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस कार्रवाई तेज हुई है। मुख्यमंत्री ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शामली के बंतीखेड़ा गांव पहुंचकर दिवंगत अंकित बालियान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

मंत्री ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अंकित बालियान की हत्या की घटना बेहद कष्टदायी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और सरकार की स्पष्ट नीति है कि प्रदेश में अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को संरक्षण नहीं मिलेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि करीब पांच दिन पूर्व हरियाणा से आए शार्प शूटर द्वारा अंकित बालियान की सरेआम हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संदेश है कि उत्तर प्रदेश में अपराध करके कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं सकता। अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने बताया कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी घायल हुए। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपियों और किसी भी संभावित साजिशकर्ता के खिलाफ कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच में हत्याकांड के पीछे किसी बड़े षड्यंत्र या अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बारिश के दौरान नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं की निगरानी तेज कर दी है। इसी क्रम में नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जल निकासी, नाला- नालियों की सफाई और पेयजल आपूर्ति समेत विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। नगर विकास मंत्री ने नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की प्रमुख वजहों में नाला-नालियों का अवरुद्ध होना भी शामिल है। इसलिए सभी नगर निकायों में नाला-नालियों की सफाई का कार्य पूरी गंभीरता के साथ कराया जाए। सफाई के बाद निकली सिल्ट और कचरे का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वह दोबारा नालियों में न पहुंचे। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष जलभराव की समस्या सामने आती है, उन्हें चिन्हित कर वहां प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एके शर्मा ने पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में पेयजल की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो।

# अमित शाह को यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा पत्र

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली एनसीआर में नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा प्रदेश के बदायूं जिले में पुलिस हिरासत में हुई मृत्यु के संबंध में उत्तर प्रदेश की लगातार बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था और बढ़ते हुए अपराधों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट तलब करने के साथ ही साथ दोनों पीड़ितों के परिजनों को उनकी सहमति के अनुरूप तत्काल समुचित मुआवजे दिये जाने के निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि उत्तर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत लंबे समय से बद से बदतर हो गयी है। उत्तर प्रदेश की हाल की दो घटनाओं ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आम नागरिक के मानवाधिकारों को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। मैनपुरी की 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा 4 अगस्त की रात ग्रेटर नोएडा के परी चौक से नोएडा के सेक्टर-63 जाने के लिए स्लीपर बस में यात्रा करने के दौरान वाहन चालक और परिचालक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बस लगभग 47 किलोमीटर तक दिल्ली की सड़कों पर चलती रही। इस अपराध की घटना का दायरा उत्तर प्रदेश के एनसीआर से दिल्ली तक फैला हुआ है।

अजय राय ने कहा है कि यद्यपि दोनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है, किन्तु सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश के नोएडा और देश की राजधानी दिल्ली की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारी 47 किलोमीटर तक अकेली कन्या के साथ चलती इस बस का कोई संज्ञान क्यों नहीं ले सके और इससे भी बड़ा सवाल है कि घटना की जानकारी 25 दिनों तक किसके आदेश पर छिपायी गई। यदि बस में अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, जीपीएस अथवा अन्य निगरानी व्यवस्था नहीं थी, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इसके साथ ही आवश्यक है कि पीड़ित छात्रा की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखते हुए उसे परिजनों सहित सुरक्षा और चिकित्सकीय सहायता दी जाए।\

## जर्मनी के बाजार में दस्तक देगा यूपी का एमएसएमई सेक्टर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने एक और कदम बढ़ाया है। इंडो-जर्मन गेटवे कार्यक्रम के तहत जर्मनी से आए प्रतिनिधिमंडल ने एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में उत्तर प्रदेश और जर्मनी के बीच व्यापार, निवेश, तकनीकी सहयोग तथा प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों के अंतरराष्ट्रीय विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में निवेशकों के लिए भरोसेमंद, पारदर्शी और अनुकूल कारोबारी वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि देश के कुल एमएसएमई का करीब 14 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है और प्रदेश में लगभग एक करोड़ एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। कृषि के बाद एमएसएमई रोजगार उपलब्ध कराने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र है। बैठक में भारत-जर्मनी के बीच व्यापारिक संबंधों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 31.01 बिलियन डॉलर का है। यूरोपीय संघ को होने वाले उत्तर प्रदेश के कुल निर्यात में जर्मनी की हिस्सेदारी लगभग 19.8 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश से जर्मनी को प्रतिवर्ष 404.20 मिलियन डॉलर से अधिक का निर्यात होता है।

# यूपी सरकार व जर्मन इंडियन बिजनेस अलायंस के बीच हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में इंडो-जर्मन गेटवे कार्यक्रम के तहत एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग तथा जर्मन इंडियन बिजनेस अलायंस (जीआईबीए) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नियातोंन्मुखी उद्यमों को जर्मनी व यूरोपीय बाजार में प्रवेश के लिए तैयार करना है। यह सहयोग गैर-वित्तीय, गैर-बाध्यकारी और गैर-अनन्य स्वरूप का है।

प्रमुख सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन शशि भूषण लाल ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2026 भारत-जर्मनी संबंधों के लिए ऐतिहासिक वर्ष है, क्योंकि इस वर्ष दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष और रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जर्मनी यूरोपीय संघ में भारत का महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है और भारत में 2000 से अधिक जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं। प्रदेश में विनिर्माण इकाइयों और निर्यात के लिए तैयार एमएसएमई का मजबूत आधार है, जिनमें यूरोपीय बाजार में विस्तार की बड़ी क्षमता है। उन्होंने इस कार्यक्रम को 12 महीने के संरचित रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें उद्यम मूल्यांकन, बाजार सत्यापन, स्थापना और प्रवेश के बाद सहायता जैसे चरण शामिल होंगे।

जर्मनी के राउनहाइम शहर के मेयर डेविड रेंडेल ने कहा कि इस साझेदारी को कागजी कार्रवाई से मुक्त और व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए। इसकी सफलता कार्यक्रमों की संख्या से नहीं, बल्कि नए व्यावसायिक समझौतों, भारतीय कंपनियों द्वारा जर्मनी में उपस्थिति और जर्मन कंपनियों द्वारा उत्तर प्रदेश में परियोजनाएं शुरू करने जैसे ठोस परिणामों से मापी जानी चाहिए। उन्होंने इनोवेशन हब राइन-मेन को जर्मनी में संस्थागत आधार और जीआईबीए को भारतीय पक्ष में समन्वयक के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

एमओयू के तहत उत्तर प्रदेश के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान, पात्र उद्यमों को कार्यक्रम की जानकारी देना, राज्य सरकार की योजनाओं के साथ समन्वय और उद्यमों की तैयारी में सहायता जैसे कार्यों पर फोकस होगा।

## विधायक अनिल शर्मा का निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**लखनऊ।** बुलंदशहर के शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अनिल शर्मा (63 वर्ष) का निधन बुधवार को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हो गया। वह 2023 से कैंसर से पीड़ित थे और चार बार बुलंदशहर के शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा संगठन समेत उनके विधानसभा क्षेत्र और समर्थकों के बीच शोक की लहर दौड़ गयी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बुलंदशहर के शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अनिल शर्मा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेता, पूर्व राज्य मंत्री एवं शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिल शर्मा के निधन की हृदयविदारक सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और इस अपार दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार, शुभचिंतकों एवं समर्थकों को धैर्य और शक्ति दें।

# दिव्यांग की पुकार पर ट्राइसाइकिल लेकर पहुंचे डीएम

## बलिया में संवेदनशील प्रशासन की मिसाल, जर्जर सड़क ठीक कराने के भी निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सुशासन और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल बलिया में देखने को मिली। मनियर ब्लॉक की दिघेड़ा ग्रामसभा के रानीपुर गांव की सात वर्षीय दिव्यांग छात्रा रागिनी की परेशानी की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह अधिकारियों की टीम के साथ उसके घर पहुंच गए। डीएम ने बच्ची से बातचीत कर उसकी समस्याएं जानीं और मौके पर ही ट्राइसाइकिल, किताबें व पढ़ाई की सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही उसके पैर के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

प्राथमिक विद्यालय दिघेड़ा में कक्षा एक में पढ़ने वाली रागिनी एक पैर से दिव्यांग है। आर्थिक कठिनाइयों और गांव की खराब सड़कों के बावजूद वह पढ़ाई के लिए नियमित स्कूल जाने का प्रयास करती है। उसके हौसले और स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी की जानकारी प्रशासन को मिली तो जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई की। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने रागिनी की मां बबीता देवी और उसके दादा से बातचीत की। उन्होंने बच्ची से भी सीधे संवाद करते हुए उसकी पढ़ाई, स्कूल तक पहुंचने में आने वाली दिक्कतों और रोजमर्रा की जरूरतों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने रागिनी को स्कूली किताबें और पढ़ाई की सामग्री भेंट की।

आवागमन की समस्या को देखते हुए उसे तत्काल दो ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही पैर के इलाज के लिए चिकित्सकीय जांच और समुचित उपचार की व्यवस्था कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। परिवार को यह भी बताया गया कि घर में शौचालय निर्माण के लिए धनराशि पहले ही स्वीकृत है और उसे जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। रागिनी के घर पहुंचने के दौरान जिलाधिकारी ने गांव की जर्जर सड़क की स्थिति भी देखी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़क की मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश दिए। इससे रागिनी के साथ-साथ गांव के अन्य लोगों को भी आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को पूरे गांव में विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए।

कैंप के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं के तहत आर्थिक और आवश्यक भौतिक सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभय कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रागिनी के परिवार ने प्रशासन की इस पहल पर खुशी जताई। बच्ची की पढ़ाई जारी रखने के लिए तत्काल सहायता मिलने से परिवार को राहत मिली है।


# बॉन्डेड डॉक्टर्स का लागू होगा समान वेतनमान : ब्रजेश पाठक

## मांगों को लेकर अटल चौक पर एकत्रित हुए थे बॉन्डेड चिकित्सक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत बॉन्डेड डॉक्टर्स की वेतन संबंधी मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बुधवार को हजरतगंज स्थित अटल चौक पहुंचे। बारिश के बीच धरना स्थल पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से भेंट कर उनकी समस्याओं और मांगों को आत्मीयता से सुना एवं समान वेतनमान लागू करने हेतु आश्वस्त किया।

बॉन्डेड डॉक्टर्स द्वारा वेतन में असमानता और वेतन विसंगति का मुद्दा उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने समान वेतनमान लागू करने की घोषणा की। उन्होंने चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग के संबंध में कल तक शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने इस संबंध में मौके से ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। डिप्टी सीएम के इस कथन से बॉन्डेड चिकित्सकों के चेहरे खिल गए। इस दौरान ब्रजेश पाठक ने कहा कि आप सभी मेरे परिवार का हिस्सा हैं। आपका सम्मान, अधिकार और हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर परिस्थिति में प्रदेश सरकार और व्यक्तिगत रूप से मैं आपके साथ मजबूती से खड़ा हूं। उप मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद बॉन्डेड डॉक्टर्स ने अपनी मांगों के समाधान की दिशा में उनकी पहल का स्वागत किया।



## सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना जारी

**लखनऊ।** उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये एफआईआर को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में किये जाने वाले अनिश्चितकालीन धरने के तहत बुधवार को इको गार्डेन में सांसद तनुज पुनिया के साथ उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के सैंकड़ों की संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा, आरएसएस की शुरू से ही मानसिकता दलित विरोधी रही है। उसी दलित विरोधी मानसिकता के चलते केंद्र की मोदी सरकार दलितों के प्रति अपमानजनक और उत्पीड़नात्मक रवैया अपनाये हुए है। भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ाकर बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का अपमान कर रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे दलित वर्ग से आते हैं इसलिए उनकी हल्द्वानी में जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया जाना पूरी तरह संविधान विरोधी कृत्य है। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार इस संविधान विरोधी कृत्य के दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही नहीं करती तथा इस दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी के विरूद्ध दर्ज की गयी एफआईआर को निरस्त नहीं करती, कांग्रेस पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

# जेपीएनआईसी में निर्माण से संचालन तक अनियमितताओं का अम्बार

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व डिंपल यादव समेत अन्य सदस्यों को दी जानी थी आजीवन मुफ्त सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) के निर्माण और संचालन को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के दस्तावेजों में कई गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख सामने आया है।

दस्तावेजों के अनुसार, परियोजना के संचालन के लिए सामान्य सरकारी व्यवस्था के बजाय एक निजी संचालन समिति गठित की गई थी। समिति में कुछ गैर-सरकारी व्यक्तियों को आजीवन और संस्थापक सदस्य बनाया गया था। इन सदस्यों को परिसर में उपलब्ध रेस्टोरेंट, जिम, होटल समेत विभिन्न सुविधाओं के निःशुल्क आजीवन उपयोग का अधिकार दिए जाने का प्रावधान था। दस्तावेजों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, पूर्व मुख्यमंत्री के निजी सचिव गजेन्द्र सिंह, सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी, सांसद धर्मेंद्र यादव समेत अंजू नारायण, वसीफ हसन और अनुपमा प्रकाश को आजीवन निःशुल्क सदस्य बनाए जाने का उल्लेख है। जेपीएनआईसी परियोजना को वर्ष 2013 में 265 करोड़ रुपये की प्रारंभिक स्वीकृत लागत के साथ मंजूरी मिली थी। इसके बाद परियोजना की लागत में तीन बार संशोधन किया गया। वर्ष 2016 में तीसरी बार अनुमोदित पुनरीक्षित लागत 864 करोड़ रुपये पहुंच गई। दस्तावेजों में लागत बढ़ने के पीछे बड़ी संख्या में नॉन-शेड्यूल्ड आइटम के इस्तेमाल को बताया गया है। आरोप है कि ऐसे आइटम का उपयोग किया गया जो सामान्य सरकारी निर्माण कार्यों में निर्धारित तौर पर इस्तेमाल नहीं किए जाते और इनके लिए बाजार दरों को आधार बनाया गया।

### एसी की लागत में भी बड़ा अंतर

दस्तावेजों के अनुसार, भवन में एयर कंडीशनिंग लगाने के लिए शासन स्तर से 32 करोड़ रुपये की लागत अनुमोदित थी, लेकिन बाद में 42 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला गया। इसे वित्तीय अनियमितता के तौर पर चिन्हित किया गया है। निर्माण के दौरान बिना सक्षम स्तर की स्वीकृति के उच्च विशिष्टियों वाले आइटम लगाए जाने का भी उल्लेख है। इस मामले में तत्कालीन अभियंताओं और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए शासन स्तर से अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने और दोषियों को दंडित किए जाने की सिफारिश की गई थी।

### बिना मंजूरी बदला गया भवन का डिजाइन

जेपीएनआईसी के निर्माण के दौरान भवन की मूल वास्तुकला में भी बिना सक्षम अनुमोदन बदलाव किए जाने का आरोप है। दस्तावेजों के मुताबिक छत पर स्विमिंग पूल, चौथे तल पर जिम और वीआईपी रूम तथा छठे तल पर कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं स्वीकृत प्रावधानों से अलग कराई गईं। इन बदलावों से परियोजना की लागत बढ़ने के साथ वित्तीय नियमों के उल्लंघन का भी उल्लेख किया गया है।





### निजी सोसाइटी को संचालन सौंपने पर भी सवाल

दस्तावेजों में परियोजना के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। सामान्य सरकारी व्यवस्था के तहत किसी शासकीय परियोजना का संचालन संबंधित सरकारी अभिकरण—जैसे निगम या विकास प्राधिकरण—द्वारा किया जाता है और जरूरत पड़ने पर निजी संचालक का चयन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। इसके विपरीत जेपीएनआईसी के संचालन के लिए निजी संचालन समिति गठित किए जाने और उसमें गैर-सरकारी लोगों को आजीवन एवं संस्थापक सदस्य बनाए जाने की व्यवस्था पर आपत्ति दर्ज की गई है। दस्तावेजों के अनुसार इन सदस्यों को परियोजना की विभिन्न सुविधाओं के मुफ्त इस्तेमाल का अधिकार प्रस्तावित था। इस पूरे मामले में निर्माण लागत में अप्रत्याशित वृद्धि, स्वीकृति के बिना निर्माण एवं डिजाइन में बदलाव और संचालन व्यवस्था को लेकर उठे सवाल जेपीएनआईसी परियोजना की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। गोमतीनगर के पॉश इलाके में खड़ा जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर बाहर से जितना भव्य दिखाई देता है, अंदर जाने पर उसकी तस्वीर उतनी ही चौंकाने वाली नजर आती है। वर्षों से बंद पड़े इस विशाल परिसर में जगह-जगह बदहाली के निशान दिखाई देते हैं। हाल ही में इसके संचालन के लिए निजी क्षेत्र को 30 वर्ष की लीज देने का फैसला किया गया है। सरकार का दावा है कि इससे अधूरे काम पूरे होंगे और परिसर को दोबारा उपयोग में लाया जा सकेगा।

**बाहर झाड़ियां, अंदर जंग और सीलन :** परिसर के बाहरी हिस्से में जगह-जगह बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी दिखाई देती हैं। लंबे समय से नियमित रखरखाव नहीं होने का असर भवन के ढांचे पर भी साफ नजर आता है। लोहे के खंभों और अन्य धातु संरचनाओं पर जंग दिखाई देती है। मौके पर कई हिस्से लंबे समय से इस्तेमाल नहीं होने के कारण बदहाल दिखाई दिए। पानी के रिसाव और नमी का असर दीवारों, फर्श और उपकरणों पर साफ नजर आता है। टेबल टेनिस, बास्केटबॉल और अन्य गतिविधियों के लिए बनाए गए हिस्सों में भी रखरखाव की कमी दिखाई देती है। कई मशीनें और तकनीकी सिस्टम इस्तेमाल लायक स्थिति में नहीं दिखाई देते।

# अगस्त में बारिश ने बनाया सदी का रिकॉर्ड, सामान्य से ज्यादा बरसा पानी

## 2018 के बाद 21वीं सदी का दूसरा सबसे ज्यादा बारिश वाला अगस्त

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रयागराज और बांदा में 1901 के बाद सर्वाधिक बारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीता अगस्त महीना बारिश के लिहाज से ऐतिहासिक रहा। अमौसी स्थित मौसम विभाग के यूपी-उत्तराखंड मुख्यालय के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में प्रदेश में 291.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि इस महीने का दीर्घकालिक औसत 235.5 मिलीमीटर है। यानी सामान्य से करीब 24 प्रतिशत अधिक बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार यह 21वीं सदी (2001 से 2100) में अगस्त महीने की दूसरी सर्वाधिक बारिश है। इससे पहले वर्ष 2018 में अगस्त के दौरान 293.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। यानी इस बार की बारिश 2018 के रिकॉर्ड के बेहद करीब रही। प्रयागराज में 631.6 मिलीमीटर और बांदा में 646 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार इन दोनों जिलों में 1901 में प्रेक्षण रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से किसी भी अगस्त महीने में इतनी बारिश दर्ज नहीं हुई थी। यानी प्रयागराज और बांदा में इस साल अगस्त की बारिश ने करीब 125 वर्षों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। एक जून से एक सितंबर तक पूरे मानसूनी सीजन की स्थिति देखें तो प्रदेश में अब तक 571.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में सामान्य बारिश का औसत 600.2 मिलीमीटर है। इस लिहाज से प्रदेश में मानसूनी बारिश सामान्य से महज पांच प्रतिशत कम है।

**बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव :** मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे शुरू हुई बारिश रात करीब 8:30 बजे तक जारी रही। इसके बाद राजधानी के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। विक्रांतखंड, हजरतगंज, इंदिरानगर, आशियाना, कृष्णानगर, भूतनाथ, लेखराज और आलमबाग समेत कई इलाकों में नाले ओवरफ्लो हो गए। बारिश के आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को चिनहट में 59 मिमी, राजभवन में 45.5 मिमी, अंबेडकर पार्क में 54 मिमी, बीकेटी में 36.5 मिमी, जनेश्वर मिश्र पार्क में 26.5 मिमी, काकोरी में 26 मिमी और अमौसी में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। सभी केंद्रों को मिलाकर शहर की औसत बारिश करीब 36.7 मिमी रही। वहीं एक जून से एक सितंबर तक लखनऊ में सामान्य बारिश का औसत 523.9 मिमी है, जबकि इस अवधि में 525.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश ने शहर की जलनिकासी और सड़क निर्माण व्यवस्था की कमजोरियां एक बार फिर सामने ला दी हैं। बारिश का सबसे ज्यादा असर उन इलाकों में दिखाई दिया जहां जलनिकासी की व्यवस्था पहले से कमजोर है। दरगंज द्वितीय वार्ड की मॉडल सिटी कॉलोनी और कल्याण सिंह वार्ड संख्या नौ की गलियों में घुटनों तक गंदा पानी भर गया। कई घरों के सामने पानी जमा है और बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वार्डों की सीमा पर नाला नहीं होने के कारण आसपास के कई मोहल्लों का पानी इस इलाके में आकर जमा हो जाता है। भूहर क्रॉसिंग की तरफ से आने वाला पानी आदर्श विहार, बादलखेड़ा और मॉडल सिटी की ओर जाता है, लेकिन समुचित जलनिकासी व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है।

# नयी पहचान, नयी उड़ान थीम के साथ नवीन लोगो का अनावरण

**लखनऊ।** राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (एसआईईटी), निशातगंज, लखनऊ में बुधवार को नई पहचान, नई उड़ान थीम के साथ नवीन लोगो का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआईईटी के निदेशक डॉ. मुकेश चंद्र ने की। इस अवसर पर डॉ. मुकेश चंद्र ने कहा कि राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान को बच्चों और शिक्षकों के लिए कार्य करना है। वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी और मोरालिटी के बीच संतुलन स्थापित करना जरूरी है। बच्चों के लिए किताबों का समय बढ़ाने और स्क्रीन टाइम कम करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। बच्चों को स्क्रीन का सकारात्मक उपयोग करना सीखना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे स्क्रीन पर उतना ही समय दें, जितना उनके लिए आवश्यक है। बच्चों को तकनीक के सही उपयोग के साथ नैतिक मूल्यों से जोड़े रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।




कार्यक्रम का समापन प्रशासनिक अधिकारी अजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर योगेश कुमार, एडीसीपी कानपुर, सुधीर कुमार, वरिष्ठ विशेषज्ञ, समग्र शिक्षा परियोजना, लखनऊ, संस्थान का समस्त स्टाफ और मीडिया टीम उपस्थित रही। नवीन लोगो में नीले रंग का वृत्त विश्वास और तकनीक, श्वेत कबूतर और पुस्तक शांति एवं ज्ञान के प्रसार, प्ले बटन डिजिटल लर्निंग और ई-कंटेंट तथा सैटेलाइट डिश सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक शिक्षा की पहुंच और एजुसैट प्रसारण का प्रतीक है।

# फ्लू और स्वाइन फ्लू के बीच अंतर को समझना जरूरी : डा. सूर्यकान्त

**लखनऊ।** बदलते मौसम के साथ सामान्य सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, फ्लू और स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ रहें हैं। ऐसे में लोगों के लिए इन बीमारियों के लक्षणों और इनके बीच अंतर को समझना बेहद जरूरी है। सामान्य सर्दी-जुकाम प्रायः हल्का होता है, जबकि फ्लू अचानक तेज लक्षणों के साथ शुरू हो सकता है और कुछ मरीजों में गंभीर रूप भी ले सकता है। स्वाइन फ्लू भी इन्फ्लुएंजा वायरस से होने वाला श्वसन संक्रमण है। समय पर पहचान, उचित चिकित्सकीय सलाह, पर्याप्त आराम और आवश्यकतानुसार उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचाव किया जा सकता है। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डा. सूर्यकान्त ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में एच1एन1 वायरस के कारण विश्व स्तर पर बड़ी महामारी सामने आई थी। इसके बाद एच1एन1 मौसमी इन्फ्लुएंजा वायरस के रूप में भी प्रसारित होता रहा है। उन्होंने बताया कि मौसमी फ्लू (इन्फ्लुएंजा) में बुखार सामान्य सर्दी-जुकाम की तुलना में अधिक तेज हो सकता है। सिरदर्द काफी अधिक, शरीर में दर्द अक्सर और कई बार तेज होता है।



# कई बार कंधा खिसक रहे मरीज का हुआ सफल इलाज

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एक युवा मरीज के बार-बार कंधा खिसकने की जटिल समस्या का अत्याधुनिक आर्थ्रोस्कोपिक बोन ब्लॉक सर्क्लाज तकनीक से सफलतापूर्वक उपचार किया गया। युवा मरीज पिछले लगभग चार सालो से बार-बार कंधा खिसकने की समस्या से पीड़ित था। इस अवधि में उसका कंधा लगभग 35 व 40 बार अपनी जगह से खिसक चुका था। सभी चिकित्सकीय जांच एवं उन्नत इमेजिंग परीक्षणों में कंधे के जोड़ में गंभीर अस्थिरता व हड्डी से संबंधित संरचनात्मक क्षति पाई गई। बार-बार होने वाले डिसलोकेशन और ग्लेनॉइड बोन लॉस को देखते हुए मरीज के लिए ऐसी सर्जिकल तकनीक की आवश्यकता थी, जिससे कंधे की स्थिरता को प्रभावी रूप से पुनर्स्थापित किया जा सके। आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में आर्थ्रोस्कोपिक बोन ब्लॉक सर्क्लाज प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। इस आधुनिक तकनीक में छोटे चीरे के माध्यम से आर्थ्रोस्कोपी की सहायता से कंधे के जोड़ का उपचार किया जाता है और बोन ब्लॉक को उपयुक्त स्थान पर स्थापित कर सर्क्लाज तकनीक द्वारा सुरक्षित रूप से स्थिर किया जाता है। मरीज को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कंधे की सुरक्षा, फिजियोथेरेपी तथा चरणबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम का पालन करने की सलाह दी गई है। सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया प्रबंधन डॉ. निधि, डॉ. पी.के. दास एवं एनेस्थीसिया विभाग की टीम द्वारा किया गया।

# अफताब अंसारी को सील कोठी का मिला कब्जा

विशेष संवाददाता (vol)

- कोर्ट के आदेश पर नगर निगम की टीम ने डालीबाग में हटाई सील



**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी की भाभी और सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी की डालीबाग स्थित सील कोठी बुधवार को कोर्ट के आदेश के बाद खोल दी गई। नगर निगम लखनऊ की टीम मौके पर पहुंची और कोठी पर लगी सील को हटा दिया।

डालीबाग स्थित प्लाट संख्या 21/14 बी, जिसका क्षेत्रफल करीब 6700 वर्गफीट है, को गाजीपुर जिलाधिकारी के आदेश पर 28 अक्टूबर 2022 को गैंगस्टर एक्ट के तहत सील किया गया था। गाजीपुर पुलिस ने कोठी को सील करने के साथ वहां सील किए जाने संबंधी बोर्ड भी लगाया था। बाद में गाजीपुर पुलिस ने सील की गई संपत्ति को नगर निगम लखनऊ के सुपुर्द कर दिया था। सील किए जाने के कुछ समय बाद कोठी के चैनल का ताला टूटा हुआ मिला था। इसके बाद नगर निगम की ओर से दोबारा ताला लगाकर उसे लॉक किया गया। इस बीच फरहत अंसारी ने गाजीपुर के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि अराजक तत्वों ने सील कोठी का ताला तोड़कर घर में रखा घरेलू उपयोग का सामान और अन्य वस्तुएं चोरी कर लीं। उनका कहना था कि डालीबाग के स्थानीय निवासियों से उन्हें चोरी की जानकारी मिली। बताया गया कि मुख्तार अंसारी से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की जांच के दौरान गाजीपुर पुलिस को डालीबाग स्थित इस संपत्ति के बारे में जानकारी मिली थी। जांच के बाद कोठी को गैंगस्टर एक्ट के तहत सील किया गया था।

# मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करेगा सुमन रोडमैपः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने तथा महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। राजधानी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित 'सुमन रोडमैप-2030' के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य नेतृत्व का एक साथ आना केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में साझा संकल्प है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ एवं नवजात मृत्यु को रोकना केवल स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इसके पीछे प्रत्येक मां, नवजात शिशु और परिवार का जीवन जुड़ा हुआ है। सुरक्षित प्रसव के साथ-साथ गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, प्रसव के बाद नवजात और माताओं की निगरानी तथा समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सुमन रोडमैप के माध्यम से गर्भावस्था में जोखिम की पहचान तथा विभिन्न स्तरों पर होने वाली देरी के विश्लेषण जैसे नए उपायों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जब कोई लाभार्थी स्वास्थ्यकर्मी या स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचे तो उसे सही सेवा, समय पर, निःशुल्क और पूरी गरिमा के साथ मिले। यही सुमन की भावना और निरंतर स्वास्थ्य देखभाल का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आराधना पटनायक, संयुक्त सचिव, (आरसीएच) मीरा श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग) अमित कुमार घोष , सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन रितु माहेश्वरी जी, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डा. पिंकी जोएल उपस्थित थीं।

# अलीगंज में 06, चिनहट व गोमती नगर में 08 अवैध निर्माण सील

लखनऊ अलीगंज में आवासीय भू-उपयोग में बनी अवैध व्यावसायिक इमारतों के खिलाफ एलडीए ने लगातार दूसरे दिन भी अभियान चलाया। जिसमें स्थानीय लोगों के विरोध के बीच 06 अवैध कॉम्पलेक्स सील किये गये। वहीं, चिनहट व गोमती नगर में 08 अवैध निमार्णों पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। उधर, गोसाईंगंज, बिजनौर व दुबग्गा में लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 13 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया।



लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की सख्ती के बाद हरकत में आयी प्रवर्तन टीम ने बुधवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि अलीगंज की चन्द्रलोक कालोनी के सेक्टर-ई, सेक्टर-एफ, सेक्टर-जे, सेक्टर-ई में कार्रवाई की गयी। जिसमें अंशुमान सिंह, शशांक सिसौदिया, मदन गोपाल सिंह, देवरा, विपिन द्विवेदी, मोहित गुप्ता व अन्य द्वारा आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से निर्मित की गयी 06 व्यावसायिक बिल्डिंगों को सील किया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि सील किये गये भवनों में शोरूम, रेस्त्रां, निजी बैंक, बिग बॉस्केट गोदाम, बॉक्स स्पोर्ट्स सेंटर आदि व्यावसायिक गतिविधियां संचालित थीं। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि चिनहट के ग्राम-लौलाई, दमरिया, भुजंगीपुरवा, मल्हौर, अशरफ विहार कालोनी व गोमती नगर के विराट खण्ड में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में आशु प्रथम

**लखनऊ।** नेचुरल टच वेलफेयर सोसायटी एवं कालीचरण पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का विषय क्या एआई युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार है ? रखा गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर आशु ने प्रथम, धानी नाग ने द्वितीय तथा रमा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में कॉलेज के प्रो. डीसीडीआर पांडेय (चीफ प्रॉक्टर), डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा एवं डॉ. एसपी सिंह शामिल रहे। कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने कहा कि आज के दौर में एआई तेजी से हमारे जीवन का हिस्सा बन रहा है। शिक्षा, रोजगार, संचार और तकनीक के क्षेत्र में इसके व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में यह विचार करना आवश्यक है कि एआई युवाओं की रचनात्मकता और सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ावा दे रहा है या उन्हें तकनीक पर अधिक निर्भर बना रहा है। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने एआई के बढ़ते प्रभाव, शिक्षा एवं रोजगार में इसकी उपयोगिता, रचनात्मकता, मानवीय सोच तथा तकनीक पर बढ़ती निर्भरता जैसे विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।

# पहली बार विधायक कार्यालय बना रोजगार का मंच

## डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में युवाओं को मिला देश की प्रमुख कंपनियों से जुड़ने का अवसर

विशेष संवाददाता (vol)



817 युवाओं ने कराया पंजीकरण

**लखनऊ।** सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के तत्वावधान में भारत रोजगार सेवा द्वारा भारत रोजगार महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। किसी विधायक कार्यालय में अपनी तरह के इस प्रथम रोजगार महोत्सव में दिनभर हुई मूसलाधार वर्षा के बावजूद 817 युवाओं ने पंजीकरण कराया जिसमे 250 कैंडिडेट्स का बुधवार को साक्षात्कार हुआ। आयोजन में भाग लेने वाली वाली कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया सभी कैंडिडेट्स के चयन होने तक जारी रहेगी।

महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें भाग लेने वाले अधिकांश युवा डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित रण बहादुर सिंह डिजिटल सेंटर्स से निःशुल्क डिजिटल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी थे। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सरोजनी नगर में युवाओं के लिए प्रशिक्षण से रोजगार तक की एक संपूर्ण, व्यवस्थित और रिजल्ट ओरिएंटेड व्यवस्था कार्य कर रही है। जहां पहले युवाओं को कौशल प्रदान किया जाता है और फिर उनकी योग्यता के अनुरूप उन्हें सीधे प्रतिष्ठित नियोक्ता कंपनियों से जोड़ा जाता है।

विधायक कार्यालय, सरोजनी नगर में सुबह 9 बजे से आयोजित इस रोजगार महोत्सव में टाटा मोटर्स, अडानी, एयरटेल और सैमसंग सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तीन साक्षात्कार केंद्रों पर एक अभ्यर्थी–एक साक्षात्कार मॉडल के अंतर्गत अभ्यर्थियों की योग्यता, कौशल और अनुभव का आकलन कर उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त रोजगार अवसर चिन्हित किए गए।

उन्होंने कहा कि आज मूसलाधार बारिश के बीच साक्षात्कार देने पहुंचे 817 युवा हमारे अपने रण बहादुर सिंह डिजिटल सेंटर्स से प्रशिक्षित बच्चे हैं। हमने उन्हें पहले कौशल दिया और आज उसी कौशल ने उन्हें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा किया। यह रोजगार महोत्सव युवाओं को उपलब्ध नौकरियों, उनकी आवश्यक योग्यताओं और बदलती औद्योगिक जरूरतों से परिचित कराएगा।

डॉ. सिंह ने कहा कि यह पहल युवाओं, जनप्रतिनिधियों और उद्योग जगत के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग का नया वातावरण तैयार करेगी। राजनीति का उद्देश्य केवल आश्वासन देना नहीं, बल्कि युवाओं को अवसरों से जोड़कर उनके भविष्य को सशक्त बनाना होना चाहिए। यह रोजगार महोत्सव अब प्रत्येक माह आयोजित किया जाएगा–सरोजनी नगर का कोई भी युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी नियोक्ता संस्थानों, औद्योगिक प्रतिनिधियों, भारत रोजगार सेवा की टीम, रण बहादुर सिंह डिजिटल सेंटर्स के प्रशिक्षकों तथा समर्पित स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के बावजूद सभी ने युवाओं के भविष्य के लिए जिस सेवा-भाव और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया, वह सराहनीय है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने के लिए शीघ्र ही एक पृथक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बीमारी की आनुवंशिक बनावट के आधार पर तय होगी इलाज की दिशा

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर में अब हर मरीज को एक जैसी दवा देने के बजाय उसकी बीमारी की आनुवंशिक बनावट के आधार पर इलाज की दिशा तय किया जा सकेगा। संस्थान में बुधवार को सेंटर फॉर एडवांस्ड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च फॉर कैंसर की क्लीनिकल सेवाएं शुरू हो गई हैं। केंद्र में नेक्स्ट जनरेशन सिक्वेंसिंग (एनजीएस) आधारित जांच की सुविधा है, इससे कैंसर के लिए जिम्मेदार जीन में होने वाले बदलाव की पहचान कर मरीज के लिए टारगेटेड थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी के चयन में मदद मिलेगी। कानपुर आईआईटी के निदेशक डॉ. मणीनद्र अग्रवाल ने कहा कि नई तकनीक की मशीन से जांच प्रक्रिया तेज होगी। करीब एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001:2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), पी.बी.एक्स. नं. : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व० करम चन्द्र शर्मा (आवंटी) | भूखण्ड संख्या–4/839 | सेक्टर–4 गोमती नगर विस्तार | 13.11.2016 | 1. श्रीमती सरोज शर्मा | ---- | पुत्रवधु |
| 2. | श्रीमती विमला कुमारी पत्नी स्व० लक्ष्मण प्रसाद वार्ष्णेय | भूखण्ड संख्या–जे–340 | सेक्टर–जे आशियाना कानपुर रोड योजना, लखनऊ | 13.05.2026 | श्री उपकार वार्ष्णेय | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 3. | पुष्पा वोहरा | भूखण्ड संख्या–सी–99, सेक्टर–जे | कानपुर रोड | 29.03.2024 | ---- | लोकेश वोहरा<br>अलका चोपड़ा<br>राहुल वोहरा | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्र |
| 4. | श्री रमजाना | चबूतरा सं०–3/39 सेक्टर–ओ–3 | कानपुर रोड योजना | 10.02.2023 | श्री राम विष्णु (भतीजा) | वसीयतनामा दिनांक 07.06.2012 के अनुसार | --- |
| 5. | स्व० तजम्मुल हुसैन<br>स्व० सैय्यदा हुसैन | भवन संख्या–एल–1/140 | विनय खण्ड गोमती नगर योजना | 28.09.2012<br>05.05.2005 | श्री मो. आसिफ<br>श्री यासीन अहमद<br>श्रीमती सईदफातिमा | ---- | पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से **30 दिनों** के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# कार की टक्कर से रिक्शा सवार पिता की मौत, बेटा घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से मंगलवार को घायल हुए रिक्शा सवार अधेड़ की बीती रात ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मानक नगर थाना क्षेत्र के तेजी खेड़ा में रहने वाले मोबीन खान (55) मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे अपने बड़े बेटे मोहसिन के साथ उसके पैडल रिक्शा में बैठकर सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक प्राइवेट कंपनी में सफाई कर्मी की नौकरी के लिए बात करने जा रहे थे। तभी ट्रांसपोर्ट नगर तिराहे के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनके रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा पलट गया।

हादसे में रिक्शे पर पीछे बैठे मोबीन खान उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।जबकि बेटा मोहसिन भी चोटिल हो गया।वहीं घटना के बाद कार चालक अपने वाहन सहित मौके से भाग निकला। बाद में राहगीरों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर मोबीन खान और उनके बेटे मोहसिन को ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां बीती मंगलवार रात करीब 2 बजे मोबीन की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## खून से लथपथ होटल मैनेजर की अस्पताल में मौत

**लखनऊ।** आशियाना पावर हाउस चौराहे पर सोमवार सुबह खून से लथपथ मरणासन्न हालत में मिले वीनस होटल के मैनेजर रामबली जादौन (31) की लोकबंधु अस्पताल में मौत हो गई। शरीर पर रगड़ और गंभीर चोटों के निशान थे। भाई ने लूट के बाद हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर गजेंद्र राय के मुताबिक, रामबली के घरवालों ने लिखित में कोई तहरीर नहीं दी है। उनकी मौत के संबंध में जांच की जा रही है। भाई मोहन सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के टांड जनपद के उमरा गांव के रहने वाले थे। रामबली यहां होटल वीनस में मैनेजर थे। होटल की ओर से उन्हें रहने के लिए एक कमरा दिया गया था। सोमवार देर रात ड्यूटी से वह बाइक से कमरे पर जा रहे थे। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे उनका शव पावर हाउस चौराहे के पास जूस की दुकान के पास शव खून से लथपथ पडा था।

## रुपये मांगने पर की थी महिला की गला दबाकर हत्या

**लखनऊ।** मानक नगर इलाके में नहर किनारे मृत मिली केम्पवेल रोड की परवीन उर्फ पूजा (28) की 50 हजार रुपये मांगने और धमकी देने पर गला दबाकर हत्या की गई थी। इसके बाद आरोपी रेलवे कर्मचारी धीरज कुमार सोनकर (55) महिला का शव ई-रिक्शे से ले जाकर नहर में फेंकने जा रहा था। पर, राहगीरों के गुजरने की वजह से हड़बड़ी और पकड़े जाने के डर से शव को नहर किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गया था। मानक नगर पुलिस ने हत्यारोपी धीरज को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त ई रिक्शा कब्जे में ले लिया है।

मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि धीरज कुमार सोनकर आलमबाग वीजी कॉलोनी का रहने वाला है। उसने रेलवे का दूसरा मकान मानक नगर स्लीपर ग्राउंड शांतिपुरम कॉलोनी में भी ले रखा था। धीरज आरडीएसओ में ग्रुप डी हेल्पर पद पर कार्यरत है। पुलिस का दावा है कि आरोपी धीरज कुमार सोनकर ने पूछताछ में बताया कि वह मृतका पूजा उर्फ परवीन को करीब पांच साल से जानता था। मृतका आरोपी धीरज के साथ आए दिन स्लीपर ग्राउंड रेलवे कॉलोनी में रहती थी। धीरज ने कबूल किया कि 30 अगस्त की रात में परवीन ने उससे 50 हजार रुपए की मांग की। आरोपी धीरज ने परवीन को बताया कि अभी उसके पास रुपए नहीं हैं, क्योंकि उसने एक ई रिक्शा लोन पर ले रखा है। इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ था। विवाद के बाद दोनों साथ ही रेलवे कॉलोनी वाले कमरे में रुके थे।

31 अगस्त की तड़के परवीन अपने घर जाने की जिद करने लगी। साथ ही आरोपी धीरज को धमकी दी। इस पर आरोपी ने गुस्से में आकर परवीन का गला उसके दुपट्टे से दबाकर हत्या कर दी। उसी समय अपने खरीदे गए ई रिक्शा में परवीन का शव रखा। फिर ई रिक्शे से शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से मानक नगर डीआरएफ कार्यालय पुलिस के पास नहर की ओर ले गया। वह परवीन के शव को नहर में फेंकने जा रहा था। तभी पीछे से कुछ राहगीर पैदल आते दिखे। इस पर आरोपी धीरज घबरा गया। पकड़े जाने के डर और हड़बड़ी में शव को नहर में फेंकने के बजाए नहर किनारे फुटपाथ पर ही फेंक दिया।

## बीमारी से परेशान वृद्धा ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र में अपनी बेटी और दामाद संग रहने वाली बुजुर्ग महिला ने बीमारी से परेशान हो दीवार में लगी लोहे की छड़ में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा अपनी जान गवां दी। जानकारी के अनुसार आलमबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पवनपुरी मोहल्ले की गली संख्या - 5 में अपनी बेटी मनीषा व दामाद राहुल सक्सेना संग रहने वाली 66 वर्षीय किरण श्रीवास्तव पत्नी दिनेश्वरी श्रीवास्तव ने बुधवार घर की दीवार में लगी लोहे की छड़ में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा लिया। बच्चों को स्कूल छोड़कर घर लौटे वृद्धा की बेटी और दामाद ने सास को फंदे पर लटका देख मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग महिला को फंदे से उतार इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भिजवाया, जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पुत्री मनीषा के अनुसार उसकी माँ पिछले काफी समय से बीमारी से जूझ रही थी।

# लविविः चार वर्षीय स्नातक के चौथे वर्ष में छात्रों को मिलेंगे तीन विकल्प

- यूजीसी के सीसीएफयूपी ढांचे के तहत 'रिसर्च', 'एंटरप्रिन्योरशिप' व 'ऑनर्स' की अलग-अलग अर्हता व पात्रता शर्तें तय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एनईपी 2020 और यूजीसी के 'स्नातक कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम व क्रेडिट ढांचे' (सीसीएफयूपी) के अनुरूप लखनऊ विश्वविद्यालय ने 4-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में व्यापक शैक्षणिक लचीलापन लागू किया है। विश्वविद्यालय ने चौथे वर्ष (सातवें एवं आठवें सेमेस्टर) में विद्यार्थियों के लिए कुल तीन शैक्षणिक मार्गों की व्यवस्था की है। विश्वविद्यालय सत्र 2021-22 से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। अभी तक चौथे वर्ष में केवल 'यूजी ऑनर्स विद रिसर्च' का विकल्प था, जिससे 7.5 से कम सीजीपीए वाले छात्र वंचित रह जाते थे। अब नए विकल्पों के जुड़ने से छात्रों की शैक्षणिक योग्यता व रुचि के आधार पर तीन अलग-अलग मार्ग उपलब्ध होंगे।

तीनों पाठ्यक्रमों की अर्हता एवं अंतरः यूजी ऑनर्स विद रिसर्च के तहत पहले छह सेमेस्टर में न्यूनतम 7.5 सीजीपीए (या 75% अंक) प्राप्त करना अनिवार्य है। इसमें संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में 12 क्रेडिट का शोध प्रोजेक्ट/प्रबंध पूरा करना अनिवार्य होगा।

वहीं, यूजी ऑनर्स विद एंटरप्रेन्योरशिप के तहत पहले छह सेमेस्टर उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थी पात्र होंगे (7.5 से कम सीजीपीए वाले छात्र भी पूर्णतः पात्र)। यह विकल्प उन छात्रों के लिए है जो नवाचार, स्टार्टअप और उद्योग क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। यूजी ऑनर्स के तहत पहले छह सेमेस्टर उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थी पात्र होंगे। इसमें 12 क्रेडिट के एडवांस्ड (उन्नत) पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएंगे, जिनमें से 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम (ऑनलाइन पोर्टल) के माध्यम से संचालित होंगे।

**प्रो. मानुका खन्ना के नेतृत्व में सात सदस्यीय समिति गठितः** इस पूरी त्रि-मार्गीय व्यवस्था के विस्तृत शैक्षणिक विनियम, क्रेडिट संरचना, इंडस्ट्री मैपिंग और कार्यान्वयन दिशानिर्देश तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. मानुका खन्ना के नेतृत्व में सात सदस्यीय उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। यह समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट सक्षम वैधानिक निकायों के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगी।

## बारिश से कच्चा मकान गिरा

**लखनऊ।** बंथरा क्षेत्र के कन्नीखेड़ा गांव में बुधवार शाम रिमझिम बारिश के दौरान एक किसान का दो कमरों वाला कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय किसान अपने परिवार के साथ मकान के अंदर मौजूद था।

### Notice

I, MOHD ARIF S/o MOHD ASHRAF, R/o Gram Beria, Post Budheda, Ramnagar Jhangherabad Beria Budhera, Barabanki, hereby declare that MOHAMMAD ARIF and MOHD ARIF are one and the same person, and MOHAMMAD ASHRAF ALI and MOHD ASHRAF are one and the same person. The correct names are MOHD ARIF and MOHD ASHRAF.

### सूचना

मैने अपनी पुत्री फिरदौस को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **नूरूल हसन पुत्र अशफाक नि.-39/01, सेक्टर पी, बसंतकुंज योजना, दुबग्गा, बरावनकलां, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरा आधार कार्ड नं. 524786731401 में मेरा नाम विद्यावती दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरा सही नाम रामलली है। मेरा सही नाम ही मेरे आधार कार्ड में दर्ज किया जाये। **रामलली पत्नी स्व. राधेश्याम मौर्या नि.- म.नं.-355/443, मुराऊ टोला, आलम नगर, राजाजीपुरम, लखनऊ।**

### Notice

It is hereby informed to the general public that I, SACHCHIDA NAND MISHRA S/o Ram Baran Mishra, declare that my name has been wrongly recorded as SACHHIDA NAND MISHRA in my Driving Licence no. UP7219980001557. My correct and actual name is SACHCHIDA NAND MISHRA. As SACHCHIDA NAND MISHRA and SACHHIDA NAND MISHRA belong to one and the same person i.e. me. SACHCHIDA NAND MISHRA R/O Pure Durga Mishra, Bhudaha,

### सूचना

सूचित हो कि मेरा वास्तविक नाम रिजवान अब्दुल रज्जाक है जब कि पासपोर्ट में भूलवश रिजवान दर्ज हो गया है। जबकि वास्तविक नाम रिजवान अब्दुल रज्जाक है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **रिजवान अब्दुल रज्जाक पुत्र हलीमुन निवासी ग्राम व पोस्ट सवाईन तहसील बीघापुर जिला उन्नाव**

### सूचना

मैं बबिता रानी गुप्ता पत्नी गोपाल गुप्ता निवासी मकान नं. 356 नमक मंडी शाहगंज खैराबाद शहर सुलतानपुर, मेरे पति के पासपोर्ट संख्या AR671955 में मेरा नाम बबिता गुप्ता अंकित है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम बबिता रानी गुप्ता अंकित है। यह कि बबिता गुप्ता व बबिता रानी गुप्ता दोनों नाम एक ही महिला के हैं। अतः मेरे पति के पासपोर्ट उपरोक्त में अंकित नाम बबिता गुप्ता के स्थान पर आधारकार्ड के अनुसार मेरा नाम बबिता रानी गुप्ता अंकित किया जाय। बबिता रानी गुप्ता पत्नी गोपाल गुप्ता निवासी मकान नं. 356 नमक मंडी शाहगंज खैराबाद शहर सुलतानपुर

# इंटीग्रल विवि में हुआ एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन-सेंटर फॉर इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (आईएसएफ-सीआईईडी), इंटीग्रल यूनिवर्सिटी द्वारा एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0 के आइडिया शोकेसिंग एवं स्क्रीनिंग का सात दिवसीय आयोजन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन की द्वितीय मंजिल स्थित बोर्ड रूम में किया गया।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप शुरू किए गए इस हैकाथॉन का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, इंडस्ट्री 4.0 एवं 5.0, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन, ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी तथा अन्य उभरती एवं फ्रंटियर तकनीकों जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली समाधानों को गति प्रदान करना है। चयनित विचारों को प्रत्येक स्वीकृत आइडिया के लिए 15 लाख तक की वित्तीय सहायता, साथ ही आगे के विकास के लिए मेंटरशिप एवं इन्क्यूबेशन सहायता प्राप्त करने का अवसर दिया जायेगा। स्वीकृत होस्ट इंस्टीट्यूशन के रूप में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने ऑफिस ऑफ द डेवलपमेंट कमिश्नर के सहयोग से इस पहल का आयोजन किया। आईएसएफ-सीआईईडी ने विश्वविद्यालय में प्रतिभागिता के समन्वय एवं सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा नवाचार, समस्या-समाधान और उद्यमिता की सशक्त संस्कृति को बढ़ावा दिया। इस पहल का आयोजन डॉ. निदा फातिमा, एडिशनल प्रो चांसलर, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. नूर आलम खान, इन्क्यूबेशन मैनेजर, आईएसएफ-सीआईईडी एवं एसोसिएट प्रोफेसर, इंटीग्रल बिजनेस स्कूल, के साथ-साथ आईएसएफ-सीआईईडी की समर्पित टीम ने कार्यक्रम के समन्वय, मूल्यांकन एवं सुचारु क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्क्रीनिंग एवं चयन प्रक्रिया के अंतर्गत एक सुव्यवस्थित एवं बहुविषयक मूल्यांकन प्रणाली अपनाई गई, जिसमें पांच बाहरी उद्योग विशेषज्ञ, अकादमिक क्षेत्र से एक वित्तीय क्षेत्र विशेषज्ञ, अकादमिक क्षेत्र से 9 तकनीकी विशेषज्ञ तथा अकादमिक क्षेत्र से 8 थीम विशेषज्ञ शामिल थे।

# 88 हजार रुपये में दी थी बड़े भाई की हत्या की सुपारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महिंगवा में प्लाटिंग साइट के चौकीदार की हत्या में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर उसके 17 वर्षीय छोटे भाई को भी पकड़ लिया। पुलिस का दावा है कि चौकीदार की यातनाओं और मनमानी से त्रस्त होकर 88 हजार रुपये में सुपारी देकर छोटे भाई ने उसकी हत्या कराई थी। चौकीदार माता पिता को पीटता था।

ननिहाल से मिला एक बीघा खेत भी उसने बेच कर सारे रुपये मौज-मस्ती में उड़ा दिए। छह महीने से माता-पिता पर पैतृक संपत्ति बेचने का दबाव बना रहा था। इस लिए उसकी हत्या करा दी। पुलिस उपायुक्त उत्तरी अमित आनंद ने 48 घंटे के अंदर जघन्य हत्या का राजफाश करने वाली एसीपी बीकेटी विकास कुमार पांडेय की टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आनंद कुमार उसका साथी रचित रावत निवासी महिंगवा पहाड़पुर और सैरपुर के फरुर्खाबाद का रहने वाला दीपक रावत है। चौकीदार के छोटे भाई को भी पुलिस ने पकड़ा है। उसे बाल सुधारगृह भेजा गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू, तीन सरिया के टुकड़े और दो बाइक भी बरामद कर ली है। वारदात में शामिल बलबीर फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं

**भाई ने दी थी सुपारी, चाकू और सरिया से किए गए ताबड़तोड़ प्रहार :** एसीपी विकास कुमार पांडेय के मुताबिक चौकीदार के 17 वर्षीय भाई ने 88 हजार रुपये में आनंद को हत्या की सुपारी दी थी। आनंद ने दीपक, रचित और बलबीर को जोड़ा। इसके बाद तय प्लान के तहत तीनों 31 अगस्त की रात करीब एक से दो बजे चौकीदार की प्लाटिंग साइट पर पहुंचे। वहां उस पर चाकू और सरिया से सोते समय ताबड़तोड़ प्रहार किया। इसके बाद छत से नीचे फेंककर भाग निकले थे। हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओ महिंगवा राधेश्या मौर्या की टीम, सर्विलांस और क्राइम टीम को लगाया गया। साक्ष्यों और काल डिटेल्स के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## लखनऊ स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में 113 यात्री पकड़े गये

**लखनऊ।** बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने मंगलवार को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। अभियान में कुल 113 मामले पकड़े गए और यात्रियों से 79,820 रुपये का रेल राजस्व व जुमार्ना वसूला गया। डीआरएम सुनील कुमार वर्मा के मार्गदर्शन और सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता के नेतृत्व में स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों और प्लेटफार्म पर जांच की गई। इस दौरान नौचंदी एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, फरक्का एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, गंगा गोमती एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, झांसी-लखनऊ एक्सप्रेस, पंजाब मेल, गंगा सतलुज एक्सप्रेस और जम्मूतवी-सियालदह एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों की जांच की गयी।

## इंडिगो विमान में सिगरेट पी रहा यात्री हिरासत में

**लखनऊ।** अबू धाबी से लखनऊ आ रहे इंडिगो विमान में एक यात्री को सिगरेट पीते पकड़ लिया गया। लखनऊ पहुंच कर सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक आजमगढ़ के सरायमीर थाना अंतर्गत सिरवान निवासी अब्दुल अजीज अबू धाबी में मजदूरी करते थे। वह अबूधाबी से बुधवार को लखनऊ आ रहे थे। तभी रास्ते में अब्दुल अजीज विमान में ही सिगरेट जलाने लगे। सिगरेट का धुआं उड़ते ही विमान की महिला क्रू मेंबर ने अब्दुल अजीज को मना किया। हालांकि यात्री अब्दुल अजीज ने तुरंत सिगरेट बुझा दी। लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीआइएसएफ ने अब्दुल अजीज को हिरासत में ले लिया।

# यूपीईआरसी में प्रस्तावित विद्युत ग्रिड कोड-2026 पर हुई सुनवाई

- उपभोक्ता परिषद ने उठाये अहम सवाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश विद्युत ग्रिड कोड-2026 पर बुधवार को आम जनता की सुनवाई हुई। आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार तथा सदस्य संजय कुमार सिंह और गिरीश कुमार वैश्य की मौजूदगी में पावर कॉरपोरेशन, उत्पादन निगम, यूपीएसएलडीसी, निजी विद्युत उत्पादन कंपनियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने सुझाव व आपत्तियां रखीं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने उपभोक्ता हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे आयोग के सामने रखे। उन्होंने कहा कि नया ग्रिड कोड केवल ग्रिड की तकनीकी सुरक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध और न्यूनतम लागत पर बिजली उपलब्ध कराना भी होना चाहिए। वर्मा ने यूपीएसएलडीसी की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की मांग की। उन्होंने बिजली की मांग, उत्पादन, पारेषण उपलब्धता, कटौती, पारेषण बाधाओं, आरक्षित क्षमता और नवीकरणीय ऊर्जा में कटौती से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की।

परिषद ने नई उत्पादन एवं पारेषण क्षमता को मंजूरी से पहले वास्तविक आवश्यकता, लागत और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले दीर्घकालीन वित्तीय प्रभाव का स्वतंत्र आर्थिक परीक्षण कराने की मांग की। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और आरक्षित क्षमता की खरीद में प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया। वर्मा ने ग्रिड कोड उल्लंघन पर प्रभावी जवाबदेही, स्वतंत्र जांच और स्मार्ट मीटर से प्राप्त उपभोक्ता डेटा की सुरक्षा के स्पष्ट प्रावधान किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित ग्रिड के साथ पारदर्शी व्यवस्था और न्यूनतम लागत पर विश्वसनीय बिजली ही नए ग्रिड कोड की असली कसौटी होगी।

# मंडलों में कार्यसमिति व शक्ति केंद्र संयोजकों का सत्यापन संपन्न

- भाजपा महानगर के निर्देशन में आज व कल होगा बूथ अध्यक्षों व बूथ समितियों का सत्यापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से संगठनात्मक सत्यापन अभियान के तहत बुधवार को महानगर के सभी 25 मंडलों में मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण किया गया। सत्यापन अभियान को लेकर इससे पूर्व हलवासिया कोर्ट स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में कार्य योजना बैठक संपन्न हुई थी। इसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 2 सितंबर को मंडल कार्यसमिति एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के सत्यापन का निर्णय लिया गया था।



निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को सभी 25 मंडलों में मंडल प्रवासियों की मौजूदगी में सत्यापन कार्य संपन्न कराया गया। कैंट मंडल-1 में प्रदेश सत्यापन संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल के साथ भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मौजूद रहे। इसके अलावा महानगर के अन्य मंडलों में भी निर्धारित मंडल प्रवासियों ने पहुंचकर सत्यापन प्रक्रिया को पूरा कराया। प्रदेश महामंत्री एवं सत्यापन संयोजक दिलीप पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए मंडल कार्यसमिति और शक्ति केंद्र संयोजकों की सक्रियता बेहद महत्वपूर्ण है। सत्यापन अभियान के माध्यम से संगठनात्मक संरचना को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता से मजबूत है। सत्यापन अभियान के माध्यम से मंडल से लेकर बूथ तक संगठन को और सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3 एवं 4 सितंबर को बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समितियों के सत्यापन का कार्य प्रारंभ होगा। यह कार्य सभी मंडलों में नियुक्त मंडल प्रवासियों की देखरेख में संपन्न कराया जाएगा। महानगर नेतृत्व ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से सत्यापन अभियान को गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया।

## डॉक्टर से 15 लाख हड़पे

**लखनऊ।** निशातगंज में रहने वाले एक डॉक्टर ने अपने टैक्स सलाहकार के खिलाफ 15 लाख रुपए हड़पने की एफआईआर महानगर थाने में दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि सलाहकार ने जीएसटी और आयकर जमा कराने के नाम पर धोखाधड़ी, विश्वासघात किया है। महानगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। निशातगंज के मेट्रो सिटी निवासी डॉ. नैभ्यदेय चट्टोपाध्याय ने पुलिस को शिकायत की कि वह पत्नी डॉ. संघमित्रा बंद्योपाध्याय के साथ कई साल से कृष्णा नगर विजय नगर निवासी व टैक्स सलाहकार प्रतीक वाजपेयी से जीएसटी, आयकर विभाग से संबंधित काम कराते रहे हैं। डॉ. नैभ्यदेय के मुताबिक वर्ष 2023-24 व 2024-25 में उन्होंने जीएसटी से संबंधित कार्य भी आरोपी प्रतीक को दिया गया था।

डॉक्टर का आरोप है कि प्रतीक ने जीएसटी और आयकर की देनदारी जमा करने के लिए अपने खाते में उनसे रुपए मंगवाए। आरोपी टैक्स सलाहकार प्रतीक के कहने पर भरोसा करते हुए डॉक्टर दंपति ने कई बार में बैंकिंग के जरिए करीब 15 लाख रुपए उसके खाते में भेजे थे। बाद में जांच करने पर उन्हें पता चला कि रकम आयकर और जीएसटी विभाग में जमा ही नहीं की गई।

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 38 / 39 / ECTC(L)/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **38 कार्य का नामः-** 220 के0वी0 उपकेन्द्र अजीजपुर शाहजहाँपुर पर 02 अदद् 132 के0वी0 UPEIDA (IMLC) 'के' के जानपदीय निर्माण कार्य । **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 27.10 लाख **कार्यावधिः-** 02 माह 15 दिन **39 कार्य का नामः-** 220 के0वी0 उपकेन्द्र शाहजहाँपुर पर क्षतिग्रस्त सिक्योरिटी वॉल के निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित जनपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 17.87 लाख **कार्यावधिः-** 03 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 14.09.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला / अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 15.09.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ०प्र० एस०एल०डी०सी० परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"**

**(पत्रांक 2664 / दि. 31.08.2026)**

# लविवि कुलपति ने किया टैगोर पुस्तकालय का निरीक्षण



- पीएम उषा परियोजना के कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बुधवार को विश्वविद्यालय के केंद्रीय टैगोर पुस्तकालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ निर्माण विभाग के कार्य अधीक्षक प्रो. विनीत कुमार वर्मा और प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. रोली मिश्रा, उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. ज्योति मिश्रा तथा पीएम उषा परियोजना से जुड़े संबंधित अधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद थे। कुलपति ने पुस्तकालय परिसर में पीएम उषा परियोजना के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का गहन जायजा लिया तथा सुविधाओं को उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के संबंध में समीक्षा की।

इस दौरान कुलपति ने निरीक्षण के दौरान रीडिंग रूम एवं ऑडिटोरियम में लगी कुर्सियों की समुचित साफ-सफाई कराने और पाठकों के लिए इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य पुस्तकालय की छत की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने और थीसिस रूम की छत की सीमेंटिंग का कार्य त्वरित गति से पूरा करने को कहा। परिसर में उपलब्ध स्क्रैप सामग्री की सघन सफाई कराने और उसकी एक विस्तृत इन्वेंट्री (सूची) तैयार करने का आदेश दिया। ज्ञान की अमूल्य धरोहर पुरानी पुस्तकों के सुरक्षित रख-रखाव को ध्यान में रखते हुए उनकी व्यवस्थित बाइंडिंग कराने के निर्देश दिए। साइबर लाइब्रेरी में सुरक्षा मानकों के तहत 'फायर-रेसिस्टेंट डोर' स्थापित करने को कहा। परिसर में जनरेटर की व्यवस्था करने, साइबर लाइब्रेरी व टैगोर पुस्तकालय के दरवाजों/गेटों की मरम्मत व प्रतिस्थापन कराने तथा दोनों भवनों के मध्य स्थित जॉइंट/कनेक्शन की आवश्यक मरम्मत एवं टेपिंग कराने के निर्देश दिए।

## बंद कमरे में अधेड़ का मिला शव

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र मे बुधवार सुबह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव बंद कमरे मे मृत अवस्था मे मिलने से हडकंप मच गया। कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ शव को कब्जे मे लेकर फारेंसिक टीम को बुला साक्ष्य संकलन एकत्र कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया थाना क्षेत्र स्थित मवाइया मे 40 वर्षिय राजू बीते 10 वर्षों से अकेले ही किराए पर रहकर एक पान मसाला दुकान पर मजदूरी करता था। बुधवार सुबह स्थानीय लोगो ने मकान से दुर्गंध आने पर पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़ शव को कब्जे मे लेकर फारेंसिक टीम बुला नामूने एकत्र कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का शव शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

## जांच निष्पक्ष व पूर्वाग्रह रहित होनी चाहिए : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुलतानपुर में सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य से जुड़ी एक जांच को जारी रखने का निर्देश देते हुए कहा है कि जांच निष्पक्ष और पूर्वाग्रह रहित तरीके से होनी चाहिए और जांच की प्रक्रिया ऐसी भी दिखाई देनी चाहिए कि उस पर किसी प्रकार का संदेह न हो। कोर्ट ने जांच के दौरान संबंधित बीजेपी विधायक के प्रति दिखाई जा रही अत्यधिक उदारता पर भी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की पीठ ने यह आदेश सिद्धार्थ इंफ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल एक रिट याचिका दिया। याचिका में सुलतानपुर के विरसिंहपुर-पापरघाट-शाहपुर हरवंश मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की जांच के लिए जारी 10 अप्रैल 2026 के पत्र को चुनौती दी गई थी। साथ ही याचिकाकर्ता ने सुलतानपुर सदर के बीजेपी विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राज बाबू को निर्माण कार्य में हस्तक्षेप से रोकने तथा स्वतंत्र एजेंसी से कार्य की जांच कराने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने 28 जुलाई 2026 को मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, सुलतानपुर को भेजे गए पत्र का भी हवाला दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | Ctg-JNU-2026 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at JAUNPUR Railway station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 25.08.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 10.09.2026 at 11:00 hrs |
| Auction close Date/Time | 10.09.2026 at 11:30 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JAUNPUR | Catg-LKO-JNU-SMU-210-26-2 | JNU/PF-4&5/215 | 10.09.2026 at 11:30 hrs | SMU | OBC |

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

3008/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन्माष्टमी : जरी मोती, मणि-माणिक की पोशाक पहनेंगे कान्हा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व 4 सितंबर को मनाया जायेगा। कान्हा के जन्म के इस उत्सव को मनाने के लिए हर कोई लालायित है। घरों में इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। इस मौके पर कान्हा जरी मोती, मणि-माणिक की पोशाक पहनेंगे महिलाओं ने अभी से झांकी एवं अन्य पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों पर भी जन्माष्टमी का रंग छाने लगा है। शहर के प्रमुख दुकानों पर जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, भूतनाथ मार्केट में लड्डू गोपाल के साथ विभिन्न लीलाओं की मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही ठाकुर जी के झूलों, सिंहासनों, ज्वेलरी व पोशाकों से सज गया है। सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के गोपाल, बांसुरी की बिक्री बढ़ गई है। वहीं लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी चल रही है। प्रत्येक वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रिजर्व पुलिस लाइन की जन्माष्टमी पर शामिल होते हैं। यहां मथुरा से आए कलाकार प्रस्तुति देते हैं। मंदिर की रंगाई पुताई और दीवारों पर पेंटिंग बनाने का काम चल रहा है।

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित श्रीश्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में चार सितंबर को जन्माष्टमी महा महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि जन्माष्टमी पर वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित जरी, मोती, मणि और माणिक्य से सुसज्जित भव्य पोशाक में श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का दिव्य शृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक भगवान का अभिषेक (दूध, दही, घी, शहद व 1008 पवित्र तीर्थों के जल से) होगा। इसके बाद रात में 10 से 12 बजे तक मुख्य पांडाल में महाअभिषेक होगा। भगवान को 256 प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक पंडाल में शाम छह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। इसमें मुकुन्दा रॉक बैंड की प्रस्तुति होगी। स्वागत नृत्य, भारतनाट्यम नृत्य, नाट्य प्रस्तुति के साथ ही संस्कारशाला के बच्चों द्वारा भी नाटक का मंचन किया जाएगा।

**कान्हा के लिए रंग-बिरंगी पोशाक व बांसुरी बनीं पहली पसंद:** जन्माष्टमी के अवसर पर कान्हा के लिए रंग-बिरंगी पोशाक व बांसुरी पहली पसंद बनी हैं। इस अवसर पर बाजार गुलजार हो गये हैं। एक ओर जहां माला फूल पूजन सामग्री कि दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है, वहीं दुकानों पर जन्माष्टमी से जुड़े खिलौने, कपड़े, मुकुट, पेंटिंग आदि की डिमांड है। इसके अलावा पीतल, प्लास्टिक, मिट्टी आदि से बने आकर्षण खिलौने जैसे झूले, पालना व सजावट में काम आने वाले झालर बिजली बत्ती की भी मांग तेज है। बाजार में हरे-हरे अशोक के पत्ती, प्लास्टिक के फूल, कदंब के पेड़, करौंदे का पेड़, झावा बुरादा आदि चीजों से बाजार सज गए हैं। सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे पूरा बाजार कृष्णमय हो गया है। बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है। शहर के लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की खरीदारी करने को उमड़ पड़े हैं। इन सभी के अलावा भगवान के लिए चांदी के मुकुट, बांसुरी, लड्डू गोपाल कि चांदी कि मूर्ति कि भी डिमांड है। सर्राफ ने बताया की इस बार जन्माष्टमी के अवसर पर कई नए डिजाइन कि चीजें आईं हैं। इनमें भगवान का मुकुट, बांसुरी, मूर्ति विशेष कारीगरों द्वारा बनवाया गया है। जन्माष्टमी पर महंगाई का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

**लड्डू गोपाल के खिलौने वाले आइटमों की ज्यादा मांग:** जन्माष्टमी पर ठाकुरजी की झांकी सजाने के लिए भक्तों में खिलौनों की बहुत मांग है। लड्डू गोपाल के लिए मैक्रम का लटकाने वाला झूला, लकड़ी का झूला, पोशाकें, मुरली, घुंघुराले बाल, शीशा, जूतियां, पालना लाइटिंग गुब्बारे, सिंहासन, चारपाई, सिंहासन, माइकल जैक्सन टॉपी, नग से सजा चश्मा, माखन मटकी, लाइट झालर, कालिया नाग व अन्य खिलौने हैं। वहीं कई लोग लड्डू गोपाल के लिए चांदी के खिलौने भी तैयार करवा रहे हैं।

**तरह-तरह की नयी पोशाक:** पिछले काफी समय से मंदी के दौर से गुजर रहा मुकुट पोशाक के कारोबार से जुड़े लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व से खासी उम्मीदें हैं। यही कारण है कि बाजार में इन दिनों नई डिजाइन की पोशाकें पहुंच गईं हैं। सुंदर और सजीली पोशाकों को श्रद्धालु खरीद भी रहे हैं। दुकानदार दीपक गोयल ने बताया कि पिछले साल कोरोना के कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बाजार में मंदी छाई रही, लेकिन इस साल बाजार को उम्मीदें हैं।

**डिजायनर झूलों की धूम:** इस बार बाजार में श्रीकृष्ण भगवान के झूलों व पोशाकों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में इस बार राधा कृष्ण की तरह-तरह की ड्रेस आयी हैं, जिन्हें लोग बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। दुकानदार विजय ने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा डिमांड डिजायनर झूलों की है। इस बार झूलों में बहुत ज्यादा वैरायटी आयी है। ग्राहक राधा कृष्ण की पोशाकों के साथ-साथ अपने बच्चों को भी राधा-कृष्ण के रूप में सजाते हैं जिसके लिए हमने बड़े साइज के भी कपड़े बनवा रखें। लोग उन्हें भी बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं।

**याहियागंज बाजार बना कृष्ण भक्तों की पहली पसंद:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के अवसर पर लखनऊ के बाजारों में सजावट देखी जा रही है। यहां का यहियागंज बाजार खरीदारी के लिए कृष्ण भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और कई विविध प्रकार के सामानों की वैरायटी की खरीदारी कर सकते हैं राजधानी लखनऊ के बाजार कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के लिए सज गए हैं। यहां का यहियागंज बाजार भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और विविधता से भरपूर सामान खरीद सकते है। यह बाजार भक्तों के लिए एक आकर्षक विकल्प है जहां वो खरीदारी का आनंद उठा सकते हैं। इस बाजार में आपको श्री कृष्ण से जुड़े सभी सामान मिलेंगे, उनके वस्त्र, बांसुरी, बिस्तर या पगड़ी लेनी हो, आपको यहां विविधता मिलेगी जैसे रंग-बिरंगे कपड़े, आकर्षक बांसुरी, सुविधाजनक बिस्तर और प्रचीन पगड़ी। यह सभी सामान आपको एक स्थान पर मिलेंगे और उनकी कीमत 6 से 10 रुपये से शुरू होती है। लड्डू गोपाल के भक्त उनकी ही तरह चंचल होते हैं और उन्हें अपने बच्चों, दोस्त और प्रिय साथी की तरह देखभाल करते है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वो उनके लिए उत्कृष्ट सामान खरीदते हैं ताकि उनका अच्छे से श्रृंगार कर सकें। इससे वो उनके प्रति अपने प्रेम और भक्ति को प्रकट करते हैं लड्डू गोपाल के वस्त्र भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं। इन वस्त्रों की खूबसूरती, रंगों की विविधता और उनके आकर्षक डिजाइन लोगों का मन मोह रहे हैं। यह वस्त्र भक्तों को आनंद और धार्मिक अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इन वस्त्रों की कीमत मात्र 20 से 40 रुपये है, उन्हें इस मार्केट से आसानी से खरीदा जा सकता है। लड्डू गोपाल के भक्तों को मोर पंखी बांसुरी और उनके जेवर भी बहुत पसंद आ रहे हैं। इस बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। यदि आप भी लड्डू गोपाल के लिए खरीदारी करना चाहते हैं तो आपको यहियागंज बाजार आना होगा।

## गणेशगंज की डिजिटल मूविंग झांकी में होगा दही हांडी उत्सव



लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से गणेशगंज की डिजिटल मूविंग झांकी इस बार चार सितंबर से शुरू होगी। न्यू गणेशगंज अमीनाबाद रोड पर होने वाले आयोजन में इस बार रोज बदलती हुई झांकियों के दर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम रोज शाम सात बजे से शुरू होकर रात 12 बजे तक चलेंगे। आयोजक अनुपम मित्तल के अनुसार पहले दिन चार सितंबर को कान्हा का ग्वाल बालों के संग गोकुल भ्रमण लीला की झांकी सजेगी। लाइट एंड साउंड के इफेक्ट के साथ चलती फिरती मूर्तियां उस समय के वास्तविक दृश्य को आपके समक्ष जीवंत करती दिखाई देंगी। 5 सितंबर को माखन चोरी की लीला, छह को कान्हा जी की गो चारण लीला, सात को अघासुर वध, आठ को कालिया मर्दन और नौ को बरसाने की होली की लीला का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ एक मंच पर राधा कृष्ण को झूला झुलाने की व्यवस्था रहेगी। इस बार एक झांकी के जरिए लोग बाबा अमरनाथ के भी दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा 20 फुट का शिवलिंग आकर्षण का केंद्र रहेगा। हनुमान के सीने में श्रीराम और माता सीता के दर्शन वाली झांकी इस बार भी देखने को मिलेगी। माखन चोरी के बाद बालक कृष्ण को सजा देने के लिए दौड़ाती माता यशोदा की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। पिछले वर्ष से शुरू नए आयोजन की श्रृंखला में इस बार भी दही हांडी प्रतियोगिता सात सितंबर को होगी। इसमें कई टीमें पिरामिड बनाकर 20 फुट ऊंची मटकी को फोड़ने का प्रयास करेंगी। आठ सितंबर को सांस्कृतिक मंच पर बच्चों को अपने हुनर के प्रदर्शन का मौका मिलेगा। नौ सितंबर को छठी उत्सव पर कलाकार मंच पर उतरेंगे और कृष्ण राधा के जीवन से जुड़ी विविध लीलाओं का मंचन करेंगे। इस मौके पर फूलों की होली का भी आयोजन किया जाएगा।

## देशी-विदेशी फूलों से सजेगा कान्हा का दरबार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री श्याम परिवार की ओर से भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को देशी-विदेशी फूलों से आकर्षक फूल बंगला के रूप में सजाया जाएगा। इसके साथ ही रंग-बिरंगी लाइट झालरों और गुब्बारों से विशेष सजावट की जाएगी। श्री श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान श्री श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में 101 किलो का मेवा मिल्क केक काटा जाएगा। मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मेघों की गर्जना और वर्षा के वातावरण का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य अनुभूति कराई जाएगी। जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में आतिशबाजी भी की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है और बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। श्री श्याम परिवार के कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की दिव्यता और भव्यता का अनुभव कराने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

**गुब्बारों व झालरों से होगी सजावट, लगेगा 56 भोग:** श्री राधा माधव मंदिर, डालीगंज के संयोजक अनुराग साहू ने बताया कि मंदिर में श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव पर श्वेत बनारसी वस्त्रों, चांदी के मुकुट धारण कराकर श्री राधा-माधव का भव्य फूलों का श्रृंगार किया जाता है। मंदिर में दक्षिणावर्त श्री लक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक कर 56 भोग लगाया जाता है। इस बार 18 फीट की ऊंचाई पर दही-मटकी सजाई जा रही है। भगवान का पंचाभिषेक, भव्य महाआरती के बाद पंचमेल प्रसाद वितरण होगा। इसके अलावा मंदिर को गुब्बारों व झालरों से सजाया जायेगा।

**भक्तों में बंटेगा लड्डू का प्रसाद:** खाटू श्याम मंदिर में भी जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन की तैयारी है। श्री श्याम परिवार के कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर को झालरों से सजाया जाएगा। यहां झूला लगेगा और भगवान की भव्य झांकी सजाई जाएगी। भगवान के जन्म के बाद अभिषेक किया जाएगा। भक्तों को प्रसाद के लिए लड्डुओं के पैकेट बनवाए जाएंगे। सभी तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा द्वारिकाधीश मंदिर चौक के व्यवस्थापक उत्तम कपूर के अनुसार भगवान को 56 थाल में 56 भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही मथुरा के कलाकार भगवान के स्वरूप में लीलाएं प्रस्तुत करेंगे और भक्त फूलों की होली खेलेंगे। भगवान के विग्रह को बनारसी वस्त्र पहनाकर, आभूषणों व पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाता है।

# कला आत्मा का दर्पण होती है : डॉ. सुचित्रा हरमलकर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के सुजान सभागार में आज एक दिवसीय कथक नृत्य व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ. सुचित्रा हरमलकर, रायगढ़ घराने की वरिष्ठ नृत्यांगना, गुरु एवं विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग, महारानी लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय, इंदौर उपस्थित रहीं। डॉ. सुचित्रा हरमलकर ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रायगढ़ घराने के प्रवर्तक महाराजा चक्रधर सिंह जी की कला-साधना एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धावान्‌लभते ज्ञानम्‌ तथा स्वान्तः सुखाय की अवधारणा की व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को कला के प्रति श्रद्धा, समर्पण एवं निरंतर साधना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने कला-साधना एवं व्यक्तिगत अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए कहा कि एक कलाकार के लिए नियमित रियाज के साथ-साथ खान-पान एवं दिनचर्या पर ध्यान देना भी आवश्यक है। उन्होंने कला के क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन और निरंतरता को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. हरमलकर ने कथक में प्रचलित टुकड़े को रायगढ़ घराने की विशिष्ट शैली में त्रोटक के रूप में समझाते हुए बताया कि रायगढ़ घराने की अनेक बंदिशों एवं बोलों में प्रकृति से प्रेरित ध्वनियों और भावों का सुंदर समावेश देखने को मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रायगढ़ घराने की इस विशिष्ट परंपरा एवं शैलीगत विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कला आत्मा का दर्पण होती है। हमारी जैसी सोच और भावनाएँ होंगी, हमारी कला में भी उसी प्रकार की अभिव्यक्ति दिखाई देगी। व्याख्यान के दौरान डॉ. हरमलकर ने शिव तांडव से संबंधित बंदिशों का सस्वर एवं नृत्यात्मक प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को कथक की बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने रायगढ़ घराने की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए तीनताल में प्रसिद्ध त्रोटक बादल बिजली वर्षा धड़धड़धड़ धड़ बादल गरजत, तड़ तड़ तड़ तड़ बिजली चमकत, धमक धम धम मेघा बरसत, दादुर मोर पपीहा बोले... का प्रभावपूर्ण प्रशिक्षण विद्यार्थियों को प्रदान किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाएँ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की संवाहक हैं। ऐसे विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को परंपरा की गहन समझ प्रदान करने के साथ-साथ उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को भी विकसित करते हैं।

## महानगर की रामलीला का रिहर्सल शुरू

लखनऊ। श्री रामलीला समिति महानगर की ओर से मंगलवार को सुंदरकांड पाठ के साथ रामलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी के साथ कलाकारों का पूर्वाभ्यास प्रारंभ हो गया। मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला 14 अक्टूबर से होगी। रामलीला का निर्देशन महेंद्र पंत द्वारा किया जाएगा और दर्शकों को कुछ नए प्रसंग देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से दीपक पांडेय दीनू, विनोद पंत बीनू, बीपी पांडेय, संजय श्रीवास्तव, अनिल जोशी, ब्रजेश मेहता, केके पांडेय, कन्हैया, ललित भट्ट, दिवाकर राव, किशोर श्रीवास्तव, यशी लोहुमी, फाल्गुनी लोहुमी, अनुराधा मिश्रा, हरीश लोहुमी, गणेश जोशी, लक्ष्मण मिश्रा, कमल मिश्रा, भास्कर जोशी आदि ने सुंदरकांड का पाठ किया।

## कोणार्क की मूर्तिकला को पांच वर्गों में बांटकर व्याख्यान दिया

लखनऊ। पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के 11वें दिन छतर मंजिल सभागार में वृंदावन शोध संस्थान मथुरा के निदेशक ने अपना व्याख्यान दिया। निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने कोणार्क की मूर्तिकला एवं कोणार्क एक अधूरा स्थापत्य विषय पर दो व्याख्यान छात्रों को दिए। इस दौरान उड़ीसा की मूर्तिकला भारतीय कला परंपरा और मंदिर को मानव शरीर के रूपक के रूप में समझाते हुए उसके बाड़ा, गंडी और मस्तक आदि स्थापत्य अंगों की व्याख्या की। इस मौके पर पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने डॉ. राजीव द्विवेदी का पौधा एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर स्वागत किया।

# मताओं ने पुत्रों की दीर्घायु के लिए रखा हलछठ व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में बुधवार को हलछठ का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। हलछठ का व्रत माताओं द्वारा पुत्रों की दीघार्यु के लिए रखा गया और विधि-विधान से हलछठ की पूजा अर्चना की गई। हलषष्ठी व्रत में महिलाओं ने सुबह से ही स्नानादि आदि से निवृत होकर नित्यक्रम करने के पश्चात हलषष्ठी व्रत धारण करने का संकल्प उत्तराभिमुख होकर किया। बलराम जयंती पर होने वाले इस पर्व पर हल की पूजा अर्चना होती है।

गौरतलब है कि हलछठ पूजा के लिए एक दिन पहले बाजार में महिलाएं पूजा की सामग्री खरीदती हुई देखी गई। वहीं पूजा के लिए महिलाएं सुबह के समय पलाश, कांस एवं कुश के नीचे भगवान शिव पार्वती स्वामी कार्तिकेय एवं गणेश जी की मूर्ति स्थापित करके धूप दीप पुष्प आदि से भक्तिभाव से पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने ठिंगरिया-मुंगरिया की प्रचलित कहानियां सुनी और कथा का वाचन किया। हलछठ पर्व के तहत बाजार में चहल-पहल रही। पूजा अर्चना के बाद उपवास रखने वाली माताओं ने अपने पुत्रों के दीघार्यु और भलाई की कामना की। घर-घर के आंगन में कुश गाड़ कर रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने व्रत रख पूजा अर्चना की। मान्यता है कि श्रीकृष्णजी के जन्म से पूर्व श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। हलषष्ठी का व्रत बलरामजी के जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता है। बलरामजी का शस्त्र हल है। इसलिए इस दिन महिलाओं को हल चले हुए जमीन में चलना पड़ता है। व्रत के पूजन सामग्री के रुप में दूध, दही-घी, महुआ, तिन्नी का चावल, फूल, दूब, रोली, चन्दन, नारियल, कुश और भाजी का प्रयोग होता है। इसी क्रम में सुबह से ही महुआ और कुश लगाकर व गड्ढा खोद कर महिलाओं ने पूजन-अर्चन किया। पुत्रों को गड्ढे के पानी में पैर डालकर धुला और उनकी लंबी उम्र की कामना की। पुत्रों ने भी माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह घर-घर में भी कुंड बने और दिन भर पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा। खाने में बिना जोते खेत के अन्न-फल व अन्य सामग्री का इस्तेमाल महिलाओं ने किया। जिसमें तिन्नी का चावल, दही व करेमुआ के साग की काफी मांग रही।

**माताओं ने रखा निर्जला व्रत:** राजधानी में हलषष्ठी व्रत उत्साह से मनाया गया। महिलाओं ने संतान सुख प्राप्ति के लिए व्रत रखकर कर विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के बाद हलषष्ठी पर्व सें संबंधित कथा कही गई एवं सुनी गई। महिलाओं ने पूजन के लिए गड्ढा खोदकर सगरी बनाई तथा इसमें झरबेरी, ताश और पलाश वृक्षों की एक टहनी खड़ी कर बांधी। आठ दस दिन पहले बोई गई कजरी तथा सूत की पिंडी रखकर पूजा की। भैंस के घी से दीपक जलाया गया और हवन में भी भैंस के ही घी का उपयोग किया। बधों के दीघार्यु होने की कामना की। हलषष्ठी करने वाली महिलाएं व्रत के दिन हल जोतकर उत्पन्न की जाने वाली किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं करती हैं। पेड़ों से उत्पन्न व स्वयं प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले छह प्रकार के भोज्य पदार्थ का ही सेवन कर व्रत तोड़ती हैं।

**हलछठ माता का किया पूजन:** इंदिरानगर में हलछठ पर्व पर पूजा अर्चना करते हुए भारत माता की जय कार करते हुए हर छठ माता की पूजा अर्चना कर महिलाओं ने अपने अपने पुत्रों के लिए लंबी उम्र की कामना की और उनके जीवन में कभी कोई समस्या न हो, धन संपत्ति से संपन्न रहने की कामना की। भोमा गांव में भी हरछठ पर्व पर माताओं ने व्रत रखकर विभिन्न पूजन सामग्रियों से पूजन अर्चन कर अपने पुत्रों की दीघार्यु की कामना की।


## कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव।

**पत्रांक :-520/ई-निविदा सू./न.पं.ऊगू / 2026-27** **दिनांक :- 02/09/2026**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त होने वाली धनराशि नगर पंचायत, ऊगू जनपद उन्नाव मे गौशाला मे बंद गौवंशो के भरण पोषण हेतु भूसा, हरा चारा एवं चोकर की आपूर्ति कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा डाल सकता है।

**:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरण :-**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 03/09/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 03/09/2026 प्रातः 09:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 24/09/2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 24/09/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव |

**नोट:-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण / नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**

संक्षेप

## पंचानन राय की पुण्यतिथि 5 को

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री स्वर्गीय पंचानन राय की 19वीं पुण्यतिथि शिक्षक स्वाभिमान दिवस के रूप में 05 सितंबर को हरिऔध नगर कॉलोनी आजमगढ़ में मनाई जाएगी। जिसमें शिक्षक विधायक एवं नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने दिया।

## बारिश का कहर ढह गया मकान

मीरजापुर। जिले के हलिया विकास खंड क्षेत्र में बारिश का कहर जारी है। आलम यह है कि जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाने के साथ इंसानों के साथ ही साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हो उठें है। वहीं दूसरी ओर मकानों के गिरने का भी सिलसिला जारी है। मंगलवार की देर रात क्षेत्र के अमदह गांव निवासी विनय कुमार पुत्र मोहन लाल का कच्चा मकान ढ़ह गया जिसकी जद में आकर घर गृहस्थी का सारा सामान जहां नष्ट हो गया है वहीं उनके सामने रहने खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। परिजनों के मुताबिक संयोग अच्छा रहा है कि कोई चपेट में नहीं आया है अन्यथा एक बड़ा हादसा होने से कोई टाल नहीं सकता था।

## गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के नाऊपुर गांव के पश्चिम पट्टी पुरवा स्थित मुस्लिम बस्ती में एक युवक की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान 19 वर्षीय आलिम अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाउंड्री के अंदर खोदे गए गड्ढे में युवक किसी तरह डूब गया। हादसे की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आलिम बचपन से ही अपने ननिहाल में रह रहा था। पिता की मृत्यु के बाद उसके नाना-नानी ने ही उसका पालन-पोषण किया था। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही नाना-नानी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## युवक की संदिग्ध परिस्थियों में मौत

जौनपुर। थाना गौराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम चौकी पिलखुआ में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। युवक का शव घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित एक राइस मिल के पास मिला। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अमित कुमार पुत्र सभाजीत निवासी पिलखुआ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक रात में घर से कुछ दूरी पर स्थित राइस मिल के पास पहुंचा, जहां उसने बिजली के तार के सहारे फांसी लगा ली।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लापता मोनू की पीली नदी में तलाश जारी

जौनपुर। थाना सिंगरामऊ क्षेत्र के ग्राम बछाड़ी तियारा निवासी मोनू के चार दिन से लापता होने के बाद उसकी तलाश लगातार जारी है। परिजनों के मुताबिक मोनू 28 अगस्त से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार में चिंता का माहौल है। बताया जा रहा है कि पीली नदी में दो युवकों के लापता होने की सूचना के बाद पुलिस, गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस दौरान एक युवक गोरख कुमार का शव बरामद किया जा चुका है, जबकि दूसरे युवक मोनू की तलाश अभी जारी है।तलाशी के दौरान नदी किनारे मोनू के कपड़े मिलने से उसके नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। गोताखोर नदी में लगातार तलाश कर रहे हैं और पुलिस टीम भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# 60 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शुद्धि अभियान के तहत पिपरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुर्धवा-रनटोला मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक क्ब्ड आइशर ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक क्ब्ड से 464 पेटियों में 13,296 शीशी/बोतल, कुल 4,077.36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 33 लाख रुपये, जबकि तस्करी में प्रयुक्त क्ब्ड ट्रक की कीमत करीब 27 लाख रुपये बताई गई है। इस तरह शराब और वाहन समेत कुल बरामदगी की कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है।मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाईअपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पिपरी राजेश चैबे के नेतृत्व में पुलिस टीम हाईटेक रेलवे क्रासिंग, मुर्धवा चर्च के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक क्ब्ड ट्रक में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लादकर मुर्धवा तिराहा होते हुए बिहार और झारखंड की ओर ले जाई जा रही है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुर्धवा तिराहा से रनटोला की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मुर्धवा की ओर से एक क्ब्ड आइशर ट्रक आता दिखाई दिया।पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा किया तो चालक ने वाहन आगे बढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर करीब 200 मीटर आगे ट्रक को रोक लिया।पंजाब में बिक्री के लिए थी शराब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी मिलीं। बरामद बोतलों पर ह्लथ्व्ै ।स्म्-च्न्छश्र ।ठ व्छस्ल्ह्व अंकित था। चालक शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पुलिस के सामने प्रस्तुत नहीं कर सका। गिरफ्तार चालक की पहचान करन सिंह पुत्र सुरेश कुमार (28 वर्ष) निवासी देव नगर, थाना भिवानी, जनपद भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसका स्थायी पता ग्राम बवानी खेड़ा, थाना बवानी खेड़ा, हरियाणा है।आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1,200 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।पूछताछ में सामने आया तस्करी का नेटवर्क पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रक चालक का काम करता है। उसके अनुसार हरियाणा में एक व्यक्ति ने उसे क्ब्ड लेकर जाने के लिए कहा था। शुरूआत में उसे बताया गया था कि वाहन में जलजीरा कोल्ड ड्रिंक लदी है। बाद में उसे जानकारी दी गई कि ट्रक में अंग्रेजी शराब है और इसे बिहार पहुंचाना है।आरोपी के मुताबिक उसे एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन दिया गया था, जिसमें सेठ जी के नाम से एक नंबर सेव था। रास्ते में व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से उसे लोकेशन दी जा रही थी।पुलिस के अनुसार आरोपी ने पैसों के लालच में शराब तस्करी में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

## दो वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में किए गये पेश



बीजपुर, सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बीजपुर पुलिस ने बुधवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय दुद्धी भेज दिया।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम महरीकला निवासी नगीना पुत्र वंशी गुप्ता (56) को मुकदमा संख्या 2580/08 धारा 5/26 एफ. एक्ट तथा ग्राम पिण्डारी निवासी राजेश पुत्र नथुनी प्रसाद (48) को मुकदमा संख्या 1060/19 डब्ल्यू.एम. एक्ट से संबंधित वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। दोनों को उनके घर से क्रमशः सुबह 7.42 और 8.38 बजे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, हे.कांस्टेबल चालक भानुप्रताप सिंह यादव, कां.देवकरन एवं कां.साहिल श्रीवास्तव शामिल रहे।

## बाढ़ व जलभराव की स्थिति में घाटों से दूर रहें: डीएम



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में तहसील ओबरा क्षेत्र में रेणुका नदी के छठ घाट पर बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से निपटने तथा नदी में डूबने की संभावित घटनाओं में त्वरित बचाव एवं राहत कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, मेडिकल टीम, आपूर्ति विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा समन्वित रूप से प्रतिभाग किया गया।इस दौरान नदी में किसी व्यक्ति के डूबने की स्थिति में उसे सुरक्षित बाहर निकालने, तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

मॉक ड्रिल के माध्यम से संबंधित टीमों ने यह प्रदर्शित किया कि किसी व्यक्ति के नदी में डूबने की सूचना प्राप्त होने पर किस प्रकार तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित किया जाए, डूबे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला जाए तथा उसकी स्थिति के अनुसार प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए।आमजन को जागरूक करते हुए बताया गया कि बाढ़, जलभराव अथवा नदी में तेज जल प्रवाह की स्थिति में नदी, नाले, घाट एवं जलभराव वाले स्थानों के समीप न जाएं। बच्चों को विशेष रूप से नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी चेतावनी एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई कि नदी में डूबते हुए व्यक्ति को देखकर स्वयं जोखिम उठाकर पानी में न उतरें। तत्काल पुलिस, प्रशासन, आपदा राहत दल अथवा स्थानीय बचाव टीम को सूचना दें। प्रशिक्षित बचाव दल द्वारा व्यक्ति को बाहर निकाले जाने के बाद उसकी स्थिति के अनुसार प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा आवश्यकता होने पर तत्काल चिकित्सा केंद्रध्अस्पताल पहुंचाया जाए। मॉक ड्रिल का उद्देश्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ आमजन को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं बचाव उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति में अनावश्यक रूप से नदी अथवा जलभराव वाले स्थानों की ओर न जाएं और स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## ठगी का पैसा वापस मिला तो पीड़ित ने ली राहत की सांस

मड़िहान/मीरजापुर। डिजिटल दौर में जहां मोबाइल फोन और इंटरनेट ने जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधियों के बिछाए जाल में फंसकर लोगों के मेहनत की कमाई पलभर में गायब उड़ रही है।

शिकायत मिलने पर साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की सक्रियता पीड़ित के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र भूषण मौर्य के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने तत्परता दिखाते हुए ठगी की रकम पीड़ित को वापस दिलाने में सफलता हासिल की। खोई हुई रकम वापस मिलने के बाद पीड़ित के चेहरे पर राहत और खुशी दिखाई दी। साइबर ठगी का शिकार देवरी कला गांव निवासी पीड़ित प्रद्युम्न यादव के खाते से पैसा निकलने अथवा ऑनलाइन ठगी का पता चलते ही पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। शिकायत सामने आते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल टीम कुलदीप पटेल तथा राजेश कुमार यादव ने तकनीकी स्तर पर कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने उपलब्ध जानकारियों और लेनदेन से जुड़े तथ्यों के आधार पर आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई। पुलिस की समयबद्ध कार्रवाई का नतीजा रहा कि साइबर ठगी में गई रकम को वापस कराने में सफलता मिली। रकम वापस मिलने की जानकारी ने पीड़ित और उसके परिवार की चिंता काफी हद तक दूर कर दी। यह सफलता सिर्फ रुपये वापस मिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर अपराध के शिकार लोगों के लिए यह संदेश भी है कि ठगी होने के बाद घबराकर चुप बैठने के बजाय तत्काल 1930पर शिकायत करना बेहद जरूरी है।

समय रहते पुलिस और साइबर अपराध से संबंधित माध्यमों तक जानकारी पहुंचने से संदिग्ध लेनदेन पर कार्रवाई की संभावना बढ़ सकती है। पुलिस इंस्पेक्टर रविन्द्र भूषण मौर्य ने बताया कि सफलता के साथ यह घटना आम लोगों के लिए चेतावनी भी है। अनजान व्यक्ति को बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी, यूपीआई पिन अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

## बारिश से लहुरियादह में कई मकान धराशाई

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के लहुरियादह गांव में मंगलवार की रात हुई तेज बारिश में कई ग्रामीणों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त व धराशाई हो गए।लहुरियादह गांव निवासी गुजरतिया देवी का जर्जर कच्चा मकान मंगलवार की रात में पूरी तरह से जमींदोज हो गया। मकान जर्जर होने के चलते बारिश से बचाव हेतु विधवा गुजरतिया देवी एक माह से प्लास्टिक की पन्नी लगाकर अपना गुजारा कर रही हैं। बुजुर्ग गुजरतिया देवी ने सरकारी आवास दिए जाने की मांग की है। इसी तरह लहुरियादह गांव निवासी बिहारी लाल कोल,संजीरा कोल, मौजी लाल, राजू यादव, लाल बहादुर यादव व वीरेंद्र कोल के कच्चे मकान गिर पड़े हैं।

## रेलवे स्टेशन मार्ग पर गड्ढों से राहगीर बेहाल



जौनपुर। केराकत के रेलवे स्टेशन मार्ग की बदहाल स्थिति इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि राहगीरों को गड्ढों से बचकर निकलने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। रेलवे स्टेशन मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टेट बैंक की शाखा, कई निजी अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, परिषदीय प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल तथा क्षेत्र पंचायत कार्यालय स्थित है। क्षेत्र पंचायत कार्यालय से विकास खंड केराकत के सैकड़ों गांवों में विकास योजनाओं का संचालन होता है।, विकासखंड स्तरीय कार्यालय होने के कारण इस मार्ग पर आए दिन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी और एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता रहता है। इसके बावजूद सड़क की बदहाली दूर नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

## संतान की लम्बी आयु के लिए ललही छठ पर पूजन



जौनपुर, । जिले में बुधवार को ललही छठ का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।

माताओं ने दही, महुआ और विभिन्न फलों का प्रसाद चढ़ाकर अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर हल षष्ठी माता की पूजा की और कथा सुनी। भादो महीने के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व ललही छठ, हल षष्ठी और हलछठ के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। इसलिए इसे बलराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। बलराम को बलदेव, बलभद्र और बलदाऊ के नाम से भी जाना जाता है तथा उन्हें शेषनाग का अवतार माना जाता है।व्रती महिला शशि कला श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से दो दिन पहले बलराम जी का जन्म हुआ था। बलराम का प्रमुख अस्त्र हल और मूसल था। इसी वजह से इस दिन हल, मूसल और बैल की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। किसान परिवारों में भी इस पर्व को विशेष श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए कठिन व्रत रखा। व्रत के दौरान सामान्य अनाज का सेवन नहीं किया जाता है। महुआ की दातुन करने की भी परंपरा है। कई स्थानों पर तिन्नी और पसही के चावल जैसे तालाब में उगने वाले अनाज का सेवन किया गया। इस व्रत में गाय के दूध और दही का प्रयोग नहीं किया जाता, बल्कि भैंस के दूध, दही और घी का इस्तेमाल किया जाता है। पूजा के लिए महिलाओं ने घर की दीवार पर गोबर से हल षष्ठी माता का चित्र बनाया। इसके साथ भगवान गणेश और माता गौरा की भी पूजा की गई। कई स्थानों पर महिलाओं ने तालाब के किनारे अथवा घर में छोटा तालाब बनाकर उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी के पौधे लगाए। इसके चारों ओर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हल षष्ठी की कथा सुनी।

## भूमि क्रय में सरकारी भूमि का भुगतान किसी को नहीं होना चाहिए: मण्डलायुक्त



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की 24वीं बोर्ड बैठक बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुयी।

बैठक में कुल 6 कतिपय प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, जिसमें मुख्य रूप से आजमगढ़ विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रस्तावित आय एवं व्यय बजट, मुख्यमन्त्री शहरी विस्तारीकरण एवं नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित आवासीय टाउनशिप विकसित करने के लिए तहसील सदर अन्तर्गत राजस्व ग्राम कोटिला में चिन्हित की गयी भूमि को आपसी समझौते के आधार पर क्रय किये जाने, इस योजना के तहत जेम पोर्टल के माध्यम से विशेषज्ञ अनुभवी स्टाफ लिये जाने आदि से सम्बन्धित थे। विकास प्राधिकरण के प्रस्तुत बजट में राजस्व आय बजट के तहत मानचित्र शुल्क, उप विभाजन शुल्क, शमन शुल्क, विकास शुल्क आदि से कुल रू0 500.00 लाख, सम्पत्ति का नामान्तरण एवं परिवर्तन शुल्क के अन्तर्गत स्टाम्प ड्यूटी से अनुमानित आय, लेबर सेस आदि से रू0 20.00 लाख एवं अन्य आय के अन्तर्गत निविदा एवं पंजीकरण महायोजना पुस्तिका की बिक्री, कान्ट्रेक्ट एवं सप्लायर के पंजीकरण, एफएआईआर क्रय आदि से 35042.38 लाख कुल राजस्व आय में 35762.38 लाख प्रस्तावित की गयी। इसी प्रकार व्यय बजट में वेतन, भत्ता, मानेदय, ऋण वापसी आदि में 152.25 लाख, प्रशासनिक व्यय के अन्तर्गत विभिन्न मदों में 63.65 लाख, सोशल ऐक्टीविटी में 260.00 लाख व अन्य व्यय जिसमें मुख्यमन्त्री शहरी विस्तारीकरण एवं अन्य शहरों के प्रोत्साहन योजना, महायोजना कार्य पर व्यय, बैंक चार्ज आदि मदों को सम्मिलित करते हुए 35093.48 लाख कुल राजस्व व्यय 35569.38 लाख प्रस्तावित किया गया। प्रस्तुत बजट पर गहन विचार विमर्श के उपरान्त मण्डालयुक्त द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इसी प्रकार कतिपय अन्य प्रस्तावों को भी अनुमोदित किया गया। मण्डलायुक्त विवेक ने मुख्यमन्त्री शहरी विस्तारीकरण एवं नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत तमसा गार्डेन एन्क्लेव के नाम से आवासीय टाउनशिप विकसित करने के लिए ग्राम कोटिला में चिन्हित भूमि को आपसी समझौते के आधार पर क्रय करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि किसी भी दशा में सरकारी भूमि का भुगतान किसी को नहीं होना चाहिए।

## मंदिरों से मूर्ति-घंटा चोरी के आरोप में 5 गिरफ्तार



जौनपुर। मंदिरों से मूर्ति और घंटे चोरी करने वाले गिरोह का लाइन बाजार पुलिस ने पदार्फाश करने का दावा किया है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की पीली धातु की तीन मूर्तियां तथा विभिन्न मंदिरों से चोरी किए गए कुल 26 घंटे बरामद किए गए हैं। चोरी में प्रयुक्त कार संख्या भी पुलिस ने बरामद की है। सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता ने बताया कि लाइन बाजार पुलिस, स्वाट, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। पुलिस टीम ने कुम्भापुर गांव के पास पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामद मूर्तियां थाना पवारा में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित हैं। इनमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की मूर्तियां शामिल हैं। वहीं मीरगंज थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों से संबंधित तीन मंदिर के घंटे तथा लाइन बाजार थाना क्षेत्र में दर्ज मामले से संबंधित दो घंटे बरामद किए गए। इसके अलावा विभिन्न मंदिरों से चोरी किए गए छोटे-बड़े 21 अन्य घंटे भी पुलिस ने बरामद किए हैं। इस तरह पुलिस के अनुसार कुल 26 मंदिर के घंटे बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में शिवप्रकाश तिवारी उर्फ राजन (32), ब्रह्मदेव तिवारी उर्फ ओम तिवारी (25), रोहित गुप्ता (26), रामबाबू जायसवाल (45) और रोहित गुप्ता (30) शामिल हैं। सभी आरोपी जनपद के अलग-अलग स्थानों के निवासी बताए गए हैं।

## हाई जंप में मृत्युंजय ने जीता गोल्ड

मीरजापुर। कर्नाटक में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंडर 15 एथेलेटिक्स चैंपियनशिप गेम्स में यूपी के जनपद मिजार्पुर के सेंट मैरीज स्कूल के छात्र मृत्युंजय यादव ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हाई जंप ऊंची कूद में स्पर्धा में गोल्ड मेडल स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इस शानदार जीत के साथ छात्र ने न सिर्फ अपने स्कूल बल्कि अपने राज्य व जनपद का नाम भी रोशन किया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में देश के विभिन्न राज्यों से आए सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। छात्र ने शुरूआत से ही बेहतरीन तकनीक और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया। फाइनल राउंड में जनपद मिजार्पुर के छात्र मृत्युंजय यादव ने रिकॉर्ड ऊंचाई को सफलतापूर्वक पार करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। गोल्ड मेडल जीतने की खबर मिलते ही छात्र के विद्यालय और गांव क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। आपको बता दें कि मृत्युंजय यादव जनपद मिजार्पुर लालगंज तहसील क्षेत्र के विरतिया गांव के रहने वाले हैं। इनके पिता मुलचंद यादव वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल इरत्रम्में तैनात देश की सेवा कर रहे हैं। इनके पिता मुलचंद यादव भी राष्ट्रीय स्तर तक खेल चुके हैं। मृत्युंजय यादव की इस सफलता से पूरे जनपद सहित विकास खंड लालगंज क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## बारिश में भरभरा कर गिरे 2 घर, गृहस्थी का सामान दबा

मड़िहान, मीरजापुर। थाना संतनगर क्षेत्र के ग्राम सभा बनकी में लगातार हो रही बारिश के चलते 2 परिवारों का पूरा कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। हादसे में घर के अंदर रखा अनाज, जरूरी सामान और गृहस्थी का पूरा सामान मलबे में दब गया। संयोग अच्छा रहा है कि कोई चपेट में नहीं आया है। प्रभावित परिवार की हादुरी निशा पत्नी शब्बीर के सामने अब सबसे बड़ी समस्या रहने और खाने की है। मकान गिरने के बाद परिवार के पास न तो रहने के लिए छत बची है और न ही कोई दूसरा मकान, जहां परिवार सुरक्षित रह सके। लगातार बारिश के बीच परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। घर गिरने से परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भी दब गया, जिससे खाने-पीने और रात गुजारने का संकट खड़ा हो गया है। परिवार की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और रहने के लिए सुरक्षित व्यवस्था कराने की मांग की है। पूरा घर गिरने के बाद यह परिवार आखिर जाए तो जाए कहां? बारिश के इस दौर में प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मदद की उम्मीद है।

## दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

मीरजापुर। जिले में बारिश से विभिन्न हिस्सों में कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है तो वहीं मकान का दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक जिले के हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव में मंगलवार की रात में भारी बारिश के बीच एक कच्चे मकान का दीवार भर भराकर गिर गया। जिससे दीवार के मलबे के नीचे दबने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस सहित राजस्व विभाग को दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया गांव निवासी 80 वर्षीय वृद्ध सुभागी देवी पत्नी स्वर्गीय गंभीर पाल अपने कच्चे मकान में चारपाई पर लेटी थी, की तभी बारिश होने के कारण कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे वृद्ध महिला मलबे के नीचे दब गयी। मकान गिरने की आवाज सुनकर घर के अंदर से आई बहू मंजू ने बाहर आ कर हो-हल्ला मचाने लगी तो शोर सुनकर अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंच कर मलवे से वृद्ध महिला को बाहर निकाल उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जा रहे थे कि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई है। परिजनों ने क्षेत्रीय लेखपाल को भी घटना की जानकारी दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की कच्चे मकान की दीवार बारिश के कारण गिरने से मलबे के नीचे दबने से वृद्ध महिला की मौत हुई है। परिजनों के सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में संपूर्ण आउटसोर्स मानव संसाधन प्रबंधन के डिजिटल एकीकरण के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। इस दौरान निगम के पोर्टल एवं वेबसाइट की लॉन्चिंग, लोगो का अनावरण तथा आउटसोर्स कार्मिकों को चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने देखा और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों मेराज, विनोद, वाजिद, फिरोज, सलीम, आशीष, राहुल, नियाज, अमित और रहमान को सेफ्टी किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि के सांकेतिक चेक भी प्रदान किए गए। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत रवि कुमार, मो. सादाब और दीपक को 56 हजार रुपये, कन्या विवाह सहायता योजना के तहत जीउत राम, शकुंतला और परमशीला देवी को 65 हजार रुपये तथा मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के तहत संगीता और रामवती को 2 लाख 25 हजार रुपये का चेक दिया गया।

## कटरा जंगल में चहलकदमी कर रहा हाथियों का जोड़ा, वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान से चलकर ड्रमंडगंज वनरेंज के जंगलों में पहुंचे हाथियों का जोड़ा पांचवें दिन बुधवार को लहुरियादह व कटरा के जंगलों में चहलकदमी करते रहे। रेंजर रविशंकर शर्मा, वनदारोगा कुमार कार्तिकेय, अखिलेश्वर दुबे, अभिषेक सिंह वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी वनविभाग की टीम के साथ हाथी और हथिनी की लगातार लोकेशन लेते रहे। वनविभाग की टीम को दोपहर में हाथियों का जोड़ा प्रयागराज जिले की सीमा से सटे कटरा जंगल में दिखाई दिया। वनविभाग की टीम जंगल से सटे गांवों में पहुंचकर लोगों को हाथियों से बचाव हेतु सतर्कता बरतने की अपील की रेंजर ड्रमंडगंज रविशंकर शर्मा ने बताया कि हाथियों का जोड़ा लहुरियादह व कटरा जंगल में दिखाई दिया है। जीपीएस ट्रैकर मशीन से दोनों हाथियों की लोकेशन ली जा रही है।

## गोमती का जलस्तर बढ़ा, प्रमुख घाट जलमग्न

जौनपुर। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर अब गोमती नदी के जलस्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। नदी का पानी तेजी से बढ़ने के कारण शहर के प्रमुख घाट जलमग्न हो गए हैं। हनुमान घाट, गोपी घाट समेत लगभग सभी घाटों को गोमती नदी ने अपने आगोश में ले लिया है। वहीं, प्रसिद्ध गोमतेश्वर महादेव मंदिर भी पानी में डूब गया है। घाटों की सीढ़ियां और नदी किनारे के कई हिस्से पूरी तरह पानी में समा जाने से यहां का नजारा बदल गया है।गोमती नदी का जलस्तर बढ़कर करीब 14 फीट पहुंच गया है। पानी लगातार बढ़ने से घाटों पर रहने वाले लोगों और श्रद्धालुओं में नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर चर्चा बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल गोमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे है। इसके बावजूद लगातार बारिश जारी रहने की स्थिति में जलस्तर पर नजर बनाए रखना जरूरी है। आमतौर पर जिन घाटों पर सुबह-शाम लोगों की चहल-पहल रहती है, वहां अब नदी का पानी दिखाई दे रहा है। गोमतेश्वर महादेव मंदिर के आसपास भी पानी भर जाने से मंदिर का काफी हिस्सा जलमग्न हो गया है। हनुमान घाट और गोपी घाट की सीढ़ियां भी पानी में डूब चुकी हैं। नदी का बढ़ता जलस्तर देखने के लिए लोगों की भीड़ घाटों के आसपास पहुंच रही है। नदी का पानी बढ़ने के बीच घाटों पर पहुंचने वाले लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। पानी के करीब जाकर सेल्फी या रील बनाना जोखिम भरा हो सकता है। नदी का जलस्तर लगातार बदलने की स्थिति में अचानक तेज बहाव भी खतरा पैदा कर सकता है

## बकरी चराने निकली किशोरी की दूसरे दिन बंधी से मिली लाश

मीरजापुर। जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बकरी चराने गए एक 17 वर्षीया किशोरी की बंधी में दूसरे दिन लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया है। प्रथम दृष्टया किशोरी के डूबने से मौत होने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक लालगंज थाना क्षेत्र के गुलालपुर गांव में बाणसागर नहर के पास बंधी में डूबने की घटना में 17 वर्षीया किशोरी का शव दूसरे दिन बुधवार को बरामद कर लिया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद घटना स्थल पर पुलिस टीम पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोरी की मौत पर गांव घर में कोहराम मच गया। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गुलालपुर गांव की 17 वर्षीय किशोरी आरती पुत्री प्रेम नारायण की बाणसागर नहर के पास में स्थित बंधी में पैर फिसलने से डूब गई थी।

संक्षेप

## आज काशी व अयोध्या से पहुंचेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का प्रसाद

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी (03 सितंबर 2026) के पावन अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी) और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (अयोध्या) से भव्य प्रसाद और उपहार पहुंचेंगे। यह यात्रा ढोल-डमरू और मंगल ध्वनि के साथ रेलवे क्रॉसिंग बैरियर मुख्य मार्ग स्थित कृष्णद्वार (गेट नंबर-1) से भव्य शोभायात्रा के रूप में प्रवेश करेगी। श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा तैयार कराई गई विशेष पोशाक और श्रृंगार सामग्री के साथ-साथ काशी और अयोध्या से आए प्रसाद को सबसे पहले भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज, माता योगमाया और गर्भ-गृह मंदिर में अर्पित किया जाएगा। इसके बाद भागवत भवन में युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह सामग्री भेंट की जाएगी।

## जमीन के बैनामा में धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**मथुरा।** जनपद मथुरा के थाना छाता पुलिस ने जमीन के बैनामा में धोखाधड़ी करने के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर ली है। थाना छाता पुलिस द्वारा 1 सितंबर 2026 को रात 10:30 बजे थाना छाता परिसर से श्यामसुन्दर उर्फ श्यामू पुत्र वीरपाल सिंह, निवासी ग्राम डिरावली, थाना बरसाना को गिरफ्तार किया गया।

## चुनाव से पहले चालू होगी चीनी मिल

**छाता, सहार।** कस्बा स्थित वाटिका में बुधवार को मंत्री समर्थक भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रधानों, डीलरों, राजनेताओं और किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य चीनी मिल धरना दे रहे कुछ लोगों द्वारा स्थानीय माननीय मंत्री की छवि को धूमिल करने के प्रयासों का करारा जवाब देना था। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि माननीय मंत्री पिछले चालीस वर्षों से अपने राजनैतिक कैरियर में सदैव जनहित के कार्यों में समर्पित रहते हैं। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे चीनी मिल के मुद्दे पर चल रहे धरने और मांग का समर्थन करते हैं, लेकिन इसकी आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेकने वाले विरोधी लोग मंत्री जी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग बंद करें। भाजपा नेता संतोष सेठ ने विरोधियों को चेतावनी देते हुए कहा, जो लोग अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए मंत्रीजी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। ?कार्यकताओं ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा आगमन पर मंत्रीजी से मुलाकात करेंगे। आगामी चुनाव से पहले चीनी मिल को हर हाल में चालू करा दिया जाएगा। कार्यकताओं ने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही मंत्री जी, उनके प्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से सीधी वार्ता करेंगे। ?इस दौरान पीतम प्रधान संकेत महावीर सिंह सांखी, जुगल किशोर शर्मा बझेड़ा, विनोद प्रधान सहार, नारायण सिंह प्रधान आजनौख,, संतोष सेठ, राधाकृष्ण गोपाल रावण, प्रताप शिवाल, रामप्रसाद शिवाल, उधम सिंह नंदगांव, गिर्राज डीलर, दान बिहारी नंदगांव, मनोज सुनार, क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, प्रधान, डीलर और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिफाइनरी में उत्साह व नयी प्रतिबद्धता से मनाया गया इंडियनऑयल दिवस




**मथुरा।** रिफाइनरी में बुधवार को 67वाँ इंडियनऑयल दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्कृष्टता, टीम भावना तथा इंडियनऑयल की निरंतर प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया गया। कार्यक्रम में मथुरा रिफाइनरी परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का नेतृत्व मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी ने किया।

समारोह का शुभारंभ बुधवार जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर से हुआ। सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का परिचय देते हुए 100 से अधिक इंडियनऑयल कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके पश्चात टीम मथुरा रिफाइनरी ने कॉर्पोरेट कार्यालय एवं रिफाइनरीज मुख्यालय से लाइव प्रसारित इंडियनऑयल दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। मथुरा रिफाइनरी के कैंटीन क्षेत्र में इंडियनऑयल दिवस का मुख्य समारोह के दौरान केक काटकर इंडियनऑयल दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया।

रिफाइनरी प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक मुकुल अग्रवाल ने सभी इंडियनऑयल कर्मियों को इंडियनऑयल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने इंडियन ऑयल दिवस को संगठन के प्रत्येक सदस्य के लिए गौरव का अवसर बताते हुए उन पूर्ववर्ती महानुभावों के दूरदर्शी योगदान को नमन किया, जिन्होंने इंडियनऑयल की मजबूत नींव रखी तथा संगठन को उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री अग्रवाल ने टीम मथुरा रिफाइनरी की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इंडियनऑयल के उच्च प्रबंधन द्वारा रिफाइनरी पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने टीम मथुरा रिफाइनरी से आह्वान किया कि वह प्रबंधन द्वारा व्यक्त विश्वास एवं अपेक्षाओं को निरंतर सार्थक करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़े और इंडियनऑयल के विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान सुनिश्चित करे। भारतीय सैनिकों की अटूट कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कर्मचारियों से ऑलवेज ऑन ड्यूटी (सदैव कर्तव्य पर तत्पर) की भावना को आत्मसात करने तथा उत्कृष्टता की दिशा में आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रयास करने के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया। इससे पूर्व आईओएमआरकेएस के अध्यक्ष तथा आईओओए, मथुरा रिफाइनरी के सचिव ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और इंडियनऑयल दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने इंडियनऑयल की गौरवशाली विकास यात्रा में निरंतर योगदान देने तथा संगठन को वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी एवं प्रतिष्ठित कंपनी के रूप में स्थापित करने के सामूहिक संकल्प को दोहराया। समारोह में जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें इंडियनऑयल परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान दीर्घकालीन एवं समर्पित सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, उत्कृष्ट सुझावों एवं उपयोगी पहलों के लिए सुझाव योजना पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं तथा उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष प्रशंसा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

## जन्माष्टमी व सीएम की सुरक्षा में लगे 1500 पुलिसकर्मियों सहित 7 सुपर जोन

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर तीन सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा का मजबूत खाका तैयार किया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए मथुरा के अलावा आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, वाराणसी, इटावा, हाथरस, मैनपुरी और फिरोजाबाद से पुलिस बल बुलाया गया है। पूरे सुरक्षा क्षेत्र को सात सुपर जोन, 12 जोन और 19 सेक्टर में बांटकर निगरानी की जाएगी। करीब 1500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने की तैयारी है। तीन सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के प्रमुख आयोजन के बीच मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को कई स्तरों में बांटा है। शहर और कार्यक्रम स्थल के आसपास आने-जाने वाले मार्गों से लेकर संवेदनशील स्थानों तक पुलिस की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए मथुरा पुलिस के साथ आसपास के कई जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, वाराणसी, इटावा, हाथरस, मैनपुरी व फिरोजाबाद से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## बारिश ने निगम की जलनिकासी व्यवस्था पर खड़े किये सवाल

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तेज बारिश शुरू हुई। करीब डेढ़ घंटे तक हुई इस बारिश ने मथुरा-वृंदावन नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। शहर के प्रमुख मार्ग और चैराहे पानी से भर गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने और 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से पहले प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल उठने लगे हैं। बारिश के बाद भूतेश्वर रेलवे अंडरपास, कंकाली रोड, नया बस स्टैंड, होली गेट चैक बाजार और महोली रोड समेत कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया। पानी भरने से स्थानीय लोगों और मथुरा आ रहे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हुई। सड़कों पर पानी जमा होने से आवागमन पर असर पड़ा। लोगों को पानी के बीच से ही गुजरना पड़ा। बारिश के दौरान की तस्वीरों में साफ दिखा कि पानी भरने के कारण श्रद्धालु और स्थानीय लोग रास्ता पार करने में परेशान दिखे। दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक भी इसी पानी के बीच से निकलने को मजबूर थे। कई दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए। कुछ वाहन चालक अपने वाहनों को पानी से निकालने के लिए संघर्ष करते दिखे। कुछ जगहों पर चार पहिया वाहन भी पानी में फंस गए। शहर में अचानक पानी भरने से जन्माष्टमी की तैयारियों पर भी सवाल उठने लगे हैं। 4 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व के लिए देशभर से श्रद्धालु मथुरा पहुंचना शुरू हो गए हैं। ऐसे में बारिश के बाद सड़कों पर जमा पानी ने श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में शहर के मुख्य इलाकों में पानी भरने की समस्या आती है। लेकिन, इसका कोई स्थायी हल नहीं निकल पा रहा है। लोगों ने प्रशासन और नगर निगम से जल निकासी की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। ताकि जन्माष्टमी के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। वृंदावन में हुई एक घंटे की तेज बारिश ने नगर निगम और प्रशासन की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। बारिश के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के मुख्य मार्ग समेत शहर के कई प्रमुख चौराहों और बाजारों में भारी जलभराव हो गया।

# श्रीबांकेबिहारी पहनेंगे 2 लाख की पोशाक चांदी की आरती से होगा स्वागत



मधुसूदन शर्मा

**मथुरा।** वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर इस बार श्रीबांकेबिहारी मंदिर में विशेष और अलौकिक तैयारियां की जा रही हैं। ठाकुरजी के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है और प्रशासन से लेकर मंदिर के सेवायतों तक ने सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज इस बार दिल्ली के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई विशेष पोशाक धारण करेंगे। मंदिर के सेवायत गौरव कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि आगरा की फर्म के माध्यम से दिल्ली में ठाकुरजी के लिए तीन नई भव्य पोशाकें तैयार कराई गई हैं। जरी और जरदोजी के काम से सजी पीले रंग की इन नग-जड़ित पोशाकों को एक दर्जन कारीगरों ने पिछले ढाई महीनों में तैयार किया है। ठाकुरजी चार सितंबर की सुबह, सायंकालीन सेवा और पांच सितंबर को नंदोत्सव के दौरान इन तीनों विशेष पोशाकों को धारण करेंगे। इसके अलावा, जोधपुर से खास धातु के कलात्मक खिलौने भी मंगाए गए हैं।

साल में केवल दो बार होने वाले ठाकुरजी के महाभिषेक का विधान इस बार भी जन्माष्टमी की रात 12 बजे निभाया जाएगा। लगभग 20 मिनट तक चलने वाले इस महाभिषेक के लिए खास व्यवस्था की गई है। जिसमें 125 किलो दूध, 100 किलो दही, शुद्ध शहद, कश्मीर से मंगाई गई केसर और उत्तराखंड की खास जड़ी-बूटियां और महाअभिषेक के लिए विशेष धातु का कलात्मक कलश मंगाया गया है। ठाकुरजी की मंगला आरती के लिए विशेष रूप से चांदी की आरती लाई गई है। अभिषेक के बाद ठाकुरजी का बाल स्वरूप में श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें वे पीतांबर (पीत वस्त्र) और सिर पर मोरपंख धारण कर भक्तो को दर्शन देंगे। कान्हा के जन्मोत्सव पर लगने वाले छप्पन भोग के लिए आगरा के ब्रज रसायन ग्रुप को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठाकुरजी के लिए मेवा से बने 56 प्रकार के विशेष पकवान, पाग और कतली आगरा से तैयार होकर आ रहे हैं।

# आउटसोर्स कर्मियों के हितों को सुरक्षित करेगा नया सेवा निगम



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आउटसोर्स कार्मिकों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का पालीवाल हॉल में लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जनपद के विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य नगर आयुक्त प्रशांत नागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

नए आउटसोर्स सेवा निगम के तहत कर्मचारियों के हितों में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। प्रत्येक माह की एक से पांच तारीख के बीच मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। नए और पुराने सभी आउटसोर्स कार्मिकों के ईपीएफ और ईएसआई खाते अनिवार्य रूप से खोले जाएंगे तथा मानदेय का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जाएगा। मनमाने एवं असमान कमीशन की व्यवस्था समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी।

नियमों के अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी ईडब्ल्यूएस, महिला एवं दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग और यूपीसीओएस की सहमति के बिना किसी एजेंसी द्वारा कार्मिक को हटाया नहीं जा सकेगा। प्रत्येक कार्मिक का यूपीसीओएस में माइग्रेशन कर यूनिक कोड एवं पहचान पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय आउटसोर्स कार्मिकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि यदि किसी सेवा प्रदाता संस्था द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जाता है तो निगम के माध्यम से शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया जाएगा। नए निगम के गठन से सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों के संबंध में एकरूपता आएगी और मानदेय व सुविधाओं से जुड़ी विसंगतियां एवं विवाद समाप्त होंगे। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आउटसोर्स कर्मचारियों को बेहद कम मानदेय मिलता था और काम की निश्चितता भी नहीं थी। सरकार का नया निर्णय आउटसोर्स कार्मिकों के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय को चार श्रेणियों में बांटा गया है। श्रेणी-1 में हाईली स्किल्ड कर्मियों को न्यूनतम 40 हजार रुपये, श्रेणी-2 में स्किल्ड एवं तकनीकी कर्मियों को 25 हजार रुपये, श्रेणी-3 में सेमी स्किल्ड ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, पैरामेडिकल आदि को 22 हजार रुपये तथा श्रेणी-4 में सफाई कर्मी, चौकीदार, लिफ्ट ऑपरेटर जैसे सपोर्ट स्टाफ को न्यूनतम 20 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के लाभार्थियों विकास कुमार, हर्षवर्धन सिंटू कुमार, अब्दुल रहीम सचिन कुमार और संतोष कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं नगर निगम के आउटसोर्स कर्मियों आकाश रवि, पंकज, राजन और रोहित आदि को किट वितरित की

## मुस्लिम कारीगरों के हाथों तैयार हो रहीं ठाकुरजी की पोशाकें, पेश कर रही हैं गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव नजदीक आते ही पूरी दुनिया में उत्साह का माहौल है। ब्रज से लेकर देश-विदेश के घर-घर में चार सितंबर को बालगोपाल का प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर ठाकुरजी को नई और आकर्षक पोशाकें धारण कराई जाएंगी। दुनिया भर में प्रसिद्ध वृंदावन की पोशाकें इस बार भी अपनी खास चमक बिखेरने के लिए तैयार हैं, जिन्हें बनाने में पीढ़ियों से एक खास समुदाय का बड़ा योगदान रहा है। राधा-कृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन में आज भी हिंदू-मुस्लिम सद्भाव की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है। श्रीकृष्ण के संदेशों की संवाहक इस धरती पर देवी-देवताओं के वस्त्र तैयार करने वाले कारीगरों में हिंदुओं के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम परिवार भी शामिल हैं। स्थानीय जानकारों के मुताबिक, वृंदावन में लगभग 50 प्रतिशत कारीगर मुस्लिम समुदाय से हैं जो ठाकुरजी और श्रीराधारानी की पोशाकें तैयार करते हैं। जन्माष्टमी के पावन पर्व के लिए देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कई कोनों से पोशाकों के भारी ऑर्डर मिले हैं। मांग को पूरा करने के लिए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जरदोजी का काम करने वाले कारीगर अफजाल बताते हैं कि ठाकुरजी की पोशाक में जरी, मोती, नग और खासतौर से शीशे व स्टोन का बारीक काम किया जाता है। वहीं, कारीगर इकबाल ने अपनी कला के बारे में बताते हुए कहा कि पहले कागज पर डिजाइन तैयार कर स्केच बनाया जाता है, जिसके बाद मखमल, बादला, काउनी और लाल मोतियों की मदद से पारंपरिक कढ़ाई की जाती है। इन खूबसूरत पोशाकों की शुरूआती कीमत 10 रुपये से शुरू होकर लाखों रुपये तक जाती है। कारीगर इकबाल के अनुसार, उन्हें पोशाक तैयार करने के ऑर्डर एजेंटों के माध्यम से मिलते हैं। वृंदावन के हुनरमंद हाथों द्वारा तैयार की गई ये पोशाकें स्थानीय बाजारों से होते हुए अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग, नेपाल, श्रीलंका, बाली, ऑस्ट्रेलिया, न्यूयॉर्क और थाईलैंड तक पहुंचाई जा रही हैं।

# लोक अदालत में अधिकाधिक वादों के निस्तारण पर जोर

● अफसरों व बैंक प्रतिनिधियों की बैठक



**फिरोजाबाद।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं अधिकाधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश डॉ.बब्बू सारंग ने की। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व पुलिस अधीक्षक नगर, एआरटीओ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर नगर आयुक्त समस्त एसडीएम तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत देव दत्त भी बैठक में उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद से लेकर तहसील एवं ग्रामीण स्तर तक लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि आमजन को विवादों के त्वरित एवं सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सरल, सस्ता एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी विभाग आपसी समन्वय से अधिक से अधिक पात्र प्रकरणों को चिन्हित कर उनके निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को ऋण वसूली एवं अन्य समझौता योग्य प्री-लिटिगेशन मामलों में संबंधित पक्षकारों से प्रभावी संपर्क स्थापित कर आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व, यातायात, नगर निकाय, बैंकिंग समेत अन्य विभागों से संबंधित समझौता योग्य मामलों को अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत करने को कहा। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को महज एक आयोजन न मानते हुए आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के प्रभावी अवसर के रूप में लिया जाए। विभागवार लंबित एवं निस्तारण योग्य मामलों की लगातार समीक्षा कर अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नोडल अधिकारी देव दत्त ने भी सभी विभागों एवं बैंक प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक वादों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उपस्थित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## भंवर सिंह सोलंकी बने बार एसो. टूंडला के अध्यक्ष, दिगंबर सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**टूंडला।** तहसील टूंडला बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव बुधवार को मतदान एवं मतगणना के साथ सकुशल संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सलीम खां एवं सुरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट की संयुक्त देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर भंवर सिंह सोलंकी एडवोकेट ने 65 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर दिलीप पचौरी को 50 मत प्राप्त हुए और वह दूसरे स्थान पर रहे, जबकि माधव सिंह एडवोकेट को छह मत मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। वहीं सह सचिव पद पर अविनेश पाल सिंह ने 77 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। अखंड प्रताप सिंह एडवोकेट को 24 मत मिले और वह दूसरे तथा भाव सिंह एडवोकेट 20 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कोषाध्यक्ष पद पर दिगंबर सिंह एडवोकेट ने 80 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उमाशंकर एडवोकेट को 41 मत मिले और वह दूसरे स्थान पर रहे। मतदान एवं मतगणना के दौरान थाना प्रभारी टूंडला पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर अधिवक्ताओं ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## चोरी की शराब, अवैध तमंचा सहित दो गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 47 ट्रेटा पैक देशी शराब, एक अवैध तमंचा तथा 1750 रुपये बरामद किए हैं। बरामद रकम चोरी की शराब की बिक्री से अर्जित बताई गई है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों एवं चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना टूंडला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगला गोला गांव जाने वाले रास्ते के पास से मौहर सिंह निवासी हिमायूंपुर नगला पचिया, थाना दक्षिण फिरोजाबाद और बॉबी निवासी ग्राम लहरा थाना सौरो कासगंज हाल निवासी ब्राह्मण चौक थाना दक्षिण फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की 47 ट्रेटा पैक विंडीज देशी शराब अवैध तमंचा और 1750 रुपये बरामद किए। दोनों आरोपी थाना टूंडला में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 338/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस से संबंधित बताए गए हैं। अवैध तमंचा बरामद होने के मामले में आरोपी बॉबी के खिलाफ थाना टूंडला में आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। मौहर सिंह के खिलाफ थाना दक्षिण में चोरी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था, जबकि बॉबी के खिलाफ सिरसागंज थाने में चोरी, मारपीट एवं आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। थाना पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के लीलामंच पर सजी भक्त मीराबाई लीला, भावुक हुए श्रद्धालु

**मथुरा।** श्रीकृष्ण-जन्मभूमि स्थित सिद्ध लीलामंच पर भक्ति, विश्वास और समर्पण की त्रिवेणी के रूप में भक्त मीराबाई लीला का भव्य मंचन किया गया। विश्वप्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी देवकीनन्दन महाराज के सान्निध्य में कलाकारों ने मीराबाई के त्याग, संघर्ष और अटूट कृष्णप्रेम को सजीव संवादों और सुमधुर भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया। लीला के दौरान मीराबाई के चार वर्ष की उम्र में श्रीकृष्ण के प्रति निश्चल प्रेम, महलों का त्याग, मेवाड़ के राजा द्वारा दी गई प्रताड़नाएं, विष के प्याले का अमृत में बदलना और अंत में भगवान द्वारिकाधीश के विग्रह में ज्योति रूप में विलीन होने के मर्मस्पर्शी दृश्यों ने उपस्थित भक्तों को भावुक कर दिया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि ऐसी लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सनातन धर्म के त्याग और प्रेम से साक्षात्कार कराने का माध्यम हैं। इस दौरान प्रबंध समिति और लीला मंडल के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा सीधे बैंक खाते में मानदेय, सेवा सुरक्षा भी होगी मजबूत



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मियों के हित में शुरू किए गए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल, वेबसाइट एवं लोगो के शुभारंभ कार्यक्रम का बुधवार को मथुरा-वृंदावन नगर निगम के सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। मथुरा नगर निगम स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देखा। यहाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल, वेबसाइट और लोगो का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय, सेवा सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने बताया कि आउटसोर्स सेवा में पारदर्शिता और सुशासन स्थापित करने के साथ रोजगार के अवसरों को नई दिशा देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि अब आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खातों में सीधे मानदेय भेजने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे उनके मानदेय में किसी प्रकार की अनावश्यक कटौती की संभावना कम होगी। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मियों की सेवा समाप्त करने से पहले संबंधित आउटसोर्स कंपनी को सरकार को इसकी जानकारी देनी होगी। मामले की जांच और निर्धारित प्रक्रिया के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही ईएसआई की धनराशि का लाभ बीमा के रूप में कर्मियों को मिलेगा, जिससे उन्हें भविष्य में सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके। नगर आयुक्त ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए भी जागरूक किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए सकारात्मक माहौल और अच्छी संगत का होना बेहद आवश्यक है। सामाजिक दायरा और संगत ऐसी होनी चाहिए, जिससे व्यक्ति नशे से दूरी बनाए रखे।

## भाजपा सांसद ने की सप्तकोसीय परिक्रमा

**मथुरा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह बुधवार को गोवर्धन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीगिर्राज महाराज की नगरी में सप्तकोसीय परिक्रमा की और मानसी गंगा में आचमन किया। गोवर्धन पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ ह्यश्री गिर्राज महाराज की जयह्न के जयकारे भी लगाए गए। परिक्रमा के दौरान अरुण सिंह ने दानघाटी मंदिर समेत गोवर्धन के प्रमुख मंदिरों में दर्शन किए। उन्होंने श्री गिर्राज महाराज को कमल पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सांसद ने गिर्राज जी के चरणों में कमल चढ़ाकर देश और प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भी उनका स्वागत किया। गोवर्धन पहुंचते ही भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने अरुण सिंह का स्वागत किया। कार्यकताओं ने उन्हें पटुका पहनाया, पुष्पगुच्छ भेंट किए और फूल-मालाएं पहनाई। इस दौरान पूरे माहौल में धार्मिक उत्साह नजर आया। कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। परिक्रमा मार्ग पर भी कई जगह लोगों ने सांसद का स्वागत किया। सप्तकोसीय परिक्रमा के दौरान अरुण सिंह ने मानसी गंगा में आचमन किया। इसके बाद दानघाटी मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्री गिर्राज महाराज को कमल पुष्प अर्पित किए।

# विदेशी मुद्रा भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर 729.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह उम्मीद करना उचित है कि पिछले सप्ताह और इस सप्ताह के आंकड़े जारी होने पर भंडार में और भी महत्त्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिलेगी। पिछले कुछ हफ्तों में हुई यह वृद्धि आरबीआई द्वारा जून में घोषित स्वैप योजनाओं के कारण हुई है, जिनमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमा या एफसीएनआर (बी) भी शामिल है। एफसीएनआर (बी) के तहत मजबूत प्रवाह को देखते हुए आरबीआई ने निर्धारित समय से एक महीने पहले (31 अगस्त) इस योजना को समाप्त करने का निर्णय लिया। बाह्य वाणिज्यिक उधार और विदेशी मुद्रा उधार की योजनाएं घोषित तिथि के अनुसार जारी रहेंगी। आरबीआई के भंडार में 5 जून को स्वैप योजना की घोषणा के बाद से लगभग 47 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार का यह उच्च स्तर लगभग 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है। यह नीति निर्माताओं को बहुत राहत प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान युद्ध की शुरूआत के साथ ही भारतीय




रुपया दबाव में आ गया था। भारत अपनी अधिकांश कच्चे तेल की आवश्यकता के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए अर्थशास्त्रियों ने इस वर्ष चालू खाता घाटे के काफी बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2 फीसदी से अधिक होने का अनुमान लगाया था, जबकि 2025-26 में यह लगभग 0.6 फीसदी ही था। भारत पहले से ही पूंजी खाते से बाह्य निकासी का सामना कर रहा था, इसलिए केंद्रीय बैंक के बचाव के बावजूद रुपये पर दबाव बना रहा। हालांकि अर्थशास्त्रियों ने चालू खाता घाटे के अनुमानों को कम कर दिया है, लेकिन व्यापक अनिश्चितता कम नहीं हुई है और कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। अमेरिका और ईरान के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसके परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। इस प्रकार, मौजूदा अनिश्चित वैश्विक परिवेश में, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार निश्चित रूप से बाहरी स्थिरता बनाए रखने में सहायक होगा। उदाहरण के लिए, रुपया पिछले कुछ हफ्तों में स्थिर हुआ है और इसने कुछ हद तक अपनी खोई हुई स्थिति को पुनः प्राप्त किया है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उच्च भंडार का उपयोग मूलभूत कारकों के विरुद्ध रुपये को सहारा देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे बाहरी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है और अंततः चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। वास्तविक प्रभावी विनिमय दर सूचकांक की नवीनतम रिपोर्ट (जुलाई) से पता चलता है कि रुपये का वास्तविक मूल्य पिछले एक वर्ष में लगभग 8 फीसदी कम हुआ है और यह इसी अनुपात में अवमूल्यित रहा है। कुछ हद तक अवमूल्यन चालू खाता घाटे को कम करने में सहायक होगा और भारतीय परिसंपत्तियों को विदेशी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाएगा। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि स्वैप योजना के तहत पूंजी प्रवाह केवल अल्पावधि से मध्यम अवधि में ही राहत प्रदान करेगा। पश्चिम एशिया में अनिश्चितता के अलावा, भारत को वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों में होने वाले बदलावों के लिए भी तैयार रहना होगा। अमेरिका में लंबी अवधि की बॉन्ड यील्ड बढ़ रही हैं और इनके और बढ़ने की संभावना है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श ने पिछले सप्ताह अपने बहुप्रतीक्षित भाषण में 2 फीसदी मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया। अमेरिका में मुद्रास्फीति दर पांच वर्षों से अधिक समय से लक्ष्य से ऊपर है और इसके लिए नीतिगत सख्ती की अवश्यकता हो सकती है, जिससे बॉन्ड यील्ड में वृद्धि होगी। अमेरिका में सार्वजनिक ऋण में वृद्धि और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस क्षमता निर्माण में निरंतर निवेश के कारण उधार लेने की लागत भी बढ़ रही है।

# टैक्स से बाधित होगी डिजिटल भुगतान प्रक्रिया



मनोहर मनोज

सामयिक

करीब दस वर्ष पूर्व नोटबंदी के जिस फैसले ने भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति में एक बड़ी हलचल पैदा की थी, जिसके पक्ष और विपक्ष दोनों के प्रति कड़ी टिप्पणियां की गयी थीं, उसी नोटबंदी के बाद की मौजूद परिस्थितियों और सरकार की पहल से देश में डिजिटल भुगतान की एक ऐसी परिपाटी का श्रीगणेश हुआ, जिसमें भारतीयों ने समूची दुनिया में अव्वल मुकाम हासिल कर लिया। आज समूची दुनिया में डिजिटल भुगतान के जितने लेन-देन हो रहे हैं, उसमें आधे के करीब अकेले भारत में हो रहे हैं। भारत के उपभोक्ता समाज का करीब हर तबका और देश के महानगरों से लेकर कस्बों और गांव-गांव तक लोगों की खरीदारी अब नकद लेनदेन के बजाय मोबाइल के विभिन्न यूपीआई ऐप के जरिये हो रही है। भारत में सभी तरह के मौद्रिक लेनदेन का करीब 85 फीसद हिस्सा डिजिटल तरीके से हो रहा है। इस मामले में आज दुनिया के सभी विकसित देश और टेक्नोलॉजी सेवी समाज भारत से काफी पीछे चल रहे हैं।

कहना न होगा कि भारत की सार्वजानिक व्यवस्था में परिवर्तन और विकास की अनेक घटनाएं दर्ज हो रही हैं। इनमें सभी तरह की उपलब्धियां हैं, कुछ बेहद सामान्य, कुछ औसत, कुछ साधारण और कुछ को असाधारण कहा जाता है। मगर भारत में डिजिटल भुगतान चाहे वह मोबाइल ऐप के अलग-अलग माध्यम से हो या इंटरनेट के जरिये हो, वह समूची दुनिया में बेमिशाल साबित हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने तो भारत को सबसे त्वरित डिजिटल भुगतान के मामले में दुनिया का लीडर घोषित कर दिया है। आज के मौजूदा डिजिटल युग में हर देश अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार में लगा है, जिसमें कृत्रिम बौद्धिकता यानी एआई यंत्र मानव यानी रोबोटिक्स और विभिन्न नवप्रवर्तित डिजिटल प्लेटफॉर्मों जैसे क्षेत्रों की आधारभूत संरचनाओं जिसमें डाटा सेंटर मुख्य रूप से शामिल है, उसमें भारी निवेश किया जा रहा है। इस संदर्भ में भारत की जो डिजिटल भुगतान व्यवस्था है, उसकी

> देश की बहुसंख्यक आबादी यूपीआई के इस्तेमाल को लेकर तकनीकी तौरपर प्रशिक्षित नहीं थी। मगर स्मार्ट मोबाइल के आगमन ने इस अभियान को सफल बनाने में काफी मदद की है।




आधारभूत संरचना दुनिया के अन्य देशों से मीलों आगे है। भारत में औसतन 66 करोड़ डिजिटल लेनदेन रोजाना दर्ज हो रहे हैं। पिछले जून महीने में देश में 18.39 अरब यूपीआई लेनदेन के मामले दर्ज हुए जिसके जरिये 24 लाख करोड़ रुपये की राशि का विनिमय हुआ। भारत की यूपीआई भुगतान व्यवस्था का स्वरुप तो अब वैश्विक आकार ले रहा है, जो दुनिया के करीब 11 देशों में अपने पैर पसार चुका है। इनमे फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। कहना न होगा कि भारत में डिजिटल भुगतान को देशव्यापी और जनव्यापी बनाने में विगत में शुरू की गयी वित्तीय समावेशी योजना जनधन योजना का भी बड़ा हाथ रहा है।

जनधन योजना की वजह से देश में पिछले एक दशक में खुले करीब 60 करोड़ नए बैंक खातों ने भी इसमें बड़ी भूमिका अदा की है। पिछले दो दशक में भारत में घटित मोबाइल क्रांति और देशव्यापी आधार कार्ड के पहचान के साथ जनधन खातों के त्रिकोण ने इस बड़ी क्रांति को अंजाम दिया है। देश में डिजिटल भुगतान को पनपने में भारत की वित्तीय आधारभूत संरचना यानी बैंको की भी बड़ी भूमिका रही है। इस पूरी डिजिटल भुगतान व्यवस्था में देश के करीब 700 बैंक आपस में साझेदार के तौर पर वित्तीय तकनीकों का इस्तेमाल कर थर्ड पार्टी ऐप के साथ मिलकर कार्यरत रहते हैं। भारत में डिजिटल भुगतान का जो नेटवर्क है, उसे आईएमपीएस यानी इमीडियेट पेमेंट सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम से जाना जाता है, जिसकी नियामक संस्था एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और इसके प्रयुक्तकताओं को प्रशिक्षित करने में भारत सरकार की भूमिका भी सराहनीय रही है। पहले देश की बहुसंख्यक आबादी यूपीआई के इस्तेमाल को लेकर तकनीकी तौरपर प्रशिक्षित नहीं थी। मगर स्मार्ट मोबाइल के आगमन ने इस अभियान को सफल बनाने में काफी मदद की है। देश में अभी स्मार्ट मोबाइल के प्रयोगकताओं की संख्या करीब 45 करोड़ पहुंच चुकी है। पहले रेल टिकट से लेकर तमाम तरह की बुकिंग में डिजिटल भुगतान के जरिये छूट और प्रोत्साहन दिए जाते थे। लेकिन इसके बाद यह देखा गया की रेल टिकट से लेकर कई तरह की ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान में अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है।

अभी देश में इधर चर्चा इस बात की भी चली है कि डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जायेगा। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था में जिस मद में कारोबार का दायरा और लेनदेन का चलन बढ़ता है, सरकार के राजस्व सलाहकार उस पर राजस्व उगाही की संभावना टटोलने लगते हैं। जैसे 1990 के दशक में करारोपण से अछूते पड़े सेवा कारोबार पर सर्विस टैक्स की शुरूआत की गयी और इसमें सरकार की आमदनी की संभावना निकाली गयी। इसी तरह स्टॉक मार्केट की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा तो सरकार सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स यानी एसटीटी और कैपिटल गेन टैक्स की अवधारणा लेकर आयी। मगर यूपीआई पर किसी तरह के टैक्स लगाने की अवधारणा सरकार यदि लेकर आती है, तो यह भारत में डिजिटल भुगतान की गतिशीलता को बाधित करेगा। भारत में डिजिटल भुगतान की प्रगति के साथ जो एक निराशाजनक पहलू उभरकर सामने आया है, वह है देश में डिजिटल फ्रॉड या साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामले। इस क्रम में डिजिटल अरेस्ट के मामले बारम्बार देखे जा रहे हैं। लोगों से इस डिजिटल अरेस्ट के जरिये करीब 4 हजार करोड़ रुपए साइबर अपराधियों ने ठग लिए हैं। इसे लेकर सरकार ने देरी से संज्ञान लिया और बैंको को इन मामले में चैकन्ने रहने तथा नयी तकनीक के जरिये संदेहास्पद लेनदेन को ट्रैक करने के लिए सक्रिय रहने की हिदायत दी गयी है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसे लेकर कई तरह के जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं। बहरहाल देश में नयी तकनीकी नव-प्रवर्तन पर बात की जाए तो भारत की सरकारें शुरू से ही सक्रिय रही हैं। भारत विगत में निर्धन देश होते हुए भी अंतरिक्ष तकनीक, परमाणु तकनीक, सूचना तकनीक, दूरसंचार तकनीक और डिजिटल तकनीक को अपनाने में कभी कोताही नहीं बरती। नीति से लेकर प्रोत्साहन तक तथा निवेश से लेकर शोध और विकास तक सरकारों ने सभी तरह की कवायदें की हैं। जिस तरह से भारत सॉफ्टवेयर, यूपीआई भुगतान तथा स्टाट्अप के मामले में दुनिया का सिरमौर देश बनता गया है, उसी हिसाब से अब वह कृत्रिम बौद्धिकता के मामले में भी दुनिया का महत्वपूर्ण देश बन सकता है। भारत में डाटा सेंटर की स्थापना में निजी और विदेशी कॉर्पोरेट महाशक्तियों का हो रहा निवेश इस मामले में एक उल्लेखनीय परिघटना है।

## सोशल मीडिया

अन्नदाता किसानों के आराध्यदेव एवं भगवान श्रीकृष्णजी के ज्येष्ठ भ्राता हलधर भगवान श्री बलराम जी की जयंती एवं पावन पर्व हलछठ की आप सभी को हार्दिक बधाई। ओपी राजभर.



ये है 'भारतीय जनता पार्टीकालीन विकास'। सुना तो ये था कि दरारों को कालीनों से ढका जाता है, लेकिन यहां तो गंगा एक्सप्रेस वे के भ्रष्टाचार के गड्ढे ढके जा रहे हैं। अखिलेश यादव



अब यूपी का किसान केवल अन्न उत्पादक तक सीमित न रहकर क्वालिटी, ट्रेसेबिलिटी और एक्सपोर्ट स्टैंडर्ड से जुड़ी आधुनिक एग्री इकोनॉमी का भागीदार भी बनेगा। सीएम योगी.



# भोग प्रधान संस्कृति

अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# इसे जस्ट फॉर चेंज समझिए

व्यंग्यलोक

बड़े दिनों से मन कर रहा था कि आदमियों से अलग होकर कुछ दिन किसी अच्छे से कुत्ते के साथ जी लिया जाए। इसे ऑफ जस्ट फॉर चेंज ही समझिए। इसी चेंज के लिए कहां-कहां सस्ते और अच्छे और सस्ते कुत्ते के लिए नहीं भटका? जिसने भी जहां बताया कि उसकी कुतिया ने बच्चे जने हैं, वहां वहां नंगे पांव दौड़ पड़ा। पर वहां जाकर देखा तो कहीं वे मन को पंसद नहीं आए तो कहीं जेब को पसंद नहीं आए। तब पता चला कि आजकल आदमियों के बच्चों से महंगे कुत्तों के बच्चे हो चले हैं। तय मानिए, जो अच्छा होता है वह सस्ता नहीं होता, और जो सस्ता होता है वह अच्छा नहीं होता। गलती से कोई अच्छा सस्ते में दे रहा हो तो वह बात जुदा है। ऐसे में वह या तो देशी पर इम्पोर्टिड का ठप्पा लगाकर उल्लू बना रहा है या फिर नंबर दो का माल दे रहा है पर मैं इस समाज के उस वर्ग से संबंध रखता हूं जो हर समय सस्ते और अच्छे की ताक में रहता है। मेरे जैसा बंदा सस्ती और अच्छी सब्जी के चक्कर में दो किलोमीटर बाजार तक मजे से घूम लेता है भीड़ में धक्का मुक्की करता हुआ और बाद में सड़ा सब्जी को ही ताजा मान अच्छे रेट में उसे खरीद घर आता है। सच पूछो तो यहां वोट के सिवाय कुछ भी सस्ता और अच्छा नहीं।



राम विलास जॉगिड़

इसी सस्ते और अच्छे के पाटों में पिसते सस्ते और अच्छे कुत्ते की ताक में अमेजन, फ्लिपकार्ट से लेकर हर धोखाधड़ी वाली साइट पर बहुत विचरण किया, पर मुझे सस्ता और अच्छा कुत्ता कहीं नहीं मिला। अरे बाजार को यह क्या हो गया? कहीं भी सस्ता और अच्छा कुत्ता नहीं। शर्ट देखो तो बाय वन एंड गेट फ्री फाइव! पतलून देखो तो बाय वन एंड गेट टेन फ्री। वे कुत्ता मर्मज्ञ हैं। कुत्तों की नस्लों और उनके स्वभाव के बारे में उन्हें अजब का ज्ञान है। वे कुत्तों के सिवाय किसी और में कतई भी दिलचस्पी नहीं रखते। वे किसी भी ऑफिस के गेट पर खड़े हों वहां के कुत्तों के पैरों के निशान देखकर ही मजे से बता सकते हैं कि वहां किस किस किस्म के कुत्ते हैं। वे सड़क से गुजरते हुए सड़क में कुत्तों के पंजों को देखकर सौ प्रतिशत सही बता सकते हैं कि अभी अभी जो यहां से गुजरा है वह किस किस्म का कुत्ता था। मैंने आदमियों से तंग आकर उन्हें सस्ता और अच्छा कुत्ता खरीदने की अपनी इच्छा जताई तो उनकी मुझमें दिलचस्पी जगी। ह्यगुड! कुत्ते के साथ रहना चाहते हो? सही सोच रहे हो। बंधु! कुत्ते के साथ रहने में जो आनंद है, वह समझदार से समझदार आदमी के साथ रहने में भी नहीं।

## विचार

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

–चाणक्य.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

# गिल एंड कंपनी के लिए डब्ल्यूटीसी का सीन जटिल



खेल जगत

आखिरी बार ऐसा कब देखने को मिला था, जब किसी बैटर ने टेस्ट श्रृंखला में अधिकार के साथ भारतीय स्पिनर्स को बेअसर किया था? थकन व क्रैम्प से परेशान होने के बावजूद 25-वर्षीय सोनल दिनुशा ने स्टाइल के साथ विश्व मंच पर अपने आगमन की घोषणा की, 264 गेंदें खेलकर 133 नाबाद रन बनाये और श्रीलंका के पिछलग्गू बैटर्स के साथ मिलकर एसएससी में खेल गये दूसरे टेस्ट में यादगार ड्रा की पटकथा लिखी। इस मैच में यह उनका दूसरा व श्रृंखला में तीसरा शतक था। कोलम्बो में उन्होंने पहली पारी में 101 रन बनाये थे, जबकि गाल टेस्ट में उनका स्कोर 100 व 84 था। वह छठे नंबर या उससे नीचे आकर दोनों पारियों में शतक लगाने वाले श्रीलंका के टी दिलशान (162 व 143 विरुद्ध बांग्लादेश, चट्टोग्राम, 2008-09), ऑस्ट्रेलिया के एलन बॉर्डर (150 नाबाद व 153, विरुद्ध पाकिस्तान, लाहौर, 1979-80), और श्रीलंका के मेंडिस (102 व 164 विरुद्ध बांग्लादेश, सिलहट, 2023-24) के बाद मात्र चौथे बैटर हैं।

कोलम्बो टेस्ट में सोनल की पारी व साहस की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है, लेकिन जीत की स्थिति को हाथ से निकालने और उसे ड्रा में बदलने के लिए भारत की कमजोर गेंदबाजी को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिसकी वजह से भारत का अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के फाइनल में पहुंचना अतिरिक्त कठिन हो गया है, बावजूद इसके कि उसने श्रीलंका के विरुद्ध यह श्रृंखला 1-0 से जीती। कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि भारत अब भी डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंच जायेगा। उनके अनुसार, 'मैं अब भी समझता हूं कि हमारे डब्लूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बहुत अच्छे चांस हैं। अगर हम न्यूजीलैण्ड में अच्छा खेलें और फिर घर पर ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीत लें, तो हम क्वालीफाई करने के लिए अच्छी पोजीशन में होंगे।' गौरतलब है कि भारत पहले 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में और फिर 2023 में रोहित शर्मा की कप्तानी में डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंचा, लेकिन दुर्भाग्य से वह दोनों बार क्रमशः न्यूजीलैण्ड व ऑस्ट्रेलिया से हार गया और गदा न उठा सका। 2025 डब्लूटीसी फाइनल दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता था। जब से गौतम गंभीर भारत के मुख्य कोच बने हैं तब से भारत डब्लूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया है। न्यूजीलैण्ड (3-0) व दक्षिण अफ्रीका (2-0) हमारे ही घर में आकर हमारा सूपड़ा साफ कर गये। लेकिन भारत के लिए डब्लूटीसी का सीन जटिल ही प्रतीत हो रहा है। कोलम्बो टेस्ट के ड्रा होने का अर्थ है कि भारत ने श्रीलंका दौरा 16 अंकों के साथ खत्म किया, जबकि उसे 24 अंक मिल सकते थे।

गिल के नेतृत्व में हमारी टीम वर्तमान में अंक तालिका में 5वें स्थान पर है, बांग्लादेश से पीछे जो चैथे स्थान पर है। भारत के फिलहाल 51.52 प्रतिशत पीसीटी (पॉइंट्स परसेंटेज, जिसका अर्थ है कि एक टीम ने कुल जितने पॉइंट्स के लिए खेला उसमें से उसे कितने प्रतिशत पॉइंट्स मिले) हैं। इस डब्लूटीसी चक्र में भारत को अभी 7 टेस्ट मैच और खेलने हैं, 2 न्यूजीलैण्ड में जाकर और 5 टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया आयेगी हमारे यहां खेलने। अगर भारत ये सातों टेस्ट मैच जीत लेता है तो वह 70.37 प्रतिशत पीसीटी पर पहुंच जायेगा, जो उसे आसानी से डब्लूटीसी फाइनल तक पहुंचा देंगे। छह जीत व एक हार का अर्थ होगा कि भारत लगभग 65 प्रतिशत पीसीटी पर अंत करेगा। अगर भारत न्यूजीलैण्ड से 0-2 से हार जाता है और ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से पराजित कर देता है तो उसके 59.26 प्रतिशत पीसीटी ही हो पायेंगे, जिसका अर्थ यह है कि उसे अन्य नतीजों पर निर्भर होना पड़ेगा। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया 80 प्रतिशत पीसीटी के साथ अंक तालिका में सबसे ऊपर है, उसके बाद 75 प्रतिशत पीसीटी के साथ दक्षिण अफ्रीका है और तीसरे स्थान पर न्यूजीलैण्ड है, जिसके 72.22 प्रतिशत पीसीटी हैं। भारत के लिए चिंता का विषय यह है कि श्रीलंका में सिर्फ.देवदत्त पडिक्क्ल (2 शतक), ध्रुव जुरेल (एक शतक व एक अर्द्धशतक), मानव सुथार (16 विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (7 विकेट) ही प्रभावी प्रदर्शन कर सके। अधिकतर शेष बैटर्स व गेंदबाजों ने निराश ही किया। मुहम्मद सिराज ने हालांकि 4 विकेट लिए, लेकिन वह थके हुए व बीमार प्रतीत हो रहे थे और अपनी फुल स्पीड की बजाय मध्यम गति की गेंदबाजी ही कर रहे थे।

**सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### दुनिया में बढ़ता तनाव

नाटो का लगातार हो रहा है विस्तार एक और शीतयुद्ध का खतरा पैदा कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला इसलिए किया था ताकि यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने से रोका जा सके। रूस का तर्क था कि अगर यूक्रेन नाटो का सदस्य बनता है, तो नाटो रूस की सीमा तक पहुंच जायेगा और यह रूस की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। जिस नाटो को रूस की सीमा से दूर रखने के लिए पुतिन ने यूक्रेन पर हमला किया। एक प्रगति शील देश को तबाह कर दिया। लाखों लोगों की जान ले ली। बड़ी संख्या में पलायन हुआ। मानवता को गहरा जख्म दिया। युद्ध से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई। उस काम को फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने चुटकियों में कर दिया। रूस की आये दिन परमाणु धमकियों और बात-बात पर दूसरे देशों पर हमला करने की पुतिन की फितरत को नेस्तनाबूत करने के लिए फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन अर्थात नाटो का सदस्य बनने का फैसला किया और एक साल के अंदर नाटो के सभी 30 सदस्य देशों ने आपसी संवाद के जरिए मतभेदों को हल कर फिनलैंड को नाटो में शामिल कर लिया। अब बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय पर 31 सदस्य देशों का झंडा फहरा रहा है और इसमें सबसे नया अर्थात 31वां सदस्य देश है फिनलैंड। फिनलैंड की करीब डेढ़ हजार किमी सीमा रूस से लगती है और इस तरह नाटो रूस की सीमा तक पहुंच गया है। अब अगर नाटो देश चाहें तो रूस के एकदम बॉर्डर पर अपने अत्याधुनिक तोप, आर्टिलरी, मिसाइल डिफेंस से लेकर न्यूक्लीयर स्ट्राइकर तक तैनात कर सकते हैं। कुल मिलाकर नाटो को रूस की सीमा तक आने से रोकने के लिए पुतिन यूक्रेन से लड़ते रहे और नाटो पुतिन की धमकियों को नजरअंदाज कर रूस की सीमा तक पहुंच गया।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संसाधनों का उपयोग

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इसमें हमे समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है ताकि प्रगति के लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला शवगृह में रखवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आजादपुरा वर्णी जैन इंटर कॉलेज के पीछे निवासी महेश झा पुत्र किशोरीलाल झा सोमवार 31 अगस्त की रात करीब 11 बजे अपनी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 एन 7806 से विरधा की ओर से ललितपुर आ रहे थे। इसी दौरान घटवार स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महेश झा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर जिला शवगृह में रखवाया। मृतक के चाचा मोहल्ला आजादपुरा निवासी फूलचन्द्र झा पुत्र दीनेप्रसाद झा की तहरीर पर थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 281 एवं 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## तमिलनाडु एक्सप्रेस में यात्री का बैग चोरी

ललितपुर। ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। नई दिल्ली से नागपुर जा रहे एक यात्री का पिटटू बैग तमिलनाडु एक्सप्रेस में सीट के नीचे से चोरी हो गया। बैग में जरूरी दस्तावेजों के साथ कपड़े और अन्य सामान रखा था। ललितपुर जीआरपी ने यात्री की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नागपुर निवासी आदित्य पुत्र गजानंद आडे छह अगस्त 2026 को नई दिल्ली से तमिलनाडु एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12622) से नागपुर के लिए रवाना हुए थे। वह ट्रेन के कोच एस-5 की बर्थ संख्या चार पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रात में खाना खाने के बाद उन्होंने अपना काले रंग का ब्रोगन कंपनी का पिटटू बैग सीट के नीचे रख दिया और सो गए। यात्री के मुताबिक, सुबह करीब चार बजे उनकी नींद खुली। उस समय ट्रेन ललितपुर स्टेशन के आसपास थी। उन्होंने सीट के नीचे देखा तो बैग गायब था। उन्होंने ट्रेन के कोच में बैग की काफी तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन बैग का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत जीआरपी से की। चोरी हुए बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार्जर, तीन जोड़े नए कपड़े, पावर बैंक, छतरी समेत अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 7,000 रुपये बताई गई है। यात्री की शिकायत के आधार पर जीआरपी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी पुलिस ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने यात्रियों से भी यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

## प्राइवेट शिक्षक का शव खेत में मिला

महोबा। जिले के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक प्राइवेट शिक्षक का रक्तरंजित शव खेत मे पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस उप अधीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि महेबा गांव निवासी ब्रज भूषण पांचाल (62) का शव उनके खेत मे पड़ा हुआ पाया गया। वह मंगलवार सुबह से लापता थे। आज सुबह अपने खेत की ओर जा रहे किसानों ने रास्ते मे एक शव पड़ा हुआ देख पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान ब्रज भूषण पांचाल के रूप मे की गयी। उन्होंने बताया कि जैतपुर (बेलताल) कस्बे के सिद्ध गोपाल इंटर कॉलेज के शिक्षक ब्रज भूषण की मौत कैसे हुई। यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। परिजनों द्वारा उसकी हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# आउटसोर्स कर्मियों के लिए बड़ी सौगात

## अब मिलेगा बढ़ा मानदेय और सामाजिक सुरक्षा का लाभ




ललितपुर। प्रदेश में लंबे समय से चली आ रही आउटसोर्स सेवा निगम के गठन की मांग को बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। लखनऊ स्थित लोकभवन से मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल, वेबसाइट और लोगो का अनावरण किया। इसके साथ ही आउटसोर्स कर्मियों के व्यापक कल्याण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू भी साइन किया गया। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे लाभ मिलने का दावा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम पारिश्रमिक, नियम संगत कटौतियों और अन्य सेवा शर्तों का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सेवा निगम का गठन किया गया है। निगम के माध्यम से कर्मचारियों को बढ़े हुए मानदेय के साथ ईपीएफ, ईएसआईसी और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पहले निजी एजेंसियों द्वारा नियुक्ति में अनियमितता, अवैध धन वसूली, वेतन में देरी और बिना सूचना सेवा समाप्त किए जाने जैसी शिकायतें सामने आती थीं। नई व्यवस्था से इन समस्याओं पर अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई एजेंसी आउटसोर्स कर्मचारियों का किसी भी स्तर पर शोषण करती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसी एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। निगम के माध्यम से आउटसोर्स कर्मियों और उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, मातृत्व अवकाश, 20 से 50 लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा, आकस्मिक सेवा तथा बच्चों के लिए शिक्षा सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। कर्मचारियों के पारिश्रमिक का भुगतान प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में किए जाने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा का पूरा लाभ तथा निर्धारित अंशदान सुनिश्चित किया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म और जेम के माध्यम से पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सरकारी आरक्षण नियमों के साथ महिलाओं और पूर्व सैनिकों के लिए लागू राज्य की आरक्षण नीति का भी पालन अनिवार्य होगा। नई एजेंसी नियुक्त होने अथवा वेंडर बदलने की स्थिति में वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी प्रभावित नहीं होगी।

# खंड क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं : किरन वर्मा



ललितपुर। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वाधान में जीजीआईसी में इंडिया हैरिटेज क्विज-2026 के सिटी राउंड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर भारतीय इतिहास, संस्कृति और स्थानीय विरासत से जुड़े सवालों का जवाब देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में लिखित एवं मौखिक चरण आयोजित किए गए। प्रतिभागियों से कुल 20 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 12 प्रश्न राष्ट्रीय इतिहास, पांच स्थानीय इतिहास और तीन प्रश्न इन्टैक से संबंधित रहे। लिखित चरण के बाद शीर्ष चार टीमों के बीच रोमांचक मौखिक राउंड कराया गया। प्रतियोगिता में एसडीपीएस इंटर कॉलेज के आर्यन मिश्रा और अक्षय मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की वैष्णवी यादव और आन्या खरे ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय के अंशी चैधरी और यशवीर सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को अब लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाली टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## 2 चचेरी बहनें लापता, पिता ने गैर समुदाय के 3 लोगों पर लगाया धर्मांतरण का आरोप, पुलिस से शुरू की जांच



टिकैतनगर, बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 16 और 24 साल की दो चचेरी बहनें मंगलवार शाम से लापता हैं। उनके पिता ने गांव के ही गैर समुदाय के 3 लोगों पर बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुये पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थना पत्र मे पिता ने बताया कि उनकी एक बेटी का विवाह हो चुका है। और वह इस समय मायके में रह रही थी। मंगलवार को वह अपनी भतीजी के साथ लापता हो गई। उन्होंने बताया कि जब घर में बेटी से संबंधित कागजात देखे तो आधार कार्ड में केयर ऑफ की जगह मोहम्मद शाकिब का नाम दर्ज मिला। इसके बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में सुखीपुर चैकी प्रभारी रविंद्र सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। थानाध्यक्ष टिकैतनगर मनोज कुमार ने भी फोन नहीं उठाया। रामसनेहीघाट क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि दो लड़कियां गायब हैं। एफआईआर दर्ज की गई है। कुछ लोगों ने धर्मांतरण का आरोप लगाया है। लड़कियों की तलाश जारी है। लड़कियां मिलते ही उनके बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े पारिश्रमिक की घोषणा व श्रमिक हितलाभ वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



बाराबंकी। नगर पालिका परिषद नवाबगंज सभागार मे आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े पारिश्रमिक की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषणा का लाइव प्रसारण एवं विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह व जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे श्रम विभाग द्वारा संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका हितलाभ योजना, निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन सहायता, हितलाभ सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाण पत्र वितरण तथा साथ ही उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो का अनावरण व आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े हुए पारिश्रमिक के संबंध में जानकारी दी गई। सहायक श्रम आयुक्त अमित प्रकाश सिंह ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बकरी चोर गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार



ललितपुर। बकरी-बकरों की चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 10 बकरी-बकरे तथा वारदात में प्रयुक्त एक निजी एम्बुलेंस बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस ने थाना महरौनी में पंजीकृत मु.अ.सं. 940/2026, धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कसाई मण्डी हाल सदनशाह नई तहसील के पीछे निवासी जुनैद पुत्र बबलू कुरैशी, कसाई मण्डी झांसी निवासी रिजवान पुत्र साकिर कुरैशी, महानगर झांसी के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम मुढ़ौरा निवासी आकाश पुत्र भगवानदास तथा कसाई मण्डी मस्जिद के पास निवासी जाहिद पुत्र जावेद कुरैशी उर्फ डैनी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक आजाद चैक नदीपुरा निवासी तौसीक रजा पुत्र मोहम्मद इरशाद ने 31 अगस्त 2026 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके बाड़े में बंधी बकरी-बकरों को चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आए चार वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कुल 10 बकरी-बकरे और घटना में इस्तेमाल की गई निजी एम्बुलेंस बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि उनका एक गिरोह है। वह अलग-अलग स्थानों पर घूमकर पहले जानवरों की रैकी करते थे और मौका मिलने पर उन्हें चोरी कर लेते थे।

# सम्पत्ति अंश निर्धारण न करने वाली लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की उठी मांग

बाराबंकी। भ्रष्टाचार के आरोपों से हमेशा घिरे रहने वाले लेखपालो के कारनामे एक बार फिर चर्चा में है। बिना अनुचित लाभ प्राप्त किये पीड़ित का अंश निर्धारण न करने के मामले में पीड़ित ने पुलिस महानिदेशक को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है। पीड़ित संतोष कुमार ने पुलिस महानिदेशक को भेजे गए लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि पीड़ित पेशे से अधिवक्ता है। और सिविल कोर्ट बाराबंकी में विधि व्यवसाय करता है। तहसील नवाबगंज की हल्का लेखपाल गादिया सुश्री गुंजन को जमीन के अंश निर्धारण हेतु रजिस्ट्री, खतौनी की फोटो प्रति और राजेन्द्र प्रसाद निवासी कंचनपुर मटियारी, जनपद लखनऊ का दिया था। बाबजूद लेखपाल ने समस्त कागज गायब कर दिये है। आरोप है कि अनुचित लाभ न पाने के कारण भूमि का अंश निर्धारण नहीं किया है। जबकि प्रदेश की योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि खतौनी में प्रत्येक सह खातेदार का अंश निश्चित रूप से निर्धारित हो। लेकिन उक्त लेखपाल द्वारा पीड़ित अधिवक्ता के साथ बदतमीजी की गई और ऐलानिया धमकी देते हुए यह कहा गया कि चाहे जो भी कर लो मैं अंश निर्धारण नहीं करूंगी। उक्त कृत्य से पीड़ित अपने को बेइज्जत महसूस कर रहा है। पीड़ित अधिवक्ता ने बिना अनुचित लाभ प्राप्त किए कार्य न करने वाली लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसकी चल अचल सम्पत्ति की जांच और आय से अधिक सम्पत्ति की जांच तथा उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सेवा नियमावली के तहत जनता के साथ किये गए दुर्व्यवहार की जांच कराते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की माँग की है।

## खेतों को निगल रही सरयू, कटान स्थल पर पहुंचे एसडीएम, दिए बचाव के निर्देश



टिकैतनगर, बाराबंकी। सरयू नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के बीच खेतासराय गांव में नदी का कटान तेज हो गया है। किसानो की अब तक करीब 30 बीघा कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कटान की जानकारी मिलने पर एसडीएम रामसनेहीघाट ब्रजेन्द्र उपाध्याय ने मौके पर पहुंच नदी किनारे की स्थिति का निरीक्षण किया। तथा राजस्व एवं संबंधित कर्मचारियों से कटान की स्थिति की जानकारी ली। एसडीएम ने राजस्व टीम को लगातार निगरानी रखने तथा किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। किसानों ने बताया कि खेती ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। जमीन नदी में समाने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है।

## कुर्सी पर मृत मिली महिला लूट की कोशिश में हत्या की आशंका

कानपुर। केशवपुरम के हसनपुर इलाके में 60 वर्षीय महिला अपने घर में मृत पाई गई। पुलिस को आशंका है कि यह घटना लूट के प्रयास के दौरान हुई। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एस एम कासिम आब्दी ने बताया कि उमा कुशवाहा मंगलवार को कुर्सी पर मृत पाई गईं, उनकी गर्दन के आसपास गहरे नीले रंग का निशान मिला, जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका है। घर का सामान भी बिखरा हुआ मिला। यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे सामने आई, जब एक किरायेदार सबमर्सिबल पंप चालू करने गई और उसने उमा को कुर्सी पर बैठे देखा और बार-बार आवाज देने पर भी कोई जवाब न मिलने पर उनके पति शिवमंगल कुशवाहा को सूचना दी। कुशवाहा की किताबों की दुकान है। सूचना मिलने पर शिवमंगल तुरंत घर पहुंचे और शुरुआत में उन्हें लगा कि उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ा है, बाद में उन्होंने अपनी पत्नी की गर्दन पर निशान और बिखरा हुआ सामान देखा, जिसके बाद परिवार को लूट का शक हुआ। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीमें रात करीब 11 बजे घर पहुंचीं। डीसीपी ने बताया कि जबरन घुसने या सेंधमारी के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है, इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और सर्विलांस टीमों के जरिए तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि हत्या लूट के बाद की गई या इसके पीछे कोई और मकसद था। गायब हुई नकदी या कीमती सामान के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। डीसीपी के अनुसार, उमा के बड़े बेटे अमरीश की अलमारी को निशाना बनाया गया था क्योंकि उसमें आभूषण रखे थे, जबकि उनके छोटे बेटे आशीष की अलमारी को हाथ तक नहीं लगाया गया था।

## सीएमएस की हत्या की साजिश के आरोप में दो स्वास्थ्यकर्मी गिरफ्तार

भदोही। जिले में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की हत्या की साजिश रचने के आरोप में दो संविदा स्वास्थ्यकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने बताया कि सीएमएस फूलचंद बिंद करीब एक महीने पहले भानिपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात हुए थे। एक सप्ताह पहले कहासुनी के बाद बिंद का संविदा कर्मियों अजीत कुमार (39) और श्याम सुंदर सिंह (51) के साथ विवाद हो गया था। सीएमओ ने कहा कि बिंद ने बाद में विभागीय शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद हुई जांच में दोनों कर्मियों के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए। पुलिस ने बताया कि बिंद ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि अजीत और श्याम ने उनकी हत्या की साजिश रची है और अपने आरोपों के समर्थन में कई ऑडियो क्लिप भी सौंपी हैं। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर भी प्रसारित एक क्लिप में दोनों को कथित तौर पर इस बारे में चर्चा करते हुए सुना जा सकता है कि जब बिंद स्वास्थ्य केंद्र से बाहर निकलें तो उन्हें सड़क हादसे में मरवा दिया जाए। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अजीत को ऊंज थाना क्षेत्र से और श्याम को ज्ञानपुर क्षेत्र से मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच कर रही है कि क्या इस कथित साजिश में कोई अन्य लोग भी शामिल थे। बिंद द्वारा सौंपी गई आवाज की रिकॉर्डिंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा और आरोपी व्यक्तियों के आवाज के नमूनों का उनसे मिलान किया जाएगा। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई और संबंधित धाराएं जोड़ी जाएंगी। सीएमओ ने बताया कि दोनों संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

## कानपुर बनेगा रक्षा उत्पादन का बड़ा केंद्र

कानपुर। उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के अगले चरण की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) और प्रदेश सरकार की साझेदारी में बुधवार को कानपुर रीजनल डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा उत्पादन के साथ कौशल विकास, अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और एमएसएमई को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# सड़क निर्माण की फाइल शासन की लापरवाही से अटकी : तनुज पुनिया

- सड़क दुर्घटनाएं व जाम की स्थिति पर कांग्रेस सांसद ने वर्तमान सरकार को घेरा



बाराबंकी। जिस प्रकार नेशनल हाईवे एवं राजमार्ग पर आये दिन दुर्घटनायें व जाम लगता है। उससे स्थितियां काफी दयनीय हो गई है। उक्त उद्गार वर्तमान सरकार के खिलाफ प्रतिक्रिया देते हुये कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कही। सांसद श्री पुनिया ने आगे कहा कि देवां चिनहट मार्ग से किसान पथ तक लगभग 830 मीटर बाईपास सड़क का निर्माण होना था। लेकिन शासन की लापरवाही से फाइल वहीं की वहीं अटकी हुई है। अगर चिनहट मार्ग से किसान पथ तक बाईपास सड़क का निर्माण समय से हो जाये तो तमाम प्रकार की समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। जिससे सड़क दुर्घटनायें कम होंगी और आवागमन में कोई भी बाधा उत्पन्न नही होगी। जहां तक मुझे ज्ञात है कि लोक निर्माण विभाग ने इसका स्टीमेट बनाकर राज्य सरकार को भी भेज दिया है। लेकिन वर्तमान सरकार सिर्फ और सिर्फ कागज पर विकास कर रही है। उन्होने आगे कहा कि चिनहट देवां मार्ग से वाया किसान पथ से बाराबंकी अयोध्या और सुल्तानपुर रोड की कनेक्टीविटी भी सुगम हो सकेगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्टूबर के महीने में दस दिवसीय देवाँ मेला के दौरान आवागमन की जटिल समस्यायें कई गुना बढ़ जाती है। साथ ही सावन के महीनों में राजमार्ग अयोध्या की ओर लोधेश्वर महादेव में हजारों कांवड़ियों का आवागमन होता है जिससे इस मार्ग पर काफी जाम लग जाता है। अगर इस मार्ग का निर्माण जल्द से जल्द शुरू नही हुआ तो कांग्रेस धरना व प्रदर्शन पर विवश होगा।

## युवक पर हमला करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

बहराइच। जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककराहा रेंज में तेंदुए के हमले में एक युवक के जान गंवाने की घटना 24 घंटे के भीतर वन विभाग ने बुधवार तड़के आदमखोर तेंदुए को पिंजरे में बंद कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अपूर्व दीक्षित ने बताया कि मंगलवार तड़के महबूबनगर गांव में 28 वर्षीय रामसिंह पर तेंदुए ने हमला किया था और उसे घर के बाहर से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों में ले गया था, जहां उसका शव मिला। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और तनाव को देखते हुए वनकर्मियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीएफओ के अनुसार, घटनास्थल और पीड़ित के आंगन में मिले पगमार्क के वैज्ञानिक विश्लेषण से हमलावर की पहचान एक वयस्क नर तेंदुए के रूप में हुई। इसके आधार पर मंगलवार शाम एक स्थान पर पिंजरा लगाया गया और बुधवार तड़के एक वयस्क नर तेंदुआ उसमें फंस गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तेंदुए और घटनास्थल पर मिले पगमार्क के वैज्ञानिक मिलान के बाद पुष्टि हुई कि यही तेंदुआ युवक पर हमला करने वाला था।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम ठगी का शिकार महिला को साइबर सेल ने करवाई रकम वापस




बाराबंकी। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाये के नाम पर साइबर ठगो का शिकार हुई महिला को साइबर सेल टीम ने संपूर्ण धनराशि वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर पीड़िता बबीता तिवारी पत्नी संदीप तिवारी निवासी कोतवाली नगर से 96,689 रुपए का फ्रॉड होने की आनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुये साइबर सेल टीम प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव राय, उ0नि0 इफलाख अहमद, आरक्षी सुधाकर भदौरिया, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, अंकुश चैधरी, पंकज सिंह, कपिल कुमार, म0का कल्पना सिंह ने साइबर तकनीकी का प्रयोग सम्पूर्ण धनराशि को वापस करवाया।

# विधिक काउंसलर और विधि विशेषज्ञ कोमल सिंह ने बसाया दंपति का घर

## मात्र दो परामर्श में बसा घर, उपस्थित अधिवक्ताओं ने की सराहना

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की



बाराबंकी। युवा अधिवक्ता के प्रयास और जिला विधिक प्राधिकरण सहायता केंद्र के काउंसलर के सहयोग से एक जोड़े ने फिर से राजी खुशी अपना घर बसाने का निर्णय लिया। मामला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़ा हुआ है। जहाँ एक पारिवारिक मामले में युवा महिला अधिवक्ता की सूझ बूझ और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के काउंसलर के प्रयास से आज एक दंपति ने पुनः घर बसाने का निर्णय लिया। मामला थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत ग्राम सूरतगंज निवासी से जुड़ा हुआ है। जहाँ सीनियर अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन की ओर से दाखिल किये गए वाद में पैरवी कर रही जूनियर कोमल सिंह के अथक प्रयास और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के काउंसलर अश्वनी कुमार वर्मा के सहयोग से 7 माह की गर्भवती महिला और उसके पति का आपसी सहमति और सलाह के पश्चात घर बस गया। पारिवारिक विवाद के चलते पति की बीमारी और मायके पक्ष के हस्तक्षेप से अलग थलग हुए दंपती का मात्र आज दूसरी बार परामर्श होने के बाद पुनः घर बस गया। जिसके बाद सभी ने युवा अधिवक्ता कोमल सिंह और काउंसलर श्री वर्मा की न केवल प्रशंसा की बल्कि उनको धन्यवाद भी ज्ञापित किया। आज विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जो देखने को मिला शायद ही इससे पूर्व कभी देखने को मिला होगा। यकीनन यदि विधिक सेवा प्राधिकरण में नियुक्त काउंसलर अपनी अहम भूमिका निभा ले तो रिश्ते टूटने से बच जाए। जबकि दोनों पक्षों की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी इस पूरे मामले और प्रकरण के निस्तारण को लेकर युवा अधिवक्ता और काउंसलर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डाक विभाग ने शुरू की एक राष्ट्रव्यापी पत्र लेखन प्रतियोगिता

बाराबंकी। भारत सरकार के जन कल्याण कारी विभाग के रूप में पहचान बना चुके डाक विभाग ने स्कूली बच्चों हेतु धरती माँ के नाम एक पत्र, प्रकृति की रक्षा का मेरा संकल्प विषय पर एक राष्ट्रव्यापी पत्र लेखन प्रतियोगिता आरंभ की है। उक्त जानकारी डाक अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ प्रजापति ने दी। प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुये डाक अधीक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता में पत्र अंग्रेजी, हिंदी, स्थानीय भाषा में चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश परिमंडल लखनऊ को संबोधित कर लिखा जा सकता है। जिसमें प्रतिभागी को ए-4 साइज पेपर श्रेणी में 1 हजार शब्दों तथा अंतदेर्शीय पत्र श्रेणी में 5 सौ शब्दों में अपने विचार व्यक्त करने होंगे। प्रतियोगिता केवल हस्तलिखित पत्र स्वीकार किये जायेगे। प्रतियोगिता की प्रथम श्रेणी 18 वर्ष तक की आयु वर्ग व द्वितीय श्रेणी 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग सम्मलित होगे। प्रतिभागी को आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान को रुपए 25 हजार, द्वितीय स्थान को रुपए 10 हजार व तृतीय स्थान को 5 हजार रुपए एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान को रुपए 50 हजार, द्वितीय स्थान को रुपए 25 हजार व तृतीय स्थान को 10 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गयी है।

# सेंसेक्स में 374 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। वैश्विक बाजारों में नरमी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की ऊंची कीमत के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 141 अंक के नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 373.93 अंक यानी 0.49 प्रतिशत टूटकर 76,570.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 808.56 अंक की गिरावट के साथ 76,135.72 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 141.35 अंक यानी 0.59 प्रतिशत फिसलकर 23,914.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाइटन बढ़त में रहे।

घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण विभिन्न परिसंपत्ति श्रेणियों में जोखिम से बचने का रुख देखने को मिला। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। वहीं मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट 0.51 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट वैश्विक स्तर पर व्यापक बिकवाली के अनुरूप है। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष फिर से बढ़ने से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को जल्द खोलने की उम्मीदों को झटका लगा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को और कमजोर किया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.40 प्रतिशत बढ़कर 95.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,143.38 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की थी। सेंसेक्स मंगलवार को 12.99 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,944.28 अंक पर और निफ्टी 24.60 अंक के नुकसान के साथ 24,055.80 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया दो पैसे की मामूली गिरावट के साथ 94.97 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये ने बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार किया और अंत में दो पैसे की मामूली गिरावट के साथ 94.97 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी पूंजी के प्रवाह से मिले समर्थन पर कमजोर घरेलू शेयर बाजार और मजबूत अमेरिकी डॉलर का असर भारी पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपये की गिरावट पर नजर रख रहा है, क्योंकि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत बढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल हो गई है और अमेरिका-ईरान तनाव फिर बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के बीच डॉलर सूचकांक 99.80 के आसपास बना हुआ है।

इसके अलावा, बाजार भागीदारों ने सितंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाने की संभावना जताई है। इससे अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ा है और डॉलर में व्यापक तेजी आई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.97 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.83 के ऊंचे और 94.99 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया यह 94.97 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की गिरावट है। अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला किए जाने से भू-राजनीतिक तनाव फिर बढ़ गया है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में और तेजी आई है। ऐसे में हमारा अनुमान है कि रुपया थोड़ी नकारात्मक धारणा के साथ कारोबार करेगा। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.70 से 95.25 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.82 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 373.93 अंक टूटकर 76,570.35 अंक पर जबकि निफ्टी 141.35 अंक की गिरावट के साथ 23,914.45 अंक पर बंद हुआ। अंतराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 0.44 प्रतिशत चढ़कर 95.07 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह तेजी होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच आई।

## संक्षेप

### टाटा ट्रस्ट्स ने 'वजूद रहे मौजूद' के जरिए डिमेंशिया की जांच पर जोर दिया

मुंबई। विश्व अल्जाइमर माह के मौके पर टाटा ट्रस्ट्स ने डिमेंशिया की ओर ध्यान खींचा है। यह स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी चुनौती है, जो भारत की बुजुर्ग आबादी को हमारे अंदाजे से पहले अपनी चपेट में ले सकती है। ट्रस्ट्स का अभियान 'वजूद रहे मौजूद' कहता है कि सिर्फ प्रभावित परिवारों को ही नहीं, बल्कि पूरे इकोसिस्टम के स्तर पर हमें जल्द कदम उठाने होंगे। भारत की बुजुर्ग आबादी तेजी से बढ़ रही है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में 60 साल और उससे ऊपर के लोगों की संख्या 34.7 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। यह आबादी करीब उतनी ही होगी, जितनी आज पूरे अमेरिका की है। इस बदलाव से भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था, परिवारों और देखभाल के ढांचे पर पड़ने वाली जिम्मेदारियां जड़ से बदल जाएंगी। ऐसे में बुढ़ापा और उससे जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियां, जिनमें डिमेंशिया भी शामिल है, शोध और कदम उठाने का फौरी क्षेत्र बन जाती हैं।

### झंडु बाम लेकर आया है अनडू विद झंडु

कानपुर। जनरेशन जेड की सभी पीढ़ियों के लिए झंडु बाम लेकर आया है एक नया समाधान अनडू विद झंडु। हमारे इस नए कैम्पेन में अनडू विद झंडु भारत के नं. 1 पेनरिलीफ बाम झंडु बाम ने जनरेशन जेड की नजरों से दर्द को समझने की कोशिश की है। स्क्रीन देखने के कारण सिरदर्द और गर्दन दर्द, डूमस्क्रॉलिंग से थकान और रोज की परेशानियों को पीड़ा के रूप में दर्शाया गया है जिसे कि आज के युवा उपभोक्ता तुरंत पहचान लेते हैं। इस कैम्पेन का केंद्र है पीडाईलेंड एक काल्पनिक दुनिया जहां पर आज के युवा आधुनिक जीवन के दर्द और परेशानियों से जूझते दिखेंगे। झंडु बाम ने जिस तरह पॉपुलर कल्चर को अपनाया है, वैसा बस कुछ एक ब्रांड्स ही कर पाए हैं।

### निर्माण उपकरण उद्योग ने ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह का खाका खींचा

नई दिल्ली। भारतीय निर्माण उपकरण निर्माता संघ ने आज नई दिल्ली में अपना वार्षिक सत्र 2026 आयोजित किया। इस बार सत्र का विषय था, भारत को गढ़ने वाली मशीनें, ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के केंद्र में निर्माण उपकरण (मशींस दैट बिल्ड इंडिया, सीई एट द हार्ट ऑफ ट्रिलियन-डॉलर इकोनॉमी)। सत्र में सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि, नीति-निमार्ता और उद्योग जगत के दिग्गज एक साथ आए। चर्चा इस बात पर हुई कि भारत के बुनियादी ढांचे के विस्तार, मैन्युफैक्चरिंग की प्रतिस्पर्धी क्षमता और विकसित भारत 2047 की ओर देश के सफर को गति देने में निर्माण उपकरण यानी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (सीई) उद्योग की क्या भूमिका है।

### टाटा प्ले बिंज शॉट्स ने क्लिप के साथ अपनी माइक्रो-ड्रामा पेशकशों का विस्तार किया

नई दिल्ली। टाटा प्ले बिंज शॉट्स पर क्लिप भी उपलब्ध हो गया है। यह एक माइक्रो-ड्रामा नाटक मंच है, जिसकी शुरूआत विकी बहरी और निमार्ता-अभिनेता हरमन बवेजा ने की है। क्लिप पर लगभग 60 नाटक और 3,000 से अधिक धारावाहिक मौजूद हैं, जो खासकर हिंदी में 6,000 मिनट से अधिक समय का मनोरंजन पेश करते हैं। क्लिप ने शॉट्स पर उपलब्ध माइक्रो-ड्रामा नाटकों का विस्तार किया है, जिससे दर्शकों को एक ही मंच पर और ज्यादा कहानियाँ एवं शैलियाँ उपलब्ध होंगी। टाटा प्ले बिंज के दर्शक क्लिप पर प्रेम, नाटक, सनसनीखेज, रहस्य, हास्य और काल्पनिक शैलियों में मनोरंजन प्राप्त करेंगे। क्लिप के साथ टाटा प्ले बिंज शॉट्स के माइक्रो-ड्रामा नाटक संग्रह का विस्तार हुआ है, जिसमें स्टेज, पॉकेट फिल्म्स, बुलेट, भक्तिफ्लिक्स और वर्टिगो टीवी शामिल हैं।

### हाईब इंडिया ऑडिशन फाइनल कॉल के साथ लौटा

नई दिल्ली। हाईब इंडिया ने आज हाईब इंडिया ऑडिशनः फाइनल कॉल का ऐलान किया है। ऑडिशन के पहले राउंड को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद अब कंपनी देशभर में अगली पीढ़ी के भारतीय टैलेंट की तलाश को और आगे बढ़ा रही है। हाईब इंडिया ऑडिशन को अब तक देशभर से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसमें भारत के 28 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों से लोगों ने आवेदन किया है। दुनियाभर में रहने वाले भारतीयों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इसे कुल 116 देशों के लगभग 1,650 से ज्यादा शहरों से आवेदन मिले हैं। यह दिखाता है कि कई युवा कलाकार इए के ग्लोबल आर्टिस्ट डेवलपमेंट सिस्टम का हिस्सा बनने और अपने टैलेंट को आगे ले जाने का मौका चाहते हैं। 'द फाइनल कॉल इस सोच के साथ शुरू किया गया है कि टैलेंट देश के किसी भी कोने में मिल सकता है।

# देश के ऊर्जा स्रोतों में बिजली की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत तक होगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरपर्सन घनश्याम प्रसाद ने बुधवार को कहा कि भारत 2047 तक ऊर्जा के कुल स्रोतों में बिजली की हिस्सेदारी मौजूदा के 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 45-50 प्रतिशत करेगा। ऊर्जा में जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोलियम आदि), परमाणु ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा समेत विभिन्न स्रोत शामिल होते हैं।

प्रसाद ने भारत इलेक्ट्रिसिटी 2026 कार्यक्रम में कहा कि देश ने पिछले वर्ष रिकॉर्ड 64,000 मेगावाट नई विद्युत उत्पादन क्षमता जोड़ी। इसमें अकेले नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 50,000 मेगावाट से अधिक रहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 70,000 मेगावाट तक नई क्षमता जोड़ने का लक्ष्य है। प्रसाद ने कहा कि 2035 तक भारत अपने 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को दोगुना करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा, 2035-36 तक 100 गीगावाट पंप युक्त जलविद्युत भंडारण क्षमता और 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य है। भारत की योजना महत्वाकांक्षी है। लेकिन सभी के लिए भरोसेमंद, सस्ती और स्वच्छ बिजली सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है। वर्तमान में भारत की कुल ऊर्जा खपत में बिजली की हिस्सेदारी केवल 22 प्रतिशत है।

# सोना 2100 रुपये और चांदी में भी गिरावट



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के कारण बुधवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार छठे सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,100 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,100 रुपये टूटकर लगभग तीन सप्ताह के निचले स्तर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

पिछले छह कारोबारी सत्रों में इस कीमती धातु की कीमत में 11,000 रुपये की गिरावट आई है। 25 अगस्त को इसकी कीमत 1,67,100 रुपये दर्ज की गई थी। सोना आखिरी बार 14 अगस्त को मौजूदा स्तर के आसपास देखा गया था, जब इसकी कीमत 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। बुधवार को कीमती धातुओं पर भारी बिकवाली का दबाव रहा और हाजिर सोना तीन सप्ताह से ज्यादा समय के निचले स्तर पर आ गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 5,000 रुपये टूटकर दो सप्ताह के निचले स्तर 2,35,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतें बढ़ी हैं और महंगाई तथा ब्याज दरें बढ़ने की आशंका पैदा हुई है, जिससे चांदी पर दबाव बढ़ा है। अंतराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 25.24 डॉलर या 0.58 प्रतिशत बढ़कर 4,303.12 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत टूटकर 63.64 डॉलर प्रति औंस रह गई। अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की आशंकाओं के बीच हाजिर सोने की कीमतें दबाव में हैं।

# जापान की जीसीआर ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर ए की

नयी दिल्ली। जापान की साख निर्धारण एजेंसी जेसीआर ने बुधवार को स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग एक पायदान बढ़ाकर 'ए-' कर दी। एजेंसी ने रेटिंग बढ़ाने के पीछे भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिति में सुधार को प्रमुख कारण बताया।

जेसीआर ने कहा कि 140 करोड़ से अधिक की आबादी और मौजूदा मूल्य पर 3.9 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वाली भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में छह प्रतिशत से अधिक की उच्च वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है। जापान की रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निजी खपत और सार्वजनिक निवेश के मजबूत समर्थन से भारतीय अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में करीब सात प्रतिशत की ऊंची वृद्धि दर बनाए हुए है। एजेंसी ने कहा कि भारत सरकार ने उत्पादकता वृद्धि और आर्थिक विकास के अनुकूल नीतियों को लगातार लागू किया है। इनमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करना शामिल है। इससे देश की आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत हुई है। जेसीआर ने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार का भी उल्लेख किया। इससे हाल के वर्षों में भारत की वित्तीय प्रणाली की मजबूती में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# सरकार ने जीडीपी अनुमान की नयी पद्धति का किया बचाव

नयी दिल्ली। सांख्यिकी मंत्रालय ने हाल में जारी आर्थिक वृद्धि के अनुमानों की पद्धति का बुधवार को बचाव करते हुए कहा कि पिछले साल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में संशोधन और विभिन्न मूल्य सूचकांकों में अंतर अद्यतन आंकड़ों तथा अनुमान लगाने की बेहतर तकनीकों को दर्शाते हैं, न कि यह मुख्य वृद्धि दर को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास है। यह स्पष्टीकरण सरकार द्वारा 2022-23 को आधार वर्ष बनाकर वार्षिक और तिमाही जीडीपी अनुमानों की नयी शृंखला जारी किए जाने के दो दिन बाद आया है। इसमें नया उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई), बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक और अतिरिक्त प्रशासनिक आंकड़े शामिल किए गए हैं।

मंत्रालय की तरफ से जारी सवाल-जवाब में विनिर्माण क्षेत्र में नकारात्मक अंतर्निहित मूल्य डिफ्लेटर, खनन में नाममात्र एवं वास्तविक वृद्धि के बीच बड़े फासले और उत्पादन एवं व्यय-आधारित अनुमानों के बीच सांख्यिकीय अंतर से जुड़े सवालों का जवाब दिया गया। संशोधित जीडीपी शृंखला के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था वास्तविक रूप से 7.8 प्रतिशत बढ़ी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए नकारात्मक अंतर्निहित सकल मूल्य वर्धन डिफ्लेटर का अर्थ यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि कारखाने से निकलने वाले उत्पादों की कीमतों में गिरावट आई है।

## बीजीएमआई के वाओ मैप्स वर्ल्ड ऑफ वंडर ने गेमर्स को गेम क्रिएटर बनाया

नई दिल्ली। बीजीएमआई अपने विकास की एक नई कहानी लिख रहा है- अब यह सिर्फ.लाखों लोगों द्वारा खेला जाने वाला गेम नहीं रह गया है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहाँ खिलाड़ी एक-दूसरे के लिए नए अनुभव रचते हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में है 'वर्ल्ड ऑफ वंडर' जो बीजीएमआई का इन-गेम क्रिएशन प्लेटफॉर्म है। यहाँ देश भर के गेमर्स अपने खुद के गेम बनाते हैं जिन्हें वाओ मैप्स कहा जाता है। इसमें उत्तर प्रदेश के क्रिएटर्स सबसे आगे हैं और पूरे भारत में गेमर्स खिलाड़ियों द्वारा 75 मिलियन से ज्यादा मैच खेले गए हैं। वर्ल्ड ऑफ वंडर, बीजीएमआई खेलने के अनुभव में एक बड़ा बदलाव लाता है। हम देख रहे हैं कि हमारी कम्युनिटी अब सिर्फ.गेम खेलने तक सीमित नहीं है, बल्कि क्रिएटर भी बन रही है। वे ऐसे अनुभव बना रहे हैं जिन्हें लाखों दूसरे गेमर्स सर्च कर सकते हैं और उनका मजा ले सकते हैं। उत्तर प्रदेश उन बाजारों में से एक है जहाँ यह बदलाव साफ तौर पर दिखता है।

## फेनेस्टा ने मौजूदगी को बनाया सशक्त

गाजियाबाद। फेनेस्टा ने गाजियाबाद में अपने नए शोरूम के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने तथा प्रीमियम फेनेस्ट्रेशन समाधानों को उपभोक्ताओं के करीब लाने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। उत्तर प्रदेश रिहायशी एवं कमर्शियल विकास के चलते तेजी से विकसित हो रहा है, साथ ही यहां प्रीमियम एवं आधुनिक डिजाइन के बिल्डिंग समाधानों की मांग भी बढ़ रही है। टेरा फॉर्म क्राफ्ट सॉल्युशन्स के साथ साझेदारी में गाजियाबाद में नए शोरूम का लॉन्च, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रीय बाजारों में हमारी मौजूदगी के विस्तार और क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए हमारे आधुनिक फेनेस्ट्रेशन प्रोडक्ट्स को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयासों को दर्शाता है।

# टाटा मोटर्स ने अगस्त में बेचे 67753 वाहन

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने अगस्त, 2026 के महीने में बिक्री के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए नया रिकॉर्ड बना दिया है। अगस्त, 2026 में टाटा मोटर्स की घरेलू पैसेंजर व्हीकल बिक्री 65,253 यूनिट्स पर पहुंच गई। पिछले साल अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 41,001 यूनिट्स का था। इस दौरान सालाना आधार पर बिक्री में 59.15 पर्सेंट की बढ़ोतरी देखी गई। जबकि जुलाई, 2026 की तुलना में भी बिक्री में 4.22 पर्सेंट का उछाल दर्ज किया गया। वहीं, एक्सपोर्ट को मिला दें तो टाटा की कुल बिक्री बढ़कर 67,753 यूनिट्स पर पहुंच गई है।

यह पिछले साल के मुकाबले 56.42 पर्सेंट ज्यादा है। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट की बात करें तो अगस्त महीने में टाटा ने अब तक का सबसे बड़ा धमाका किया है। डोमेस्टिक और ग्लोबल मार्केट मिलाकर टाटा की कुल ईवी सेल्स 16,549 यूनिट्स तक पहुंच गई। जबकि पिछले साल यानी अगस्त में यह आंकड़ा सिर्फ 8,540 यूनिट्स था। यानी ईवी बिक्री में सीधे 93.78 पर्सेंट की भारी-भरकम बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

भारत के ईवी मार्केट में अब अकेले टाटा की हिस्सेदारी बढ़कर 43.74 पर्सेंट हो गई है।

## टोयोटा ने की अगस्त 2026 में 32842 यूनिट्स की बिक्री दर्ज

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अगस्त 2026 के लिए अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा की, जिसमें कुल 32,842 यूनिट्स की बिक्री हुई। इस मासिक कुल बिक्री में घरेलू भारतीय बाजार में बेची गई 28,410 गाड़ियां और निर्यात के लिए भेजी गई 4,432 यूनिट्स शामिल हैं। वर्ष 2026 (जनवरी से अगस्त) के लिए, टीकेएम ने 2,66,696 इकाइयों की संचयी बिक्री दर्ज की, जो 2025 की इसी अवधि में दर्ज की गई 2,41,733 इकाइयों की तुलना में 10% की वृद्धि दर्शाती है। आठ महीने की अवधि के लिए घरेलू बिक्री कुल 2,44,592 इकाइयाँ रही, जो पिछले वर्ष बेची गई 2,19,992 इकाइयों की तुलना में 11% की वृद्धि दर्शाती है। निर्यात की मात्रा 22,104 इकाइयों तक पहुंच गई, जो 2025 में निर्यात की गई 21,741 इकाइयों की तुलना में 2% की वृद्धि दर्शाती है। कार्यकारी उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा कि कंपनी ग्राहक-केंद्रित नवाचारों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और आगामी त्योहारी सीजन से पहले बाजार के अवसरों के बारे में आशावादी है।

## पेज एक का शेष

### पाकिस्तान ने

तरह से किया जा सके। भारत द्वारा संधि को स्थगित करने के बाद, पाकिस्तान ने मार्च 2026 में हेग स्थित परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन का रुख किया था और संधि की स्थिति पर फैसला करने का अनुरोध किया था। हालांकि भारत ने सोमवार को ट्रिब्यूनल के फैसले को खारिज कर दिया है। यह विवाद बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भी उठा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन देशों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा जो आतंकवाद का इस्तेमाल राज्य की नीति के हथियार के तौर पर करते हैं। पीएम मोदी ने कहा हम केवल कार्रवाई-प्रतिक्रिया के नजरिए तक सीमित नहीं रह सकते। उन्होंने आतंकवादी इकोसिस्टम को खत्म करने की बात कही, जिसमें फंडिंग नेटवर्क, भर्ती के तरीके और सुरक्षित ठिकाने शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में बोलते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पानी को इस क्षेत्र की 'जीवन रेखा' बताया और कहा कि इसका कभी भी हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

### राम जन्मभूमि

गिरि को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी। समिति के सचिव समीर पंडा ने बताया कि समिति ने नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन की विशेषज्ञता, ईमानदारी और अन्य मानकों के अनुरूप आकलन करने के बाद तीन बहुत योज्ञ पेशेवरों की सिफारिश की थी। सूत्रों के मुताबिक नवनियुक्त सीईओ मिश्रा को ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका के लिए सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। छह दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना में शामिल हुए फाइटर पायलट मिश्रा ने 30 अप्रैल 2026 को रिटायर होने से पहले 39 साल से अधिक समय तक सेवा की।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (पुणे), एयर फोर्स टेस्ट पायलट्स स्कूल (बेंगलुरु), अमेरिका में एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और ब्रिटेन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज के छात्र रहे मिश्रा एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और पायलट हैं, जिन्हें तीन हजार घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। मिश्रा ने अपने करियर के दौरान एक फाइटर स्क्वाड्रन और दो फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली तथा चीफ टेस्ट पायलट तथा बाद में एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम्स टेस्टिंग एस्टेब्लिशमेंट (एएसटीई) के कमांडेंट के तौर पर काम किया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले मिश्रा ने वायु सेवा मुख्यालय में कई वरिष्ठ पदों पर भी काम किया। एक जनवरी 2025 को पश्चिमी वायु सेवा कमान का कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशन्स) के उप प्रमुख के तौर पर काम किया। अपने इस सफर के दौरान मिश्रा को अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

### स्वाइन फ्लू

होम क्वारंटीन, मास्क और संक्रमण से बचाव के अन्य उपायों की जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने को कहा। अस्पतालों में इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण वाले मरीजों के लिए अलग काउंटर बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों पर अनावश्यक दबाव न बढ़े और गंभीर मरीजों को समय से उपचार मिल सके, इसके लिए मरीजों की स्थिति के अनुसार रेफरल की व्यवस्था की जाए। गंभीर लक्षण वाले मरीजों को ही अस्पताल भेजने के साथ ऐसे मरीजों के लिए समुचित उपचार और आईसीयू की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेषज्ञों ने बताया कि सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, अत्यधिक सुस्ती, रक्तचाप कम होना, खून मिला बलगम अथवा नाखूनों का नीला पड़ना गंभीर स्थिति के संकेत हो सकते हैं। बच्चों में लगातार तेज बुखार, भोजन लेने में असमर्थता, झटके आना, तेज सांस चलना या सांस लेने में कठिनाई तथा पहले से मौजूद बीमारी की स्थिति बिगड़ना भी गंभीर संकेत हैं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में ओसेल्टामिविर कैप्सूल और सिरप तथा एच1एन1 वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता है। निदेशक एसजीपीजीआई डॉ. आरके धीमन, कुलपति केजीएमयू डॉ. सोनिया नित्यानंद और राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने मुख्यमंत्री को अपने-अपने संस्थानों में उपलब्ध उपचार, टेस्टिंग और दवाओं की उपलब्धता के संबंध में अवगत कराया। बैठक में बताया गया कि चिकित्सा महाविद्यालयों में फ्लू ओपीडी और आइसोलेशन बेड की व्यवस्था है तथा जांच के लिए पर्याप्त आरटीपीसीआर किट उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रमण की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाया जाए। क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी सरल, सही और तथ्यपरक जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि अनावश्यक पैनिक की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एच1एन1 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी जिले में मामलों में बढ़ोतरी दिखाई देने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीमारी की समय पर पहचान, जरूरतमंद मरीज को त्वरित उपचार, पर्याप्त चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता और लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना संक्रमण से निपटने की प्रभावी रणनीति है।

### आउटसोर्स कर्मियों

मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यूपी की साढ़े 9 वर्ष में विकास यात्रा का श्रेय नगर निकाय कर्मियों, पंप ऑपरेटरों, सचिवालयों, चिकित्सालयों व शासन व्यवस्था से जुड़े स्थायी, संविदा व आउटसोर्स कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह शासन की जिम्मेदारी है कि हर व्यक्ति को गरिमा के अनुरूप सम्मान प्राप्त हो। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के जरिए हमारी सरकार का प्रयास इसी गरिमा व गौरव को स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की व्यवस्था तीन खेमों में बंटी थी। एक तरफ कार्मिक, दूसरी तरफ एजेंसी और तीसरी तरफ सरकारी विभाग होता था। कर्मचारी समस्या लेकर अलग-अलग दरवाजों पर जाता था, लेकिन सुनवाई नहीं होती थी। वेतन की चिंता, सामाजिक व सेवा संबंधी सुरक्षा की गारंटी भी नहीं थी। तब इन कर्मियों का प्रश्न होता था कि आखिर मेरी पीड़ा कौन सुनेगा, मेरे परिवार की चिंता कौन करेगा। हमारा मानना है कि सरकार व कर्मचारी का रिश्ता केवल वेतन और कार्य का नहीं हो सकता, वह विश्वास और जिम्मेदारी का होता है। कर्मचारी का जीवन कागजों व कार्यालयों के चक्कर में न बीते। उसे महसूस होना चाहिए कि उसके बेहतर काम का रिकॉर्ड और अधिकारों को सुरक्षित रखा जा रहा है। वह अकेला नहीं, उसकी समस्या को सुनने का भी तंत्र है। समय से वेतन, भविष्य निधि, बीमा अधिकार, मेहनत के अनुरूप मानदेय हर कार्मिक का अधिकार है और सरकार ने यही सुनिश्चित किया है। सीएम ने कहा कि जब कर्मचारियों से मानदेय पूछते थे तो कोई 8 हजार, कोई 11 हजार बताता था। जो 9 हजार बताते थे, उन्हें भी 6 हजार ही मिलता था। हमारा मानना है कि सामाजिक भेदभाव दूर करने के लिए आर्थिक भेदभाव भी दूर किया जाना चाहिए। व्यक्ति को मेहनत का उचित मानदेय मिलना ही श्रम का सम्मान है। उसे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, बल्कि घटना-दुर्घटना पर बीमा कवर भी मिलना चाहिए। हमारी सरकार ने संवेदनशीलता को सुशासन की पहली शर्त मानते हुए आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया। इसके माध्यम से हर कार्मिक को संस्थागत सुरक्षित भविष्य प्राप्त होगा।

### यूपी में

इस सीजन में एक्टिव केसों की संख्या 37 हैं। जनपद में डेंगू का कोई नया रोगी नहीं पाया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार, तेज बुखार के साथ सीने में दर्द, बेहोशी, रक्तचाप कम होना, सांस फूलना, नाखूनों का नीला पड़ना या बलगम में खून आने जैसे गंभीर लक्षण दिखाई देने पर मरीज को गंभीर श्रेणी में रखते हुए रियल टाइम आरटी-पीसीआर जांच कराई जानी चाहिए। वहीं, बुखार, जुकाम, गले में खराश, खांसी या फ्लू जैसे सामान्य लक्षण होने पर मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लेने और आवश्यक उपचार कराने की सलाह दी गई है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी 75 जिलों में निगरानी तेज कर दी है। गौतमबुद्ध नगर में पिछले 48 घंटे में 19 नए मरीज सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 209 बताई गई है। स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों की छुट्टियां भी स्थगित कर दी गई हैं। वाराणसी में चार पुष्ट मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ाई है। प्रयागराज में भी एक महिला में संक्रमित पाए जाने के बाद अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी जिलों की समीक्षा और तैयारियों की जानकारी ली।

### लखनऊ : आईटी

ढह गयी, जिससे लगभग 25 फुट लंबा और 10 फुट गहरा गड्ढा हो गया और सड़क का बमुश्किल दो फीट हिस्सा बचा रह गया।

### ज्ञान के

विकसित हो। शिक्षा तभी अधिक प्रभावी होगी, जब उसका संबंध विद्यार्थी के दैनिक जीवन और भविष्य के करियर से भी जुड़ेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हर बच्चे की अपनी अलग पहचान और प्रतिभा होती है। कोई विद्यार्थी चिकित्सा या इंजीनियरिंग में रुचि रख सकता है, तो किसी की दिलचस्पी विज्ञान, प्रशासन, साहित्य, कृषि अथवा किसी अन्य क्षेत्र में हो सकती है इसलिए शिक्षकों को बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को समझकर उन्हें उचित मार्गदर्शन देना चाहिए। किसी एक ढर्रे में सभी विद्यार्थियों को ढालने के बजाय उनकी व्यक्तिगत क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग ने बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को भी बदल दिया है। छोटी उम्र में ही विद्यार्थी इंटरनेट और विभिन्न तकनीकी माध्यमों का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस क्षमता को सकारात्मक दिशा देने के लिए घर और स्कूल दोनों स्तरों पर उचित मार्गदर्शन जरूरी है। बच्चों के सवालों को गंभीरता से सुनना और उनकी जिज्ञासा को सीखने का माध्यम बनाना शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकता है। मुख्यमंत्री ने मान्यता प्राप्त संस्थानों को नई जिम्मेदारी के लिए तैयार रहने को कहा।

### यूपी में नजूल

विभिन्न प्रावधानों पर सदस्यों के सुझावों और संभावित संशोधनों पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नजूल संपत्तियों से संबंधित सभी तथ्य जुटाकर व्यवस्थित रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि विधेयक को लेकर आगे की कार्रवाई ठोस और पारदर्शी आधार पर की जा सके। बैठक में नजूल संपत्तियों से जुड़े विभिन्न कानूनी और मानवीय पहलुओं पर सदस्यों ने अपनी राय रखी। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा कि ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए, जिससे वर्षों से वैध रूप से रह रहे नागरिकों, पट्टेदारों तथा गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही विधेयक की विभिन्न धाराओं में संशोधन का सुझाव रखा। प्रवर समिति की बैठक में न्यायालयों में लंबित मामलों, पुराने पट्टेदारों के अधिकार, बेदखली, मुआवजा और पुनर्वास जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### प्रदेश में

क्लोरीन पैकेट और 7 हजार से अधिक ओआरएस पैकेट बांटे गए। पशुओं के लिए 310 क्विंटल भूसा भी वितरित किया गया। बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए वाराणसी में तकनीक को राहत एवं बचाव रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। 3-डी अर्बन स्पेशियल डिजिटल ट्विन और जीआईएस तकनीक की मदद से संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का पहले ही आकलन किया जा रहा है।




# टेस्ट क्रिकेट मेरे खून में रचा-बसा है : तिलक



बेंगलुरु। प्रत्येक युवा खिलाड़ी की तरह भारत की टी20 टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा का सपना भी टेस्ट क्रिकेट में खेलना है और उनका मानना है कि खेल का सबसे लंबा प्रारूप उनके खून में रचा बसा है। तिलक ने दक्षिण क्षेत्र की तरफ से उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में 116 और नाबाद 51 रन बनाकर लाल गेंद की क्रिकेट (लंबी अवधि का प्रारूप) में फिर से अपनी काबिलियत साबित की। उनके इस शानदार प्रदर्शन से दक्षिण क्षेत्र फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। तिलक ने अपनी टीम की जीत के बाद कहा, मुझे शुरू से ही लाल गेंद से क्रिकेट खेलना पसंद रहा है। मैंने कभी भारत के लिए सीमित ओवरों की क्रिकेट खेलने का सपना नहीं देखा था, लेकिन ईश्वर की यही इच्छा थी। मैंने भारत के लिए टी20 और वनडे में पदार्पण किया है, लेकिन लाल गेंद की क्रिकेट मेरा मजबूत पक्ष रहा है। तिलक पिछले तीन वर्षों में 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और पांच वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि इसके बावजूद वह लगातार लाल गेंद से अभ्यास करते रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने कड़ी मेहनत की है। शायद जब मैं 10 साल का था तब से मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अब मैं 23 साल का हूं। मुझे आईपीएल की वजह से सफेद गेंद वाले प्रारूप में चुना गया। लेकिन उससे पहले मैंने लाल गेंद की क्रिकेट में काफी अनुभव हासिल कर लिया था। तिलक ने कहा, लंबी अवधि का प्रारूप मेरा मजबूत पक्ष रहा है और मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। यह कुछ ऐसा है जो हमेशा से मेरे खून में रहा है। तिलक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैचों में व्यस्त होने के कारण वह घरेलू क्रिकेट में पर्याप्त मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

उन्होंने कहा, अभी मैं देश के लिए टी20 और वनडे मैचों में खेल रहा हूं, लेकिन मुझे लाल गेंद से क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यस्त होने के कारण मेरे पास घरेलू स्तर पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने का बहुत ज्यादा समय नहीं है। मैं पिछले तीन-चार वर्षों से रणजी ट्रॉफी में खेलने का प्रयास कर रहा था। तिलक ने कहा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मैचों के व्यस्त कार्यक्रम की वजह से मुझे समय नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मैं जितना संभव हो सके उतना लाल गेंद की क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि मैं उसमें रन बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में भी जगह बनाना चाहता हूं।

# सीओई से चोटिल खिलाड़ियों की वापसी की समयसीमा मांग सकते हैं अगरकर और गंभीर



नयी दिल्ली। बीसीसीआई की बृहस्पतिवार को मुंबई में होने वाली समीक्षा बैठक में न्यूजीलैंड के सभी प्रारूपों वाले महत्वपूर्ण दौरे से पहले प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों के प्रबंधन और अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की व्यापक रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर शामिल होंगे। उम्मीद है कि जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान टीम के खराब प्रदर्शन पर भी विस्तार से चर्चा होगी। हालांकि, यह भी समझा जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया समेत अन्य अधिकारी भविष्य की ओर देखना चाहते हैं। वहीं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड दौरा अक्टूबर-नवंबर में होगा।

भारतीय क्रिकेट की ताजा घटनाओं पर नजर रखने वालों के मुताबिक, अगरकर और गंभीर बेंगलुरु स्थित सीओई में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) कर रहे केंद्रीय अनुबंध वाले और योजना के केंद्र में शामिल खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर कुछ बेहद स्पष्ट सवाल पूछ सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, श्रीलंका टेस्ट से पहले चयन समिति के प्रमुख को अनौपचारिक रूप से बताया गया था कि जसप्रीत बुमराह अगर दो नहीं तो कम से कम एक टेस्ट खेलने के लिए फिट होंगे। बल्कि उन्होंने बुमराह की अनुपस्थिति को लेकर सीओई को अधिक स्पष्टता मांगते हुए ईमेल भी लिखा था। सूत्र ने कहा, दूसरे टेस्ट में उनकी (बुमराह की) अनुपस्थिति महसूस हुई, जहां सपाट पिच पर मोहम्मद सिराज काफी खराब लय में नजर आए। यही स्थिति हार्दिक पंड्या की भी है जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और अगले वनडे विश्व कप के लिहाज से उनका महत्वपूर्ण होना तय है।

हालांकि किसी भी खिलाड़ी की वापसी की निश्चित तारीख तय करना मुश्किल होता है क्योंकि हर खिलाड़ी का शरीर अलग होता है और चोटों की प्रकृति भी अलग-अलग होती है। लेकिन कई दफा सीओई की खेल विज्ञान टीम खिलाड़ियों की वापसी के लिए अनुमानित समयसीमा तक देने में असफल रही है। अगरकर और गंभीर के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि



कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ी कब तक उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि बड़े दौरों और आईसीसी के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए रणनीतिक योजना इसी पर निर्भर करती है। मिसाल के तौर पर हार्दिक पंड्या ने अपना बेस बेंगलुरु में बना लिया है।

उन्होंने वहां किराए पर घर लिया है और निकट भविष्य में वहीं ट्रेनिंग करने की योजना है। हालांकि टीम प्रबंधन और चयन समिति इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि जब तक सीओई उन्हें 10 ओवर गेंदबाजी करने के लिए फिट घोषित नहीं करता, तब तक उन्हें 50 ओवर के क्रिकेट के लिए नहीं चुना जाएगा। पंड्या एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा नहीं हैं इसलिए वह अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने की दौड़ में कभी शामिल नहीं थे। तेज गेंदबाज आकाश दीप भी कई महीनों से सीओई में हैं और उन्होंने कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले न्यूजीलैंड ए के खिलाफ उनकी उपलब्धता को लेकर भी सवाल हैं।

नयी दिल्ली में 13 सितंबर से शुरू होने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए चुनी गई टीम पर नजर डालें तो चयन समिति ने फिटनेस के आधार पर चार चोटिल खिलाड़ियों जसप्रीत बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर, नीतिश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा को टीम में शामिल किया है। चारों खिलाड़ी रिटर्न टू प्ले प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं।

## संक्षेप

### टेनिस : गेल मोनफिल्स ने जन्मदिन पर जीते मैच

न्यूयॉर्क। गेल मोनफिल्स ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करके यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई और इस तरह से अपने 40वें जन्मदिन को यादगार बना दिया। मोनफिल्स ने एडोल्फो डेनियल वैलेजो को 2-6, 6-1, 6-2, 6-0 से हराया। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले जिमी कॉनर्स ने यह उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने दो सितंबर 1992 को 40 वर्ष की आयु में जैमे ओन्सिंस को हराया था। मोनफिल्स ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों से कहा, यह वाकई बहुत खास था। अपने 40वें जन्मदिन पर खेलना खास है। आप लोगों ने इसे अविश्वसनीय बना दिया। मोनफिल्स इस साल के बाद संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाना चाहते हैं।

### अनाहत व रामित टंडन लंदन स्क्वाश क्लासिक में आगे बढ़े

लंदन। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत सिंह ने मिस्र की मरियम मेटवाली को सीधे गेम में हराकर 144,000 अमेरिकी डॉलर इनामी लंदन स्क्वाश क्लासिक के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 11-3, 11-2 से जीत हासिल की। इस साल जुलाई में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं 18 वर्षीय अनाहत पिछले दो सत्र से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 2025 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। पुरुष वर्ग के पहले दौर में विश्व के 42वें नंबर के खिलाड़ी रामित टंडन ने कतर के अब्दुल्ला अल-तमीमी को 11-6, 11-7 से हराया। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज वीर चोटरानी को हालांकि स्विट्जरलैंड के यानिक विल्हेल्मी से 9-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत करेगा शुरूआती महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 की मेजबानी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 में होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी श्रीलंका से छीनकर बुधवार को इसे भारत में आयोजित करने को फैसला किया। छह टीम का यह टूर्नामेंट 14 से 28 फरवरी 2027 तक मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। श्रीलंका में क्रिकेट से जुड़े प्रशासनिक विवादों के कारण उससे मेजबानी वापस ले ली गई। आईसीसी बोर्ड ने बुधवार को भारत को नया मेजबान चुना। आईसीसी ने बयान में कहा, यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था, लेकिन अब इसे भारत में आयोजित किया जाएगा क्योंकि श्रीलंका क्रिकेट आईसीसी की जुलाई में हुई वार्षिक बैठक में बताए गए जरूरी सुधारों को अभी पूरा कर रहा है। बयान में कहा गया, आईसीसी ने नए मेजबान के लिए बांग्लादेश, भारत और दक्षिण अफ्रीका के नाम पर विचार किया। तय नियमों और मानकों के आधार पर आईसीसी ने भारत को श्रीलंका की जगह नया मेजबान बनाने की सिफारिश की। आईसीसी बोर्ड ने दो सितंबर को इस फैसले को मंजूरी दे दी।

# दक्षिण क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के फाइनल में

## दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे सत्र के आखिर में तीन विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की

एजेंसी

बेंगलुरु। कप्तान तिलक वर्मा के नाबाद अर्धशतक से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे और अंतिम दिन बुधवार को यहां उत्तर क्षेत्र पर सात विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। उत्तर क्षेत्र के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण क्षेत्र ने तिलक (नाबाद 51) और रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 32) ने बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की अटूट साझेदारी से जीत हासिल की। दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे सत्र के आखिर में तीन विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। अब छह सितंबर से चेन्नई में होने वाले खिताबी मुकाबले में उसका सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। पहली पारी में नाबाद 116 रन बनाकर दक्षिण क्षेत्र को 117 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले तिलक उस समय क्रीज पर आए, जब उनकी टीम 102 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी।

भारत की अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उपकप्तान बनाए गए बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक ने एक बार फिर शानदार संयम और तकनीक का परिचय देते हुए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ और बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक की अगुआई वाले उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना किया। बराड़ ने लगातार तेज और शरीर को निशाना बनाती गेंदों से तिलक की परीक्षा ली जबकि मुश्ताक ने पिच से मिल रहे असमान उछाल का फायदा उठाकर उनके फुटवर्क को चुनौती दी। तिलक ने इन चुनौतियों का शानदार अंदाज में सामना किया और ऑफ साइड में कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। लय हासिल करने के बाद उन्होंने मुश्ताक के खिलाफ रिवर्स स्वीप और पैडल स्वीप खेलकर दक्षिण क्षेत्र को लक्ष्य के और करीब पहुंचाया। दूसरे छोर पर स्मरण ने उनका बखूबी



साथ निभाया। उन्होंने तेजी से स्ट्राइक रोटेट की और मौका मिलने पर खूबसूरत शॉट लगाए। निशांत सिंधु की गेंद पर बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज का करारा ऑफ ड्राइव दर्शनीय था।

तिलक और स्मरण की आत्मविश्वास से भरी पारियों की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने नारायण जगदीशन (43), रिकी भुई (42) और शैक रशीद के जल्दी आउट होने के बावजूद लक्ष्य हासिल कर लिया। जगदीशन और भुई ने पहले विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की थी। मैच के चारों दिन बल्लेबाजी करने वाले तिलक ने आखिरकार कामचलाऊ लेग स्पिनर कमरान इकबाल की गेंद को कवर के ऊपर से चौके के लिए भेजकर दक्षिण क्षेत्र की जीत पर मुहर लगाई। इससे पहले उत्तर क्षेत्र ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में सात विकेट पर 256 रन से की। इस समय उसे 139 रन की बढ़त हासिल थी।

अंशुल कंबोज ने 29 गेंद में 36 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम की बढ़त को 180 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पिच के टूटने और गेंद के असमान उछाल के कारण दक्षिण क्षेत्र के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नजर आ रहा था लेकिन उत्तर क्षेत्र के लचर क्षेत्ररक्षण ने भी दक्षिण को मुश्किल स्थिति से निकलने में बड़ी मदद की। अंत में तिलक और स्मरण ने जिम्मेदारी संभाली और दक्षिण क्षेत्र को जीत दिलाकर फाइनल में पहुंचाया।

### गिल व बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नीचे खिसके, पडिक्कल आगे बढ़े

दुबई। भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान और जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसक गए, जबकि देवदत्त पडिक्कल 54वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। श्रीलंका दौरे पर तीन पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाने वाले गिल दो स्थान नीचे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सातवें स्थान पर शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। यशस्वी जायसवाल की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह भारतीय सलामी बल्लेबाज 11वें स्थान पर है। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में दो शतक की मदद से 328 रन बनाने वाले पडिक्कल पांच पायदान ऊपर 54वें स्थान पर पहुंच गए। दिग्गज तेज गेंदबाज बुमराह ने हालांकि टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान गंवा दिया है। अब वह ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और न्यूजीलैंड के मैट हेनरी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह घुटने में चोट के कारण श्रीलंका दौरे पर नहीं जा पाए थे। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर है। भारत के खिलाफ कोलंबो टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 29 पायदान ऊपर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# ध्रुव सितवाला ने पैन एम कप बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

नयी दिल्ली। भारत के ध्रुव सितवाला को कनाडा के विन्निपेग में आयोजित पैन एम कप बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट से 972-1500 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मौजूदा एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियन सितवाला ने फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी, लेकिन वह अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सके। फाइनल के शुरुआती चरण में सितवाला 450 अंकों की बढ़त पर थे, लेकिन धीरे-धीरे यह बढ़त उनके हाथ से निकल गई। सितवाला ने कुछ साल पहले न्यूजीलैंड ओपन के फाइनल में गिलक्रिस्ट को हराया था। लेकिन हाल के समय में उन्हें गिलक्रिस्ट के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है।




गिलक्रिस्ट ने लगातार तेजी से तीन डबल-सेंचुरी ब्रेक लगाए और बढ़त हासिल कर ली। सितवाला को भी कुछ मौके मिले, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सके। गिलक्रिस्ट के 214 अंक के नाबाद ब्रेक ने उन्हें मुकाबला जीतने में मदद की।

### खेल मंत्रालय ने 2024 के लिए तेनजिंग नॉर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों की घोषणा की

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि पर्वतारोही बलजीत कौर को 2024 के तेनजिंग नॉर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार के लिए चुना गया है जो एक ही सत्र में 8,000 मीटर से ऊंचे पांच पर्वत चढ़ने वाली पहली भारतीय हैं। ये पुरस्कार साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में व्यक्तियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करते हैं। इनका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संयम, जोखिम उठाने की क्षमता, टीमवर्क और तुरंत एवं प्रभावी निर्णय लेने की भावना को बढ़ावा देना है। बलजीत ने यह उपलब्धि 2022 में हासिल की थी। इसके एक साल बाद 30 साल की इस पर्वतारोही ने दुनिया की 10वीं सबसे ऊंची चोटी अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ाई कर फिर सुर्खियां बटोरी थीं। चोटी पर पहुंचने के बाद वह लापता हो गई थीं और 19 घंटे बाद उन्हें बचाया गया था। हिमाचल प्रदेश की पर्वतारोही बलजीत को भूमि पर साहसिक गतिविधि श्रेणी में स्कालजांग रिगजिन के साथ चुना गया है। रिगजिन बिना अतिरिक्त ऑक्सीजन और शेरपा की सहायता के एवरेस्ट पर्वत पर चढ़ने वाले पहले भारतीय हैं। चौवालिस वर्षीय रिगजिन के अभियान रिकॉर्ड में माउंट ल्होत्से (8,516 मीटर) और माउंट अन्नपूर्णा (8,091 मीटर) की चढ़ाई भी शामिल है।

# ब्राजील और उरुग्वे के खिलाफ खेलना भारतीय फुटबॉल के लिए टर्निंग प्वाइंट होगा : कोच जमील

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच खालिद जमील का मानना है कि पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील और दो बार के विजेता उरुग्वे के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर खेलना सपना सच होने जैसा है और यह भारतीय फुटबॉल के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित होगा। जमील का मानना है कि इन मैच से भारत को अगले साल होने वाले एशिया कप क्वालीफायर की तैयारी में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यह भारतीय फुटबॉल के लिए टर्निंग प्वाइंट होगा। हम पहली बार ब्राजील के खिलाफ खेलेंगे। हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। हमें सिर्फ एक ही बात पर ध्यान देना चाहिए कि भारत को आगे बढ़ना ही होगा। जमील ने कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य 2027 में एशिया कप के लिए क्वालीफाई करना है। उससे पहले हमारा सामना मजबूत टीमों से होगा। यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत इन मैचों से नया इतिहास रचेगा। अगर कोई नकारात्मक बातें करता है, तो उसे चुप रहना चाहिए। हमें प्रशंसकों के समर्थन की जरूरत है। मुझे लगता है कि अगर दर्शक भारत का शत प्रतिशत समर्थन करेंगे तो खिलाड़ी प्रेरित होंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# ज्वेरेव की जीत, रायबाकिना व गॉफ भी दूसरे दौर में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को यहां यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए पहले दौर के मैच में संघर्षपूर्ण जीत हासिल की जबकि एलेना रायबाकिना और कोको गॉफ सीधे सेटों में जीत हासिल करके आगे बढ़ने में सफल रही।

फ्रेंच ओपन चैंपियन ज्वेरेव ने गैर वरीयता प्राप्त लोरेंजो सोनेगो के उलटफेर के प्रयास से बचते हुए चार घंटे 52 मिनट तक चले इस रोमांचक मैच में 6-4, 3-6, 6-7(7), 7-5, 6-4 से जीत हासिल की। ज्वेरेव ने दूसरा और तीसरा सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और इटली के 89वें नंबर के खिलाड़ी सोनेगो की उम्मीदों पर



पानी फेर दिया। यह ज्वेरेव की सोनेगो के खिलाफ लगातार सातवीं जीत है। सोनेगो अपने 10वें यूएस ओपन में कभी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, मुझे खुशी है कि मैं इस तरह का मुकाबला जीतने में सफल रहा। मुझे इसी तरह के मैच की जरूरत थी क्योंकि पिछले दो टूर्नामेंट में मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कई बार संघर्ष करने के बाद आपको अनुकूल परिणाम मिलता है और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में मैं आगे भी अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने कैलिफोर्निया की रहने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी थिया फ्रोडिन को 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त गॉफ ने भी जेनिप सोनमेज को 6-3, 6-4 से पराजित करके दूसरे दौर में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया एंड्रीवा ने इंडोनेशिया की खिलाड़ी जेनिस जेन को 6-2, 6-2 से पराजित किया जबकि 17वीं वरीय एलेक्स माइला ने मैरी एस्तोइयाना को 6-1, 6-2 से हराया। महिला एकल में 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच उलटफेर का शिकार हो गई।

# सीएफआई सदस्य भैरवी जोशी साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित

नयी दिल्ली। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) की विकास समिति की सदस्य डॉ. भैरवी जोशी को देश में इस खेल को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व साइकिल दिवस के संस्थापक लेज़ेक सिबिलस्की के उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें हाल ही में यहां विशेष ब्रिक्स संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदान किया। इस सम्मान की शुरुआत पोलैंड की राष्ट्रीय साइकिलिंग टीम के पूर्व सदस्य, समाजशास्त्री और साइकिलिंग के समर्थक लेज़ेक सिबिलस्की ने की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2018 में सर्वसम्मति से तीन जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इसके बाद दुनिया भर में साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए काम करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत की गई। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पेशे से दंत चिकित्सक जोशी ने गुजरात के वलसाड की साइकिल मेयर बनने से पहले लगभग दो दशक दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बिताए। इसके बाद उन्होंने शहर में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, स्थानीय संगठनों और सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम किया।

# चीन मास्टर्स : श्रीकांत और तन्वी जीते

एजेंसी

शेनझेन। लक्ष्य सेन बुधवार को चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में लचर प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए जबकि किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में

**लक्ष्य पहले दौर में बाहर**

प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने लगातार गलतियां की और विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी कनाडा के विक्टर लाई से 38 मिनट में 14-21 7-21 से हार गए। लाई ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता था। यह लक्ष्य की कनाडाई खिलाड़ी के हाथों तीसरी हार थी। उन्होंने



लाई के खिलाफ एकमात्र जीत इसी साल मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में हासिल की थी। भारत के अनुभवी खिलाड़ी श्रीकांत ने हालांकि पुरुष एकल के एक अन्य मैच में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में लाई से भिड़ेंगे। पिछले महीने ताइपे ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाली तन्वी ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-16, 21-17 से हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

पंजाब की 17 वर्षीय तन्वी ने पिछले साल गुवाहाटी में जूनियर विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अगले दौर में उनका सामना जापान की टोमोका मियाजाकी से होगा। विश्व चैंपियनशिप के दो बार के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी जुनैदी आरिफ और कांग खाई शिंग की मलेशिया की जोड़ी को 21-11, 21-16 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

# एशिया कप : हांगकांग के खिलाफ बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना चाहेगा भारत

एजेंसी

दुबई। अपनी पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद बल्लेबाजी भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है और वह महिला टी20 एशिया कप में पाकिस्तान से भिड़ने से पहले हांगकांग के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में इस विभाग की कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगा। वनडे प्रारूप में चार और टी20 प्रारूप में तीन एशिया कप खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाज थाईलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत ने इस मैच में अच्छी शुरुआत की थी और 10 ओवर के बाद उसका स्कोर दो विकेट पर 101 था और लग रहा था कि टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहेगी लेकिन 29 रन के अंदर सात विकेट गंवाने से वह 159 रन ही बना पाई।



इससे हालांकि मैच के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारत ने थाईलैंड को 94 रन से आसानी से हरा दिया। इस मैच में बड़ी जीत के बावजूद भारतीय टीम प्रबंधन सहज नहीं हो सकता क्योंकि किसी बड़ी टीम के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन महंगा पड़ सकता है। भारत को हांगकांग के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और इसलिए वह इस मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारत के लिए पहले मैच में शेफाली वर्मा ने 64 रन की तूफानी पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं दीप्ति शर्मा ने भी अपनी काबिलियत साबित करते हुए बिना कोई रन दिए तीन विकेट लिए। इससे वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बन गईं। लेकिन स्मृति मंधाना और चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स की जगह टीम में शामिल की गई प्रतिका रावल को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अपने फॉर्म और सबसे छोटे प्रारूप में अपने भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगी।

# फरक्का संधि पर उपयुक्त निर्णय लेंगे : जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि फरक्का (गंगा) जल संधि के संदर्भ में केंद्र सरकार बिहार की पेयजल और औद्योगिक जल जरूरतों सहित अन्य चिंताओं से अवगत है और उन्हें ध्यान में रखते हुए वह उपयुक्त निर्णय लेगी।

जयशंकर ने जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा को लिखे पत्र में यह टिप्पणी की। झा ने बीते मानसून सत्र के दौरान छह अगस्त को राज्यसभा में फरक्का जल संधि का विशेष उल्लेख करते हुए सरकार से आग्रह किया था कि फरक्का (गंगा) जल संधि के नवीनीकरण के दौरान बिहार के जल हितों की रक्षा की जाए। विदेश मंत्री ने 28 अगस्त की तिथि वाले पत्र में कहा कि सरकार गंगा जल संधि से संबंधित झा की चिंताओं को पूरी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय के नेतृत्व में विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के साथ अंतर-मंत्रालयी चर्चाएं हुईं, ताकि संधि के कार्यान्वयन और उसके भविष्य पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया जा सके। जयशंकर ने कहा, बिहार सरकार के एक अधिकृत प्रतिनिधि ने 22 अगस्त 2023, 30 अक्टूबर 2023, 15 मार्च 2024 और 31 मई 2024 को आयोजित इन चर्चाओं में हिस्सा लिया था। उनका कहना था कि इन बैठकों के दौरान बिहार के पेयजल और औद्योगिक जल की आवश्यकताओं समेत हितधारकों के विचारों और जरूरतों पर विधिवत विचार किया गया। विदेश मंत्री ने कहा, सरकार इन कारकों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त निर्णय लेगी। जयशंकर ने अपने पत्र में उम्मीद जताई कि उपरोक्त जानकारी से झा की चिंताओं का पर्याप्त समाधान हो गया होगा। झा ने जयशंकर के पत्र को एक्स पर साझा करते हुए सकारात्मक उत्तर के लिए विदेश मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधि ने उनके (झा) जल संसाधन मंत्री रहने के दौरान 22 अगस्त 2023 और 30 अक्टूबर 2023 को तथा बाद में 15 मार्च 2024 और 31 मई 2024 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित चर्चाओं में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में बिहार की पेयजल, कृषि और औद्योगिक जल जरूरतों पर विधिवत विचार किया गया था। झा ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा बिहार के हितों को ध्यान में रखकर ही निर्णय लिए जाने के स्पष्ट आश्वासन के लिए हम सभी बिहारवासी ह्रदय से आभारी हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे से संबंधित फरक्का संधि 1996 में 30 वर्ष की अवधि के लिए हुई थी, जिसकी अवधि दिसंबर, 2026 में समाप्त हो रही है। बिहार का तर्क है कि फरक्का बैराज की वजह से गंगा नदी में भारी मात्रा में गाद जमा हो गई है, जिससे नदी का तल ऊंचा हो गया है। इससे मानसून के दौरान राज्य में गंभीर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ जाता है। बैराज के प्रभाव से गर्मियों के महीनों में जल स्तर पर विपरीत असर पड़ता है, जिससे राज्य के कई इलाकों में पानी की कमी का सामना करना पड़ता है।

## उच्च-प्रौद्योगिकी कंपनियों को बीआईएस प्रमाणन से छूट देने के लिए नया नियम लायेगी सरकारः गोयल



नयी दिल्ली। सरकार भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने वाली उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों को उपकरणों और कलपुर्जों के लिए अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन से छूट देने के लिए नया नियम लाने जा रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गोयल ने कहा कि हाल में जापान की यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कंपनियों ने उनके सामने बीआईएस प्रमाणन हासिल करने में आने वाली दिक्कतों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एसीएमए के एक कार्यक्रम में कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र की एक कंपनी को एक चिप के विनिर्माण के लिए करीब 13,501 कलपुर्जों की जरूरत होती है। जापानी कंपनियों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में कलपुर्जों के लिए बीआईएस मंजूरी हासिल करना एक बड़ी चुनौती है। गोयल ने कहा कि यदि कोई कंपनी उच्च गुणवत्ता वाला सेमीकंडक्टर बना रही है, तो वह अपने लिए खरीदी जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता का भी ध्यान रखेगी। इसलिए सरकार नया नियम ला रही है, जिसमें ऐसे उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कंपनियों को बीआईएस की अनिवार्यताओं से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को दुनिया में कहीं से भी अपनी जरूरत के उपकरण और कलपुर्जे खरीदने की अनुमति होगी। सरकार का उद्देश्य भारत में विनिर्माण गतिविधियां शुरू करने वाली उच्च-प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए उपकरण, वस्तुओं और सेवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा मेक इन इंडिया पहल को समर्थन देना है।

# नेपाल को दृढ़ संकल्प के साथ त्रासदी का सामना करना होगाः पीएम बालेंद्र



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने बुधवार को प्रतिनिधि सभा को भोटेकोशी नदी में आई भयावह बाढ़ से हुई तबाही के बारे में जानकारी दी और कहा कि इस संकट से निपटने के लिए दृढ़ संकल्प और साहस की जरूरत है।

नेपाल-तिब्बत सीमा के पास चट्टानों के खिसकने या हिमस्खलन के कारण अचानक आई बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, जिसमें ।,100 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 4,800 से ज्यादा लोग लापता हैं। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने कहा, संकट की इस घड़ी में हमने यह सच्चाई स्वीकार कर ली है कि देश के नेतृत्व को हिम्मत, समर्थन और भरोसा देना चाहिए, न कि आंसू। उन्होंने कहा कि इस आपदा ने न केवल तीन जिलों - रसुवा, नुवाकोट और धादिंग - को तबाह किया है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक आघात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास दृढ़ संकल्प और साहस के साथ लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और हम लड़ रहे हैं। बचाव और राहत कार्यों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत कार्य चलाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया है जबकि स्थानीय अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पीड़ितों के परिवारों के लिए आर्थिक मदद को मंजूरी दी है और प्रभावित इलाकों को तीन महीने के लिए संकटग्रस्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों का मुफ्त इलाज कर रही है और बाढ़ से बेघर हुए लोगों के लिए खाने-पीने और रहने की व्यवस्था कर रही है।

# बैंकों ने विदेशों में रहने वाले भारतीयों से 127.23 अरब डॉलर की जमा राशि जुटायी : आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष डॉलर-रुपया विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत भारत ने 127.23 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा राशि जुटाई है। प्रवासी भारतीयों ने इस योजना के प्रति रुचि दिखाई जिससे योजना को समय से एक महीने पहले 31 अगस्त को बंद कर दिया गया।

आरबीआई ने एफसीएनआर (बी) जमा, विदेशों से विदेशी मुद्रा में कर्ज और बाह्य वाणिज्यिक कर्ज के लिए यह विशेष डॉलर-रुपया अदला-बदली सुविधा आठ जून, 2026 को शुरू की थी। आरबीआई ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच देश की बाह्य क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा नकदी बनाए रखने के प्रयासों के तहत इन उपायों की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, इन उपायों से देश में विदेशी मुद्रा का प्रवाह तेजी से बढ़ा और 31 अगस्त तक कुल 136.377 अरब डॉलर का प्रवाह हुआ। आरबीआई ने कहा कि केवल विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमा से 127.226 अरब डॉलर (अस्थायी) से अधिक का प्रवाह हुआ। इससे पता चलता है कि इस योजना को प्रवासी भारतीयों ने हाथों-हाथ लिया। एफसीएनआर (बी) योजना के तहत बैंकों ने विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए आकर्षक ब्याज दरों की पेशकश की थी। अच्छी प्रतिक्रिया के चलते आरबीआई ने एफसीएनआर (बी) सुविधा को 30 सितंबर के बजाय 31 अगस्त, 2026 को ही बंद कर दिया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि योजना ने निर्धारित समय से पहले ही अपना उद्देश्य हासिल कर लिया। एफसीएनआर (बी) जमा विदेशी मुद्रा में रखी जाने वाली सावधि जमा होती हैं। इसमें मूलधन और ब्याज, दोनों का भुगतान उसी विदेशी मुद्रा में किया जाता है जिसमें जमा राशि रखी गई होती है। विदेशों से विदेशी मुद्रा में उधारी से 5.26 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी से 3.891 अरब डॉलर का प्रवाह हुआ। इससे कुल प्रवाह 136.377 अरब डॉलर से अधिक रहा। बाह्य वाणिज्यिक उधारी और विदेशों से विदेशी मुद्रा में कर्ज के लिए अदला-बदली योजना पहले की तरह 31 दिसंबर, 2026 तक खुली रहेगी।

# पंजाब सरकार ने कहा, उसके कर्मचारियों का वेतन केंद्र के कर्मचारियों से अधिक

नयी दिल्ली। पंजाब सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) देने के संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करते हुए कहा कई महत्वपूर्ण श्रेणी में उसके कर्मचारियों का कुल वेतन पहले से ही केंद्र सरकार के कर्मचारियों के मुकाबले आधिक है।

राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि डीए का आकलन केंद्र द्वारा तय प्रतिशत से करने के बजाय कुल वेतन पैकेज के आधार पर किया जाना चाहिए। याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा डीए और महंगाई राहत (डीआर) पर तीन अगस्त को दिए गए फैसले को चुनौती दी गई है। अदालत ने फैसले में कहा था कि राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के हाथ में आने वाले वेतन में समानता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सीमा तक डीए बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। सरकार ने कहा कि उसके नियम राज्य कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए तय दर पर डीए देने को अनिवार्य नहीं बनाते हैं। पंजाब सरकार के अनुसार, पंजाब सिविल सर्विसेज (संशोधित वेतन) नियम, 2021 में डीए के लिए कोई विशेष सूचकांक, फॉर्मूला, दर या अवधि निर्धारित नहीं है और यह मामला राज्य सरकार के विवेक पर छोड़ा गया है।

सरकार ने राज्य कर्मचारियों के डीए का निर्धारण करने के लिए अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को तुलना का आधार बनाने के उच्च न्यायालय के फैसले पर भी आपत्ति जताई है। पंजाब सरकार ने राज्य को अनुत्पादक खर्च करने से रोकने संबंधी उच्च न्यायालय के निर्देश को भी चुनौती दी है। उसका कहना है कि अदालत के समक्ष इस तरह के किसी खर्च का दावा या उसके समर्थन में कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया था। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय से अपील की है कि वह उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करे और डीए तय करने के साथ-साथ बकाया राशि के भुगतान के तरीके तथा समय के निर्धारण संबंध में उसका अधिकार उसे वापस दे।

## मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में बस दुर्घटना में 22 की मौत

मिस्र। मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में बुधवार को एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मिस्र और जॉर्डन के नागरिकों सहित कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। दोनों देशों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसे में 28 अन्य लोग घायल हुए हैं। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना दक्षिण सिनाई प्रांत में दहाब और नुवैबा के पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़क पर हुई। मंत्रालय ने कहा कि मृतकों और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाने के लिए घटनास्थल पर 20 एम्बुलेंस तैनात की गईं। मंत्रालय ने पीड़ितों की नागरिकता के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हताहतों में जॉर्डन के नागरिक भी शामिल हैं। हालांकि उसने सटीक संख्या नहीं बताई। जॉर्डन की राजधानी अम्मान स्थित सार्वजनिक प्रसारक अल-ममलका ने बताया कि दुर्घटना में जॉर्डन के 10 लोगों की मौत हुई है।

## स्थानीयकरण पर ध्यान दे वाहन उद्योग

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को वाहन उद्योग से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन एवं स्थानीयकरण पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश में इलेक्ट्रिक परिवहन की सफलता का आकलन केवल बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या से नहीं किया जा सकता। भारी उद्योग और इस्पात मंत्री ने वाहन एवं वाहन कलपुर्जा उद्योग से अधिक स्वच्छ, दक्ष और उभरती प्रौद्योगिकियों में अधिक मजबूती से निवेश करने का आह्वान किया। लक्ष्य केवल भारत में विनिर्माण करना नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भारत में उत्पाद तैयार करना होना चाहिए।









आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com